आज का मौसम
29.0⁰ अधिकतम तापमान
17.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.22
सूर्यास्त 06.21

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी उपरांत 09:16 द्वादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 15 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 109, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये





■ सेबी चेयरमैन की सलाह अनिश्चित माहौल में धैर्य बनाए रखें निवेशक
- 10



■ 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुई कॉमर्शियल एलपीजी की बिक्री
- 10



■ भाजपा की सरकार बनने पर दो वर्ष में पंजाब को करेंगे नशामुक्त : अमित शाह
- 11




■ आईपीएल में महेंद्र सिंह धोनी का हो सकता है यह अंतिम सत्र
- 12




न्यूज ब्रीफ

### चोरी की बैटरी समेत युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान पुलिस ने ट्रक की चोरी गई बैटरी समेत एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोर का चालान कर दिया। कलान थाना क्षेत्र के मोहल्ला रामलीला ग्राउंड निवासी प्रदीप कुमार ने 09 अक्टूबर 25 को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उनका ट्रक घर के बाहर से चोरी हो गया था। पुलिस ने ट्रक चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने अलीगढ़ से अकबराबाद के निकट पुल के नीचे से ट्रक को पहले से बरामद कर लिया था और ट्रक मालिक को सुपुर्द कर दिया था। ट्रक की बैटरी गायब थी। पुलिस की विवेचना में अभिषेक चौधरी निवासी हिसावदा थाना सिंघावती जिला बागपत का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने आरोपी अभिषेक को नानकपुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक बैटरी बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक यशपाल सिंह, सचिन कुमार आदि शामिल थे।

### दिल्ली में दोस्त के घर मिला लापता किशोर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लापता किशोर दिल्ली में दोस्त के घर मिल गया है। परिवार वाले उसे दोस्त के घर से लेकर आ गए है। रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि कालोनी का 16 वर्षीय किशोर 13 जनवरी को सुबह घर से चला गया था। उन्होंने बेटे को तलाश किया था और नहीं मिला था। किशोर ने मोबाइल फोन से नौ हजार रुपये गूगल के पे-माध्यम से अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उसकी मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की गयी तो दिल्ली में मिली। लापता किशोर दिल्ली में मिल गया है।

# सर्वर ठप, भीड़ बेकाबू, धक्का-मुक्की में गैस एजेंसी का गेट टूटा

## बुकिंग और केवाईसी को लेकर उमड़ी भीड़ के बीच तिलहर एजेंसी पर बिगड़े हालात, कई दिन से सिलेंडर को लेकर हो रही मारामारी, पुलिस तैनात

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** गैस बुकिंग और केवाईसी को लेकर शनिवार को तिलहर गैस एजेंसी पर आक्रोशित भीड़ ने जमकर धक्का मुक्की कर दी, जिससे एजेंसी के मुख्य गेट का शीशे का दरवाजा टूट गया। सूचना पर कोतवाल जुगल किशोर पाल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को काबू में किया। इसके बाद एजेंसी पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। बताया गया कि खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के बीच बीते कई दिनों से तिलहर गैस एजेंसी पर गैस बुकिंग का सर्वर खराब चल रहा है। इसी वजह से उपभोक्ताओं की गैस बुक नहीं हो पा रही थी और उन्हें घंटों लाइन में लगने के बाद वापस किया जा रहा था। इससे लोगों में लगातार आक्रोश बढ़ रहा था। शनिवार को गैस बुकिंग और केवाईसी के लिए भारी संख्या में लोग एजेंसी पहुंच गए, जिससे वहां भीड़ लग गई। दोपहर बाद काउंटर खिड़की पर लगी लाइन टूट गई और पहले केवाईसी व गैस बुकिंग की रसीद कटाने को लेकर उपभोक्ताओं में धक्का मुक्की होने लगी। इसी दौरान भीड़ में मौजूद कुछ युवकों ने कर्मचारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए शोर-शराबा शुरू कर दिया। उपभोक्ताओं के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए कर्मचारियों ने गेट नहीं खोला। इसी बीच धक्का मुक्की में मुख्य गेट का शीशा टूट गया। स्थिति बिगड़ती देख एजेंसी मालिक अशोक कुमार सिंह ने अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल जुगल किशोर पाल ने घटना की जानकारी ली। एजेंसी मालिक ने किसी तरह की कानूनी कार्रवाई न करने की बात कही। भीड़ को देखते हुए पुलिस ने ग्राहकों की लाइन लगवाकर काम शुरू कराया। बताया गया कि बीते कई दिनों से उपभोक्ताओं को सर्वर न होने की बात कहकर वापस किया जा रहा था, जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से धरना-प्रदर्शन की चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा था। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि भीड़ को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। लाइन लगवाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण एजेंसी पर कराया जाएगा।

- पुलिस सुरक्षा में बांटी जा रही गैस उमड़ रही भीड़, जिले भर की एजेंसियों पर एक जैसे हालात



गैस कीमतों और किल्लत के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता।



तिलहर गैस एजेंसी पर धक्का मुक्की के बाद मौके पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### गैस कीमतों व किल्लत पर आप का प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी और गैस की किल्लत के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाहन पर किया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण आम जनता महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है। साथ ही गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के चलते लोगों को फिर लाइनों में लगना पड़ रहा है, जिसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष राजीव यादव ने कहा कि हाल में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये और व्यावसायिक गैस सिलेंडर में 120 रुपये की बढ़ोतरी से आम लोगों और छोटे कारोबारियों की मुश्किलें बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े छोटे कारोबारी आर्थिक दबाव में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश में उपयोग होने वाली करीब 60 प्रतिशत एलपीजी विदेशों से आयात होती है और अंतरराष्ट्रीय तनाव का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने इससे निपटने के लिए ठोस रणनीति नहीं बनाई। पार्टी ने आरोप लगाया कि रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी के कारण देश को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है, जिसका असर महंगाई के रूप में जनता पर पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में की गई हालिया बढ़ोतरी तत्काल वापस ली जाए, पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पारदर्शी नीति लागू की जाए, गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी दी जाए और बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार स्पष्ट व जवाबदेह नीति घोषित करे। इस दौरान अब्दुल्ला सकलाई, जोगेंद्र प्रजापति, अनुराग रस्तोगी, वीरेंद्र प्रताप, आशीष द्विवेदी, गजेंद्र शर्मा, प्रवीण चंद्र, राहुल कुमार, महेंद्र पाल कन्नौजिया, प्रशांत मिश्रा और अरब सिंह मौजूद रहे।

- जिला कलेक्ट्रेट पहुंच कार्यकर्ताओं ने केंद्र की आर्थिक नीतियों के विरोध में सौंपा ज्ञापन
- घरेलू सिलेंडर में 60 और व्यावसायिक में 120 रुपये बढ़ोतरी का जताया विरोध

### पुवायां में बुकिंग न हो पाने से गैस एजेंसियों पर बढ़ी भीड़, उपभोक्ता हो रहे परेशान




गैस के लिए मारामारी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, पुवायां ,अमृत विचार :** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गैस बुकिंग में आ रही समस्याओं के चलते गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। बुकिंग नहीं हो पाने और गैस वितरण में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर बड़ी संख्या में ग्राहक सीधे एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं, जिससे वहां अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई दिनों से मोबाइल और ऑनलाइन माध्यम से गैस सिलेंडर की बुकिंग नहीं हो पा रही है। बार-बार प्रयास करने के बाद भी बुकिंग नहीं लग रही है, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजबूर होकर लोग अपनी समस्या लेकर गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। वहीं एजेंसी संचालकों का कहना है कि बुकिंग सिस्टम में तकनीकी दिक्कत के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। उनका कहना है कि जैसे ही सिस्टम ठीक होगा, बुकिंग की प्रक्रिया सामान्य हो जाएगी। इस समस्या के चलते एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ गई है और लोग जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं। उपभोक्ताओं ने संबंधित अधिकारियों से गैस बुकिंग व्यवस्था को जल्द दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि लोगों को परेशानी से राहत मिल सके। आपको बता दें कि गैस बुकिंग के लिए टोल फ्री नम्बर जारी किए गए हैं जिनके माध्यम से मिस कॉल देकर बुकिंग की जा सकती है, लेकिन इन नंबरों पर कॉल लगाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। उपभोक्ताओं को घंटों तक फोन करना पड़ रहा है कई उपभोक्ता देर रात तक फोन करने के बाद अपनी बुकिंग कर सके वहीं तमाम उपभोक्ता कई दिनों से बुकिंग करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस नगर अध्यक्ष आशीष तिवारी ने उपभोक्ताओं के हितों को देखते हुए प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। गैस की समस्या को देखते हुए एजेंसियों पर कॉमर्शियल सिलिंडर की सप्लाई रोक दी गई, जिससे क्षेत्र के होटल, रेस्टोरेंट व्यापारियों की दुकानें बंद होने की कगार पर हैं। ऐसे में दुकानदारों ने अधिकारियों से कामर्शियल सिलिंडर दिलाए जाने की मांग की है।

# सुदामा चरित सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु



चित्रा टाकीज में श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस प्रवचन सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** चित्रा टाकीज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सप्तम दिवस शनिवार को कथा व्यास ने कहा कि रूप, विद्या, धन और अधिकार ये चार नशे हैं, जिनमें फंसकर लोग जीवन के लक्ष्य से भटक जाते हैं। उन्होंने कहा कि राग, रोष, ईर्ष्या, मद और मोह जीवन के पांच शत्रु हैं, जिनसे बचकर रहना चाहिए, नहीं तो जीवन में कष्ट आने में देर नहीं लगती।

कथा में सुदामा चरित का मार्मिक वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। डॉ. दामोदर दीक्षित ने जो लोग पूरी कथा नहीं सुन पाए, उनके कल्याण के लिए बारह स्कंधों का सार वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत में संपूर्ण कथा को संक्षेप में कहने का विधान है और लगभग सभी ग्रंथों के अंत में ऐसी व्यवस्था की गई है। कई दृष्टांतों के माध्यम से उन्होंने बताया कि काल्पनिक सुख के अभाव का नाम दुख है। कार्यक्रम की शुरुआत पुरोहित अनंतराम की ओर से मुख्य यजमान कमलेश कुमार खन्ना के देव पूजन से हुई। इसके बाद मंचासीन कथा व्यास, संतों और विद्वानों का माला और चंदन से स्वागत किया गया। रमेश त्रिपाठी, प्रसून त्रिपाठी और रामबली ने संगीत के साथ हनुमान चालीसा और भजन प्रस्तुत किए। इस दौरान रायबरेली से आए स्वामी ज्योतिर्मयानंद, पटना से आए स्वामी सत्यनंद, रामदुलारे त्रिगुणायत, सुमन, राजेश और संचालक आचार्य रामानंद दीक्षित ने आशीर्वचन दिए और संक्षिप्त प्रवचन किया। बिठूर से आईं साध्वी रमा मिश्रा की भी पावन उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ध्रुव नारायन मेहरा, सुधा मेहरा, सोमनाथ कपूर, सरिता कपूर, जयप्रकाश खन्ना, चंद्रशेखर खन्ना, रोली खन्ना, रागिनी खन्ना और डॉ. राम मेहरोत्रा समेत अनेक भक्तों का सहयोग रहा। सायं आरती और प्रसाद के साथ कथा को दिवस विश्राम दिया गया। आयोजकों ने बताया कि 15 मार्च को संत सम्मेलन, कथा की पूर्णाहुति और भंडारा प्रसाद वितरण होगा। प्रथम सत्र सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चलेगा।

- चित्रा टाकीज कथा में 7वें दिवस रूप, विद्या, धन और अधिकार के मद से बचने का दिया संदेश

# वजीरपुर-मनिहार में रामगंगा घाटों पर दो पेंटून पुलों का भूमि पूजन

संवाददाता, अल्हागंज

**अमृत विचार:** क्षेत्र के वजीरपुर और मनिहार रामगंगा घाट पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले दो पेंटून पुलों के लिए शनिवार को भूमि पूजन किया गया।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा विधायक हरिप्रकाश वर्मा और पूर्व विधायक शरदबीर सिंह ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन किया और क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने की बात कही। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संपूर्ण विकास के लिए प्रशासन पूरी कोशिश कर रहा है और विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले में 15 पुल बनवाए जा रहे हैं, जिनके लिए बजट स्वीकृत हो चुका है। उन्होंने कहा कि फसलों को गायों से बचाने के लिए 41 गौशालाएं बनवाई जा रही हैं। इसके लिए दो एकड़ जमीन जरूरी है और प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों की ओर से लिए जाएंगे। ब्लॉक जलालाबाद और कलान में बनने वाली गौशालाओं के लिए टेंडर भी डाले जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि गोपालकों को प्रति माह डेढ़ हजार रुपये दिए जा रहे हैं, लेकिन जो लोग धनराशि लेने के बाद भी गायों को खुला छोड़ देते हैं, उनके पकड़े जाने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। उन्होंने बताया कि रहीमापुर बीघापुर में रामगंगा नदी पर पुल बनवाया जा रहा है। अब प्रत्येक ग्राम सचिवालय में निश्चित दिवस पर ग्राम पंचायत अधिकारी, लेखपाल और सफाई कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाएगी, ताकि किसानों का सहयोग कर विकास कार्य आगे बढ़ाए जा सकें।

विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि जलभराव वाला अशरफपुर मिघौल का कच्चा मार्ग अब पक्का बनवाया जा चुका है। गंगा एक्सप्रेस का निर्माण भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि इसी ब्लॉक के गांव चिलौआ में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए मिनी स्टेडियम बनवाया जाएगा। कलान और मिर्जापुर को रामगंगा की बाढ़ से बचाने के लिए बांध बनवाने के प्रयास किए जा रहे हैं और सर्वे शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में रहीमाबाद सहित चार पेंटून पुल बनवाए जा रहे हैं। जलालाबाद की सरकारी मंडी के लिए पक्की सड़क बनवाई जा चुकी है, जिससे अब वहां जलभराव नहीं होता। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह के लिए शासन ने अच्छी व्यवस्था की है। आईटीआई विद्यालय जाने के लिए सड़क निर्माण कराया जा रहा है और नवोदय विद्यालयों की परीक्षाओं के लिए अब जिला मुख्यालय के बजाय तहसील और ब्लॉक स्तर पर परीक्षा देने की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि गुंडागर्दी पर अंकुश लगा है और रामलीलाओं के मंचन के लिए विधायक निधि से टाइल वाले स्टेज बनवाए जा रहे हैं। तीर्थ स्थल देवकली और परशुराम पुरी के विकास के लिए कई करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। महोलिया घाट के 500 मीटर लंबे सीसी मार्ग के लिए विधायक निधि से धन की व्यवस्था की जा रही है और कुछ सहयोग क्षत्रिय लोगों से भी लिया जाएगा। विधायक ने कहा कि वजीरपुर और मनिहार रामगंगा घाटों पर पेंटून पुल बनने के बाद क्षेत्र के भट्टों के लिए जरूरी ईंधन तुरिया, कलाश और मिर्जापुर की ओर से आसानी से लाया जा सकेगा।



पेंटून पुल निर्माण के लिए भूमि पूजन करते डीएम, विधायक और पूर्व विधायक।

- दोनों रामगंगा घाटों पर डेढ़ करोड़ की लागत से पुल निर्माण का रास्ता साफ
- डीएम, विधायक हरिप्रकाश वर्मा और पूर्व विधायक शरदबीर सिंह ने किया भूमि पूजन
- पुल बनने से भट्टों, कास्तकारों और क्षेत्रीय आवागमन को मिलेगा सीधा लाभ

### सोलर पैनल समेत अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोजा थाना क्षेत्र अकर्रा रसूलपुर निवासी ओम प्रकाश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि अज्ञात चोर सोलर पैनल चुराकर ले गए थे। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। पुलिस की विवेचना में मुनीश निवासी बिलंदापुर गौटिया थाना रोजा का नाम प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी मुनीश को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर सोलर पैनल बरामद कर लिया। पूछताद के दौरान ने आरोपी ने बताया कि 21 जनवरी को खेत से दो सोलर पैनल चुराए थे। एक सोलर पैनल तीन हजार रुपये में बेच दिया था और दूसरा सोनल पैनल घर में छिपा लिया था। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

# चिकित्सा शिक्षा में एआई पर वेबकास्ट सत्र आयोजित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड चिकित्सालय, बंथरा में 14 मार्च 2026 को दोपहर दो बजे से तीन बजे तक चिकित्सा शिक्षा में एआई के उपयोग विषय पर वेबकास्ट सत्र आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के अंतर्गत चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुसार आयोजित हुआ, जो चिकित्सा शिक्षा में एआई के उपयोग पर साप्ताहिक ऑनलाइन सत्रों की श्रृंखला का हिस्सा है। सत्र का संचालन उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के विशेषज्ञों ने किया और इसे जूम प्लेटफॉर्म के माध्यम से देखा गया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य, वरिष्ठ रेजिडेंट चिकित्सक, स्नातकोत्तर विद्यार्थी और एमबीबीएस के स्नातक छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ. पी. एस. पवार, डॉ. संथाना कृष्णन, डॉ. सनथम संपत, डॉ. पूर्णिमा एस. भट, डॉ. अमित सिंह, डॉ. भरत कुमार और ललित चौहान सहित एमबीबीएस के छात्र मौजूद रहे। वेबकास्ट के दौरान वक्ताओं ने आधुनिक चिकित्सा शिक्षा और नैदानिक अभ्यास में एआई के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। चर्चा में एआई-सहायित शिक्षण उपकरण, नैदानिक निर्णय-निर्धारण में एआई का उपयोग, शोध विश्लेषण और निदान की सटीकता व प्रमाण-आधारित चिकित्सा पद्धति को बेहतर बनाने में एआई की भूमिका जैसे विषय शामिल रहे। सत्र में यह बताया गया कि उभरती एआई तकनीकें चिकित्सा क्षेत्र में शिक्षण पद्धतियों को किस तरह मजबूत कर सकती हैं और प्रभावी अधिगम को बढ़ावा दे सकती हैं।

कार्यक्रम की सराहना वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, प्रो-कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल और बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने की। आयोजन में शैक्षणिक सहयोग डॉ. आर. एन. शुक्ला, अधिष्ठाता एवं प्राचार्य, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड चिकित्सालय की ओर से दिया गया। यह सत्र सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और चिकित्सा शिक्षा में एआई की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।



वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षा में एआई पर आयोजित वेबकास्ट सत्र में मौजूद संकाय सदस्य और छात्र। ● अमृत विचार

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में डीजीएमई के निर्देश पर साप्ताहिक ऑनलाइन श्रृंखला के तहत आयोजन
- विशेषज्ञों ने एआई सहायित शिक्षण, नैदानिक निर्णय और शोध विश्लेषण पर डाली रोशनी एमएमबीबीएस छात्र रहे मौजूद

धर्म-कर्म

सामूहिक शंखनाद से गूंजेगा हनुमत धाम, सैकड़ों लोग एक साथ शंख बजाकर करेंगे सनातनी नववर्ष का जयघोष

# चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ पर 19 मार्च को होगा भव्य आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स की ओर से नव संवत्सर 2083 और चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के अवसर पर 19 मार्च को सायं 5:30 बजे हनुमत धाम पर भव्य सामूहिक शंखनाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में सैकड़ों लोग एक साथ शंखनाद कर सनातनी नववर्ष का जयघोष करेंगे। इस मौके पर भगवा ढोल की प्रस्तुति और वैशाली म्यूजिकल ग्रुप की भजन संध्या मुख्य आकर्षण रहेगी। शनिवार को सदर बाजार स्थित विनीत ज्वेलर्स पर आयोजित प्रेस वार्ता में ग्रुप पदाधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम सनातनी नववर्ष के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और समाज को एक सूत्र में जोड़ने के उद्देश्य से किया जाता है। ग्रुप की अध्यक्ष दीपमाला रस्तोगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए वीआईपी ग्रुप हर संवत्सर पर समाज को एकजुट कर सांस्कृतिक एकता का संदेश देता है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कार्यक्रम प्रभारी हेमा अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम को और भव्य बनाने के लिए बाहर से भगवा ढोल की विशेष टीम भी बुलाई गई है। संयुक्त सचिव और मीडिया प्रभारी रिद्धि बहल ने लोगों से अपील की कि वे भगवा या पीत वस्त्र पहनकर शंख के साथ हनुमत धाम पहुंचें, कार्यक्रम प्रभारी विनीत गुप्ता ने बताया कि शंखनाद प्रतियोगिता में सबसे अधिक देर तक शंख बजाने वाले प्रतिभागियों को विनीत ज्वेलर्स की ओर से प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के साथ नगद धनराशि देकर सम्मानित किया जाएगा। ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता ने कहा कि संस्था हमेशा सामाजिक जागरूकता और समरसता के लिए काम करती रही है और इस वर्ष भी शंखनाद कार्यक्रम को भव्य रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम के तहत वैशाली म्यूजिकल ग्रुप की ओर से भजन संध्या भी होगी, जो मंदिर की आरती तक चलेगी। कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी ग्रुप के प्रवक्ता और संयोजक कौशलेंद्र मिश्र ने दी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ. रवि मोहन, वर्षा गोस्वामी, विनीत गुप्ता, हेमा अग्रवाल और डॉ. नमिता सिंह को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। शंख लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को ग्रुप की ओर से केसरिया पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया जाएगा।



सामूहिक शंखनाद कार्यक्रम की जानकारी देते वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- भगवा ढोल और वैशाली म्यूजिकल ग्रुप की भजन संध्या होगी आकर्षण

# अमर शहीद जदूनाथ सिंह को सैन्य सलामी

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** ब्लॉक क्षेत्र के गांव खजूरी में शनिवार को वीरगति को प्राप्त अमर शहीद नायक जदूनाथ सिंह परमवीर विजेता को सैन्य अधिकारियों ने पहुंचकर सलामी दी।

इस दौरान उनकी प्रतिमा परिसर में 54 फुट का तिरंगा भी फहराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार और सेना के पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, जीओसी-इन-सी पश्चिमी कमान की मौजूदगी रही। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल एच एस साही, आर्मी वार कॉलेज के कमांडेंट, राजपूत रेजीमेंट के कर्नल ऑफ द रेजीमेंट और ब्रिगेडियर माइकल डी''सूजा, युद्ध सेना मेडल, कमांडेंट राजपूत रेजीमेंट व सेना के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, नागरिक, पूर्व सैनिक और युवा भी मौजूद रहे। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि खजूरी गांव परमवीर चक्र विजेता नायक जदूनाथ सिंह का पैतृक गांव है। सेना ने प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से गांव में विकास की रफ्तार बढ़ाई है। बताया गया कि 15 फरवरी 2025 को इस स्मारक पर 54 फुट का राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था, जिसमें प्लेइंग लेडी ऑफ इंडिया उषा मास्कई का योगदान रहा था। गांव को मॉडल गांव बनाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं पर काम किया जा रहा है। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को परमवीर चक्र विजेता नायक जदूनाथ सिंह से प्रेरणा और संस्कार लेने चाहिए, ताकि क्षेत्र के युवा सेना में भर्ती होकर नाम रोशन करें और उनका संकल्प आगे बढ़े।

इस मौके पर सूबेदार सुरेंद्र सिंह चौहान, तहसीलदार सृजित कुमार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, कलान नगर पंचायत के चेयरमैन हर नारायण गुप्ता, पूर्व प्रधान रामगोपाल वर्मा, खजूरी गांव के प्रधान बहादुर लाल शर्मा उर्फ कारे, थाना प्रभारी परौर रावेंद्र सिंह, थाना प्रभारी कलान शिवदीन वर्मा और थाना प्रभारी मिर्जापुर सोनी शुक्ला समेत कई लोग मौजूद रहे।



खजूरी में तिरंगा को सलामी देते सैन्य अधिकारी।

- लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

आज का मौसम
29.0⁰ अधिकतम तापमान
17.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.22
सूर्यास्त 06.21

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी उपरांत 09:16 द्वादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 15 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 109, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




■ सेबी चेयरमैन की सलाह अनिश्चित माहौल में धैर्य बनाए रखें निवेशक - 10



■ 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुई कॉमर्शियल एलपीजी की बिक्री - 10



■ भाजपा की सरकार बनने पर दो वर्ष में पंजाब को करेंगे नशामुक्त : अमित शाह - 11




■ आईपीएल में महेंद्र सिंह धोनी का हो सकता है यह अंतिम सत्र - 12

# कांग्रेस झूठे वादों की दुकान : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा- हम बाहरी युद्धों के असर से बचाव में लगे हैं हताश कांग्रेस ने देश के विरुद्ध ही मोर्चा खोल रखा | बोले- सरकार लोगों पर वैश्विक संघर्षों के पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए काम कर रही

- मोदी ने असम में 23,550 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल को 18,680 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की दी सौगात

सिलचर/कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री ने शनिवार को असम के सिलचर में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार वैश्विक संघर्षों के कारण लोगों पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए काम कर रही है। साथ ही आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस देश में दहशत पैदा करने की कोशिश करके गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रही है। कांग्रेस को एक जिम्मेदार राजनीतिक दल की भूमिका निभानी चाहिए थी लेकिन वह ऐसा करने में विफल रही। वह आज झूठे वादों की दुकान बन चुकी है और दहशत फैलाने की कोशिश कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने असम में विधानसभा चुनावों से पहले सिलचर में शनिवार को 23,550 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। वहीं पश्चिम बंगाल में 18,680 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य से भारत के विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। उन्होंने सिलचर में कहा, उसके (कांग्रेस) पास न तो असम के लिए कोई दूरदृष्टि है और न ही राष्ट्र के लिए वे (कांग्रेस नेता) केवल मोदी को गाली देना, अफवाहें फैलाना और लोगों को गुमराह करने के लिए झूठ बोलना जानते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- हम बाहरी युद्धों के असर से बचाव में लगे हैं हताश कांग्रेस ने देश के विरुद्ध ही मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को जिस तरह उसके हाल पर छोड़ दिया, उसने उसी तरह बराक घाटी को कमजोर करने में भी अहम भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कछार जिले के सिलचर और मेघालय के शिलांग के बीच 22,864 करोड़ रुपये की नियंत्रित प्रवेश-निकास वाली एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए भूमि पूजन में भाग लिया। 166 किलोमीटर लंबे चार लेन के इस ग्रीनफील्ड द्रुतगति गलियारे से मेघालय और असम के बीच संपर्क सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा और गुवाहाटी और सिलचर के बीच की दूरी 295 से घटकर 252 रह जाएगी।

प्रधानमंत्री ने बंगाल में परियोजनाओं की शुरुआत कर रेखांकित किया कि ये परियोजनाएं पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास को नई गति प्रदान करेंगी, जिससे व्यापार और उद्यम को बढ़ावा मिलेगा।



कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाते भाजपा नेता।

### घुसपैठियों को बचाने के लिए तृणमूल एसआईआर का विरोध कर रही : मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर घुसपैठियों के अपने वोट बैंक को बचाने के लिए मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि राज्य में तृणमूल के शासनकाल में बड़े पैमाने पर घुसपैठ की वजह से कई क्षेत्रों की जनसांख्यिकी बदल गई है। मोदी ने यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा हमला बोला और उस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने, राज्य की जनसांख्यिकी को बदलने और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनावों से पहले ममता बनर्जी सरकार के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल उत्पीड़ित हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता देने का विरोध कर रही है।

### टीएमसी ने राष्ट्रपति का ही नहीं, आदिवासियों और संविधान का भी अपमान किया

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करके सभी हदें पार करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि पार्टी ने न केवल राष्ट्र की प्रमुख का अपमान किया बल्कि देश के आदिवासियों और संविधान का भी अनादर किया। पिछले हफ्ते मुर्मू की उत्तर बंगाल यात्रा के दौरान पैदा हुए विवाद के बीच मोदी ने ये आरोप लगाए हैं। राष्ट्रपति ने अपने कार्यक्रम का स्थल अंतिम क्षण में बदल दिए जाने पर नाराजगी जताई थी और सवाल उठाया था कि हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री ममता या राज्य का कोई मंत्री मौजूद क्यों नहीं था। राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि बंगाल में वर्तमान सरकार के तहत आदिवासी, दलित और गरीब लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

# बदायूं कांड : एसआईटी गठित, सीओ भी हटाए गए

- मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, राहल पांडेय नए सीओ किए तैनात
- प्लांट परिसर की सुरक्षा बढ़ाते हुए पुलिस चौकी की स्थापना की गई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बदायूं स्थित एचपीसीएल प्लांट में हुई घटना के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बरेली मंडल के मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को एक्स पर कहा कि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाएगी और त्वरित कार्रवाई की जा चुकी है।

वहीं एसएसपी डा. ब्रजेश सिंह के बाद अब सीओ दातागंज डा. देवेन्द्र कुमार पर भी गाज गिरा दी गई। उन्हें पुलिस मुख्यालय में अटैच कर दिया गया है। उनके स्थान पर लखनऊ स्थित यूपी-112 में तैनात राहुल पांडेय को अब दातागंज का नया सीओ तैनात किया गया है। माना जा रहा है कि कमिश्नर की अध्यक्षता में गठित एसआईटी की जांच के बाद अभी और अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि एसआईटी घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच करेगी। इसके बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। इस मामले में मुख्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सीबीजी प्लांट परिसर में पुलिस चौकी स्थापित की गई है। इससे न केवल भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की संभावना कम होगी, बल्कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।



"प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मामले की जांच पूरी गंभीरता से की जाए और किसी भी दोषी को बख्शा न जाए। –योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

### हत्यारोपी की 6 दुकानों पर चलेगा बुलडोजर, राशन का कोटा किया सस्पेंड

**बरेली।** प्रशासन ने हत्यारोपी अजय की मां के नाम से गांव में चल रहे राशन का कोटा सस्पेंड कर दिया है। प्रशासनिक टीम की नापतौल में गांव में बनीं आरोपी अजय की छह दुकानें भी अतिक्रमण के दायरे में पाई गई हैं, जिन पर बुलडोजर कार्रवाई की तैयारी है। डीएम अवनीश राय और नवागत एसएसपी अंकिता शर्मा ने शनिवार को प्लांट पर पहुंचकर कर्मचारियों से बात की और सुरक्षा का भरोसा दिया। प्लांट आज भी बंद रहा। प्रशासन का कहना है कि प्लांट मंगलवार को शुरू होगा।


अमृत विचार
लोक दर्पण
पोस्ट-फेस्टिवल ब्लूज
उत्सव के बाद का खालीपन
घर-आंगन से गुम होती गौरैया की चहक

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पोस्ट-फेस्टिवल ब्लूज उत्सव के बाद का खालीपन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### बुजुर्ग व्यक्ति को कार के बोनट से लटकाकर घुमाया, चालक गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में 29 वर्षीय एक व्यक्ति को लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमें कार के बोनट से एक बुजुर्ग व्यक्ति को लटके हुए देखा जा सकता है। यह घटना शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे निकोल इलाके में हुई। पुलिस अधिकारी सुमरा ने बताया, कृष्णापार्क सोसाइटी के निवासी कार चालक हरिसांग यादव (29) को भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# ईरान के तेल नेटवर्क क्षेत्र खार्ग द्वीप पर अमेरिका की बमबारी

- खार्ग द्वीप पर ईरान के तेल निर्यात का मुख्य टर्मिनल, ट्रंप की चेतावनी- होर्मुज में आवागमन रोका तो अन्य तेल अवसंरचना को बनाया जाएगा निशाना

दुबई, एजेंसी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ने ईरान के तेल नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण एक द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को शुक्रवार को नष्ट कर दिया और चेतावनी दी कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में हस्तक्षेप करना जारी रखता है तो उसकी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को ईरान के खार्ग द्वीप पर स्थित ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। खार्ग द्वीप पर ईरान के तेल निर्यात का मुख्य टर्मिनल है।

ईरान ने कहा था कि यदि ऐसा हमला किया गया तो उसकी ओर से और भी बड़े स्तर की जवाबी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ईरान के साथ युद्ध के दो सप्ताह बाद प. एशिया में 2,500 और मरीन एवं एक युद्धपोत भेजा जा रहा है। ईरान इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रखे हुए है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है जिससे दुनिया के तेल व्यापार का पांचवां हिस्सा गुजरता है। वहीं, अमेरिकी और इजराइली युद्धक विमान समूचे ईरान में सैन्य और अन्य लक्ष्यों पर बमबारी कर रहे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान या कोई और देश होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में बाधा डालता है, तो वह तेल बुनियादी ढांचे को नष्ट न करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करेंगे। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने एक पोस्ट में चेतावनी दी कि ईरान की दक्षिणी समुद्री सीमा पर स्थित द्वीपों पर अगर हमले हुए तो ईरान संयम नहीं बरतेगा। ये द्वीप देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं।



### बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर पर मिसाइल हमला

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर के भीतर एक हेलीपैड पर मिसाइल से हमला हुआ। जिसके बाद शनिवार सुबह दूतावास परिसर के ऊपर धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। दुनिया में अमेरिका के सबसे बड़े राजनयिक केंद्रों में शामिल यह विशाल दूतावास परिसर पहले भी ईरान समर्थित मिलिशिया द्वारा दागे गए रॉकेट और ड्रोन का कई बार निशाना बना है।

## एसआई भर्ती परीक्षा में 'पंडित' ऑप्शन को लेकर छिड़ा विवाद

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इसे बताया गलत सीएम से शिकायत

**लखनऊ।** पिछले दिनों फिल्म के पंडत नाम को लेकर हुआ विवाद अभी ठंडा ही हुआ था कि अब यूपी एसआई की भर्ती परीक्षा में एक प्रश्न के ऑप्शन में पंडित शब्द को लेकर नया विवाद छिड़ गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इसे गलत बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है। वहीं भाजपा के प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्र ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की है। दरअसल शनिवार को एसआई भर्ती परीक्षा के दौरान 20 नंबर पर एक प्रश्न पूछा गया है। प्रश्न है कि अवसर के हिसाब से बदल जाने वाले को आप क्या कहेंगे ? इस प्रश्न के आप्शन भी दिए गए हैं, जिनमें ए-निष्कपट, बी-सदाचारी, सी- पंडित, डी-अवसरवादी आप्शन लिखे हैं। इसमें अभ्यर्थी को किसी एक पर टिक करना हैं। यह प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर जैसे वायरल हुआ तो खलबली मच गई।

# एसआई भर्ती परीक्षा : पहले दिन एक लाख 26 हजार अभ्यर्थी गैर हाजिर

- दोनों पालियों में 5,31,765 अभ्यर्थियों ने लिया भाग, पूछे गए 160 सवाल
- पेपर लीक कराने का फर्जी दावा करने वाले तीन युवक गिरफ्तार सात टेलीग्राम चैनलों पर मुकदमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी पुलिस में एसआई पद के लिए हुई लिखित परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। इस दौरान शनिवार को दोनों पालियों की परीक्षा में 5,31,765 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि 1,26,000 से अधिक अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे।

उधर फर्जी तौर पर पेपर लीक का दावा कर परीक्षार्थियों से धन वसूलने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया, साथ ही सात टेलीग्राम ग्रुपों के खिलाफ मुकदमा कायम करा दिया गया है। उधर रविवार को भी प्रदेश के सभी केन्द्रो पर दोनों पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निकाली गईं 4,543 पदों के लिए 15,75,760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसके लिए शनिवार को प्रदेश के 75 जिलों के 1090 परीक्षा केन्द्रों पर सुबह दस से 12 बजे और अपरान्ह तीन बजे से शाम पांच बजे की दो पालियों मे परीक्षा हुईं। परीक्षा में 160 पूछे गए, वहीं पांच मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया गया। प्रवक्ता ने दावा किया कि कंट्रोल रूम के जरिए प्रदेश भर के परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी रही। पूरी तरह से परीभा शांति पूर्वक संपन्न हुई।

## सोनम वांगचुक जेल से रिहा

- लगभग छह महीने बाद केंद्र सरकार ने हिरासत रद्द की



**जोधपुर/दिल्ली/लेह।** केंद्र सरकार द्वारा हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का फैसला किए जाने के बाद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक (59) को शनिवार दोपहर राजस्थान की जोधपुर केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। इस कदम का राजनीतिक दलों और लद्दाख में आंदोलन कर रहे संगठनों ने स्वागत किया है। इससे पहले, केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। वांगचुक संबंधित अधिनियम के तहत निर्धारित हिरासत अवधि का लगभग आधा समय पहले ही बिता चुके हैं।

लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद, 26 सितंबर 2025 को वांगचुक को हिरासत में लिया गया था।

### एक-दूजे के हुए कुलदीप-वंशिका



भारतीय क्रिकेटर कुलदीप यादव ने मसूरी में अपनी बचपन की दोस्त वंशिका चड्ढा से शादी की। दो दिवसीय भव्य समारोह द सेवाय होटल में रॉयल आइवरी थीम पर आयोजित हुआ। इसमें युजवेंद्र चहल, सुरेश रैना, कैलाश खेर और कुणाल कपूर जैसे सितारे शामिल हुए।

# यूपी में राष्ट्रविरोधी साजिश बेनकाब, छह गिरफ्तार

- विदेश भेजी जा रही थी सामरिक प्रतिष्ठानों की लोकेशन
- विदेशी लोगों को चेटिंग के जरिए फोटो-वीडियो भेजते थे

गाजियाबाद, एजेंसी

पुलिस और गुप्तचर एजेंसियों ने गाजियाबाद में बड़ी राष्ट्रविरोधी साजिश को नाकाम कर दिया है। छापेमारी में छह ऐसे साजिशकर्ता गिरफ्तार किए गए गए हैं, जो दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र सक्रिय रहकर सामरिक प्रतिष्ठानों की लोकेशन, फोटो-वीडियो विदेश भेजते थे। इसके लिए उन्हें विदेश से फंडिंग हो रही थी। पकड़े गए संदिग्धों में बदायूं, शाहजहांपुर, संभल, बिजनौर आदि जिलों के रहने वाले लोग शामिल थे।

गाजियाबाद के थाना मसूरी पुलिस की कार्रवाई में गिरफ्तार रैकेट का सरगना सुहेल मलिक उर्फ रोमियो है, जो बिजनौर के नरगढी नवादा का रहने वाला है। उसके साथ बदायूं में कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव रिसौली निवासी शिवा बाल्मीकि, शाहजहांपुर में सुल्तानपुर, कटना का रहने वाला रितिक गंगवार, संभल के ज्ञानपुर सिसौना की साने इरम उर्फ महक, गाजियाबाद में भौवापुर, कोशांबी का प्रवीन और औरेया के ग्राम बनारसीदास निवासी राज बाल्मीकि भी दबोचे गए हैं। राष्ट्रविरोधी साजिश सामने आने से फिर हलचल मच गई है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग सुनियोजित तरीके से फोन पर चैट के जरिए विदेशी लोगों से संपर्क में थे।

सुरक्षाबलों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, रेलवे स्टेशन की लोकेशन बाहर भेज रहे थे। उनके पास से विदेशी नंबरों की चैट भी मिली हैं। सभी लोग कौशांबी क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर डाटा जुटा रहे थे। पुलिस ने सभी के कब्जे से आठ मोबाइल भी बरामद किए हैं। एडीसीपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक किसी आतंकी संगठन से जुड़े होने की बात सामने नहीं आई है।

राहत | 92 हजार टन वाले एलपीजी पोत शिवालिक और नंदा देवी 16/17 मार्च को गुजरात के बंदरगाहों पर पहुंचेंगे

# एलपीजी ला रहे 2 जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को किया पार

नई दिल्ली, एजेंसी

खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे दो भारतीय जहाजों ने शनिवार सुबह युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर लिया। इसके साथ ही होर्मुज को पार करने वाले भारतीय ध्वज वाले जहाजों की संख्या तीन हो गई है। जहाजरानी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में बचे हुए 22 जहाज प्रतीक्षा में हैं, क्योंकि भारत सरकार उनकी सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र की सरकारों के साथ बातचीत कर रही है। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी ला रहे जहाज शिवालिक और नंदा देवी अब गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये जहाज 92,700 टन एलपीजी ला रहे हैं। शिवालिक के 16 मार्च को मुंद्रा जबकि नंदा देवी पोत के 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पर पहुंचने की संभावना है। भारतीय ध्वज वाले जहाजों की निकासी भारतीय कूटनीति के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होने के साथ-साथ ये इस मायने में भी अहम है कि रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकताओं का 60 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें से 85-90% सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देशों से प्राप्त होता है। ये देश तेल और गैस के परिवहन के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य का उपयोग करते हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण मार्च के पहले सप्ताह से यह जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद है।




### बचे भारतीय ध्वज वाले 22 जहाजों में से 6 एलपीजी के

सिन्हा ने कहा कि पश्चिमी हिस्से में बचे भारतीय ध्वज वाले 22 जहाजों में से छह एलपीजी पोत हैं, एक द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) वाहक है, चार कच्चे तेल के टैंकर हैं, एक रासायनिक उत्पादों की ढुलाई कर रहा है और तीन कंटेनर जहाज हैं और दो 'बल्क कैरियर' हैं। उन्होंने बताया कि बाकी बचे जहाजों में से एक खाली है, जिस पर कोई माल नहीं है जबकि तीन जहाज 'ड्राई डॉक' यानी नियमित रखरखाव के लिए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेसवार्ता में कहा, हमारे कई जहाज खाड़ी क्षेत्र में प्रतीक्षा में हैं। हम अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनजर सभी संबंधित देशों के साथ संपर्क और समन्वय बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं ताकि उनके लिए सुरक्षित एवं निर्बाध पारगमन सुनिश्चित किया जा सके।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में डेढ़ लाख वाद निपटे

## जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने लोक अदालत का महत्व व उद्देश्य साझा किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करते प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय नरेन्द्र कुमार तृतीय व अन्य न्यायिक अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन कुल 02 पुराने वादों का निस्तारण किया गया। प्राचीनतम श्रेणी के वादो में अपर सिविल जज सीडि/एसीजेएम अवंतिका प्रभाकर ने 34 वर्ष पुराना 01 फौजदारी वाद, अपर सिविल जज जूडि कोर्ट संख्या-35 निधी माधव कुरील ने 19 वर्ष पुराना 01 फौजदारी वाद का निस्तारण किया। न्यायालय में विचाराधीन वादों में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने 01 अन्य सिविल वाद का निस्तारण किया।

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी रिजवान अहमद ने मोटर यान दुर्घटना से संबंधित कुल 92 वादों का निस्तारण कर अंकन 61711800 रुपये प्रतिकर धनराशि के रूप में दिलाये जाने का आदेश पारित किया।

प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय नरेन्द्र कुमार तृतीय ने 35 फौजदारी वाद व 32 वैवाहिक वादों का कुल 67 वादों का निस्तारण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के कुल 150489 वादों का निस्तारण हुआ। इसमें विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन कुल 150489 वादो के निस्तारण उपरान्त 18,99,21,458 रुपए धनराशि का जुर्माना वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न राजस्व न्यायालयों द्वारा कुल 137559 राजस्व वादों का निस्तारण किया गया। ऑनलाइन चालान से सम्बन्धित 3447 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल 2833200 रूपए समन शुल्क वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न बैंकों के लोन रिकवरी से सम्बन्धित 1169 प्री-लिटिगेशन वादों का निस्तारण करते हुए कुल 119848500 रूपए धनराशि के ऋण खातों का समझौता कराया गया।

इसके पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष / जिला एवं सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने मोहम्मद रिजवान, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, नरेन्द्र कुमार तृतीय, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, सुदीप कुमार जायसवाल अपर जिला जज, ओमप्रकाश मिश्र-तृतीय, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष कुमार सिंह ने किया। समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में लोक अदालत का महत्व व उद्देश्य साझा किया व सभी को अधिकाधिक संख्या में वादों के निस्तारण हेतु प्रोत्साहित किया।

### उत्पादों की प्रदर्शनी/स्टॉल का फीता काटकर उद्घाटन

समारोह के दौरान जनपद न्यायाधीश ने जनपद न्यायालय परिसर में जिला कारागार के बंदियों, राजकीय बालगृह (शिशु एवं बालक) के बालकों द्वारा तैयार किये गये विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी/स्टॉल का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर अधिकारियों का स्वागत अधीक्षक जिला कारागार जेपी तिवारी, डिप्टी जेलर राघवेन्द्र सिंह ने पुष्प भेंट कर किया। प्रर्दशनी व स्टाल में कारागार के बंदियों द्वारा तैयार कपड़े, बैग, पेन्टिग, बेकरी उत्पाद, पूजा उत्पाद व गमले प्रदर्शित किये गये। इसके अतिरिक्त राजकीय बालगृह बालक के बच्चों द्वारा गुलदस्ता, गणेश जी मूर्ति, चिड़िया, शीशा मढ़े सीनरी, मेजपोश आदि के स्टॉल लगाये गये। स्टाल में प्रदर्शित सामान की न्यायिक अधिकारियों व अन्य लोगों ने सराहना की। प्रदर्शित उत्पादों को क्रय भी किया गया। जनपद न्यायाधीश ने बंदियों, बच्चों व किशोरों द्वारा बनाए गए उत्पादों की सराहना की।

# जूनियर शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी निर्विरोध चुनी गई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भावलखेड़ा शाखा का निर्वाचन मिश्रीपुर ब्लॉक सभागार में पर्यवेक्षकों की देखरेख में संपन्न

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ शाहजहांपुर ब्लॉक इकाई शाखा भावलखेड़ा का निर्वाचन शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र मिश्रीपुर के ब्लॉक सभागार में जिला की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक विजयपाल, जिला संयुक्त मंत्री और महिला जिला उपाध्यक्ष गीता भारती की देखरेख में संपन्न हुआ।

ब्लॉक इकाई के सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ। पर्यवेक्षकों की ओर से नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमें सभी आवेदन पत्र वैध पाए गए। इसके बाद ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश कुमार वर्मा, ब्लॉक मंत्री संदीप कुमार वर्मा, ब्लॉक कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदपाल सुमन, उपाध्यक्ष सावित्री देवी, शशि सिंह, संतोष कनौजिया, अशोक कुमार गुप्ता, संयुक्त मंत्री देवदत्त, रामबख्श, नीतू आर्या, विजय श्री गुप्ता, सज्जन कुमार और ऑडिटर अविनाश कुमार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन में मौजूद मंडल अध्यक्ष दिनेश गंगवार ने नवनिर्वाचित ब्लॉक कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है और सभी साथियों को एकजुट रहना चाहिए। जिला अध्यक्ष मगरे लाल ने कहा कि जूनियर शिक्षक संघ से जुड़े किसी भी शिक्षक साथी को यदि किसी तरह की समस्या आती है तो संगठन को अवगत कराएं, उसका जल्द समाधान कराया जाएगा। जिला महामंत्री विश्राम सिंह ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अंत में नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश कुमार वर्मा ने सभी पदाधिकारियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मंडल मंत्री चंद्रकांत भारती, मंडल उपाध्यक्ष त्रिभुवन नाथ, मंडल संयुक्त मंत्री मोहम्मद यासीन, संतोष कुमार, एससी-एसटी शिक्षक संघ के जिला अजय वर्मा, जिला महामंत्री विनोद कुमार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सम्राट, डॉ. गौरी अवस्थी, रिची गर्ग, सुमन कुमारी पाल, अलका वैश्य, विनय कुमारी यादव, मंसूरी सक्सेना, प्रतिमा रानी, शेफाली, मिलिंद वाला, मुन्नी आर्या, मीना कुमारी, राजकुमारी, रजनीवाला चौधरी, रेनू, अंचल शर्मा, रीना राजपूत, आंचल, मनोरमा, अर्चना, संध्या, डॉ. सुरेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह और संजीव कुमारी शर्मा समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

# 150 जोड़ों का सामूहिक विवाह जलालाबाद बना सौहार्द का साक्षी


जलालाबाद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलालाबाद

- मां वैष्णोधाम मैरिज लॉन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुआ आयोजन

**अमृत विचारः** मां वैष्णोधाम मैरिज लॉन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 150 जोड़े पवित्र बंधन में बंधे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। समारोह में 144 हिंदू और 6 मुस्लिम जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत मिर्जापुर, कलान तथा नगर पालिका जलालाबाद, अल्हागंज और कलान के अध्यक्ष, जिला पंचायत राज अधिकारी, संबंधित बीडीओ, ईओ और जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन इंदू अजनबी ने किया।

# शिक्षा सुधार पर मंथन, बेहतर काम करने वाले प्रधान सम्मानित

संवाददाता, बंडा

- स्कूल कायाकल्प योजना में उत्कृष्ट काम करने वाले ग्राम प्रधानों को दिए गए प्रशस्ति पत्र
- नए सत्र में प्रवेश संख्या बढ़ाने और बच्चों की उपस्थिति पर विशेष फोकस की अपील


बंडा में संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यशाला में मौजूद विधायक, अधिकारी, प्रधान और शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शनिवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का एक दिवसीय कार्यक्रम पूरनपुर रोड स्थित वीर जी पैलेस में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि भाजपा विधायक चेतराम ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, स्कूल कायाकल्प योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। इस दौरान स्कूल कायाकल्प योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान अरुण सिंह, फतेहचंद वर्मा, रामभजन वर्मा, नीरज पासवान, विनोद कुमार, रामभजन वर्मा, नवीन अवस्थी और शिवदास समेत कई प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एआरपी और इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि विधायक चेतराम ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। सरकार की ओर से विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं बेहतर बनाने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक माहौल के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कायाकल्प, स्वच्छता, पठन-पाठन की गुणवत्ता और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अप्रैल से नया सत्र शुरू हो रहा है, इसलिए सभी शिक्षक प्रवेश संख्या बढ़ाने पर ध्यान दें। संगोष्ठी में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए विद्यालयों में संसाधनों के बेहतर उपयोग और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुबोध कनोजिया, सुनील कुमार, वीरपाल, संदीप कुमार, स्नेहलता गौतम, राममूर्ति, कुलदीप शुक्ला, आशीष कुमार, शिवकिशोर, नरेश चंद्र, परमजीत सिंह, मनोज वर्मा, रामविलास, राजेश यादव, अर्जुन यादव, हरवंश राना, नीटू दीक्षित, दिलासाराम, जिला पंचायत सदस्य पवन सिंह, अभिषेक सिंह तोमर, मनोज कुमार, दीपक कुमार, शोभन लाल, शिव शंकर, मलीखान, धनदेवी, विनीता देवी, राजाराम, अशोक कुमार, लालाराम, महेश चंद्र, राकेश कुमार, हरिराम और पीयूष यादव सहित ग्राम प्रधान और शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पीटीआई वीरपाल ने किया।

# महिला क्रिकेट प्रतियोगिता आज से, तीन जिलों की टीमें भाग लेंगी

संवाददाता, शाहजहांपुर

- कृभको ग्राउंड पर होगी महिला क्रिकेट प्रतियोगिता
- शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने टीम घोषित की

**अमृत विचार :** कृभको क्रिकेट ग्राउंड पर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 15 मार्च को प्रातः 9:00 बजे से होगा। यह जानकारी मनोज यादव ने दी है। उन्होंने बताया कि महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने अपनी टीम घोषित कर दी है। जिसमें वसुंधरा सिंह कप्तान, संध्या सिंह उप कप्तान, वृंदा भसीन, शिवा यादव, आराध्या राठौर, एंजेल मिश्रा, अंशिका देवी, साफिया, आयुषी त्रिवेदी ,शबनम प्रसाद, वैष्णवी श्रीवास्तव, अक्षरा वर्मा, स्तुति मिश्रा, वृद्धि गुप्ता, रितिका खन्ना को शामिल किया गया है। इनके अतिरिक्त खिलाड़ी मनप्रीत कौर, नैमिष भी टीम में रहेंगे।

मनोज यादव ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए शाहजहांपुर, हरदोई और बरेली की टीमें भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता कृभको फर्टिलाइजर मैदान पर आयोजित की जाएगी। इस खेल प्रतियोगिता के आयोजन में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक, शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्व भूषण जौहरी, सचिव आलोक मिश्रा, उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, कोऑर्डिनेटर मनोज यादव, फिरोज, वत्सल आदि जुटे हैं।

# कुरआन मुकम्मल हाफिज को मिले तोहफे

संवाददाता, शाहजहांपुर


खलील गर्बी स्थित मस्जिद में हाफिज मो. इकराम को सम्मानित करते कमेटी के लोग।

**अमृत विचार :** महानगर के मोहल्ला खलील गर्बी स्थित बड़ी मस्जिद में 24वीं तरावीह की नमाज़ में कुरआन मुकम्मल हुआ। इस दौरान तरावीह में कुरआन सुनाने वाले हाफिज को गुलपोशी व तोहफे देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बड़ी मस्जिद के इमाम हाफ़िज़ मोहम्मद जाहिद ने अपने खिताब में कहा कि मोमिन को तकवे और परहेज़गारी की ज़िंदगी गुज़ारनी चाहिए।

हाफिज मोहम्म्द रज़ी ने कहा कि इल्म-ए-दिन के साथ इल्म-ए-जदीद भी सीखना चाहिए। इसलिए कि इल्म के बगैर इंसान तरक्की की बुलंदियां तय नहीं कर सकता। शाहनवाज़ क़ादरी ने नात पेश की। बड़ी मस्जिद कमेटी के सदर डाक्टर इरशाद हुसैन ने मस्जिद में तरावीह नमाज मे क़ुरआन मुकम्मल करने वाले हाफिज मोहम्मद इकराम व हाफ़िज़ मोहम्मद ज़ाहिद को गुलपोशी व तोहफे देकर मुबारकबाद दी। हाफिज क़ासिम ने मुल्क की तरक्क़ी व खुशहाली के लिए दुआ की। इस मौके पर अनीस खां, अब्दुल रऊफ़ खां, हाफ़िज़ फैज़ान, पर्व सभासद असलम अंसारी, हसनैन नवाब, जावेद, अकील, आज़ाद मास्टर, दिलशाद हुसैन, शकील, अरमान हुसैन, इकरार हुसैन, इकबाल हुसैन, दिलशाद हुसैन, अर्श हुसैन आदि मौजूद रहे।

वहीं, दूसरी ओर मोहल्ला अली जई स्थित तुन वाली मस्जिद में तरावीह में कुरआन सुनाने वाले हाफिज मोहम्मद अकरम की गुलपोशी व तोहफे देकर इज्जत अफजाई की गई। इस दौरान मौलाना अनीस रजा खां, हाफिज आरिफ रजा, हाफिज कासिम अख्तर वारसी, पूर्व सभासद असलम अंसारी, इकबाल हुसैन फूल मियां, बिलाल खां, डा मोहम्मद आलम आदि मौजूद रहे।

# 25 को बेसिक स्कूलों में मनेगा नवारम्भ उत्सव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता दी जानकारी
- बीईओ और प्रधानाध्यापकों को जारी किए दिशा निर्देश

**अमृत विचार :** जनपद के समस्त परिषदीय प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में एक साथ 25 मार्च 2026 को "नवारम्भ उत्सव" का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा से जोड़ने तथा बाल वाटिका में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए 3000 रुपए की ग्रांट संबंधित विद्यालयों में भेजी जा चुकी है इसके अंतर्गत को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों एवं बाल वाटिकाओं में विशेष गतिविधियों के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। समस्त एस आर जी एवं एआरपी 5 विद्यालयों में नवारम्भ उत्सव का का सफलतापूर्वक आयोजन करवाते हुए अनुश्रवण आख्या फोटो सहित प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देशित किया कि "नवारम्भ उत्सव" का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक अभिभावक एवं माताएं कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकें। इसके लिए विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने क्षेत्र के 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की पहचान कर उनके अभिभावकों को आमंत्रित करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत 3-4 वर्ष के बच्चों का बाल वाटिका में प्रवेश कराया जाएगा तथा बच्चों द्वारा रेत, मिट्टी अथवा बालू पर लेखन और आकृति अंकन जैसी रचनात्मक गतिविधियां भी कराई जाएंगी। साथ ही 5-6 वर्ष के ऐसे बच्चों को, जिनकी आयु 6 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उन्हें कक्षा 1 में प्रवेश दिलाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा। बीएसए ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जाए और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, शिक्षकों तथा समुदाय के सहयोग से इसे सफल बनाया जाए।

# नौनिहाल बनेंगे देश के भविष्य के कर्णधार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बीआरसी ददरौल में मेरे आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम

**अमृत विचारः** बीआरसी ददरौल पर आयोजित मेरे आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम में विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि आज के नौनिहालों पर भविष्य में देश की बड़ी जिम्मेदारी है और सरकार उनकी शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने का लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। ददरौल विकासखंड के खमरिया ग्राम में खेल स्टेडियम निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है।

विशिष्ट अतिथि सीडीपीओ किंचित कृष्णा ने कहा कि पुष्टाहार, वंडर किट और लर्निंग कार्नर के माध्यम से आंगनबाड़ी में नामांकित बच्चों के लिए रोचक और स्वास्थ्यप्रद शिक्षा के प्रयास किए जा रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र मौर्य ने कहा कि आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालय संयुक्त रूप से बालवाटिकाओं का संचालन कर रहे हैं। कंपोजिट विद्यालय अकर्रारसूलपुर के बच्चों ने राजकमल मिश्र और श्रुति शर्मा के नेतृत्व में सरस्वती वंदना और स्वागत प्रस्तुति दी।

ददरौल विकासखंड के सभी न्याय पंचायतों के पांच-पांच बच्चों को शिक्षण किट वितरित की गई। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने टीएलएम प्रदर्शनी भी लगाई। इस दौरान एआरपी ओमप्रकाश राजपूत, हरिकिशोर दीक्षित, नवनीत तिवारी, पृथ्वीराज, धीरज रस्तोगी, राम शंकर यादव और रजनीश सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नवनीत तिवारी ने किया।


ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग
श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

## न्यूज ब्रीफ

### दोस्त पर बेटे को गायब करने का आरोप

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला हाण्डा कालोनी निवासी देवेंद्र कुमार ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार की सुबह 04 बजे उसका 16 वर्षीय पुत्र केशव कुमार घर से बिना बताए चले गया है। उसका मित्र अमजद अली ने उसके बेटे को फोन करके बुलाया था। उसके बेटे ने उसके मोबाइल फोन से अपने मोबाइल फोन में चार हजार रुपये खाते से ट्रांसफर किए है। उन्होंने अपने बेटे को तलाश किया और पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उसके दोस्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस उसके बेटे की तलाश कर रही है।

### पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर कालोनी निवासी प्रतिभा दुबे ने थाना में दी गई तहरीर में बताया कि उसके बेटे दो बेटे मेहुल दुबे और दीपांशु दुबे है। उसके पति मांशु दुबे रेलवे में गैगमैन के पद पर नौकरी करते है। उसका आरोप है कि उसके पति हमेशा हर प्रकार का नशा करते है। उसके पति कई साल से अलग रहते है। पीड़िता घरों में घरेलू काम करके बच्चों को पालन पोषण कर रही है। उसका बड़ा बेटा मेहुल दुबे बीएसी में पढ़ता है और छोटा बेटा दीपांशु कक्षा 12 की पढ़ाई कर रहा है। आरोप है कि उसके पति हमेशा गाली–गलौज और मारपीट करते है। वर्तमान में उसका पति से कोई संबंध नहीं है। उसके पति आए दिन उसे और बच्चों को जान से मारने की धमकी देते है। पीड़िता का कहना है कि उसे पति से जान माल का खतरा बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### विवाहिता प्रेमी के साथ रफू चक्कर

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मिर्जापुर थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री की शादी बदायूं जिले में तीन माह पूर्व हुई थी। उसकी पुत्री ससुराल से मायके आयी हुई थी। उसकी पुत्री 08 मार्च की दोपहर घर से बाजार को कहकर निकली थी। वह शाम तक घर वापस नहीं आई तो उसकी तलाश की और पता नहीं चला। उसे दूसरे दिन पता चला कि बदायूं का आकोश उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया है। उसकी पुत्री घर से 50 हजार रुपये और ससुराल का जेवर साथ में ले गयी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### कोचिंग में बच्चों को कराया रोजा इफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रमजान के आखिरी अशरे में कई स्थानों पर रोजा इफ्तार कराए जाने के क्रम बना हुआ है। शहर के मोहल्ला ऐमन ज़ई जलाल नगर में मुकद्दस रमजान के मौके पर सफलता कोचिंग सेंटर पर रोजेदार बच्चों को रोजा इफ्तार कराया गया। इस दौरान सेंटर निदेशक रेशमा खानम ने बच्चों को रमजान की फजीलत और रोजे की अहमियत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि रोज़ा रखने से न सिर्फ हमारा ईमान मजबूत होता है। इसके बाद इफ्तार का वक्त होते ही बच्चों ने मीठी खजूर से रोजा खोला। इसके अलावा कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का भी स्वाद चखा। इसके बाद सभी ने मिलकर मुल्क की खुशहाली वह तरक्की के लिए दुआ की। इस दौरान टीचर शमा, रूबी, सीमा, डा इब्राहीम खां, मोहम्मद रहमान, मोहम्मद अरकान, सैयद सूफ़ियान व बच्चों के कई अभिभावक मौजूद रहे। आयोजन में जाहिद हुसैन खां, पार्षद आसिफ खां मुन्ना का सहयोग रहा।

# एसआई भर्ती परीक्षा से 2413 अभ्यर्थी अनुपस्थित

## जनपद के 13 इंटर कॉलेजों में बनाए गए केंद्रों पर 9120 अभ्यर्थी थे पंजीकृत 6707 ने दी परीक्षा, कड़ी निगरानी में परीक्षा संपन्न

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा शनिवार को जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों की तीन चरणों में सघन चेकिंग की गई और बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह से ही पुलिस बल तैनात रहा और प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। कुल पंजीकृत 9120 में से 6707 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 2413 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासन ने दोनों पाली में परीक्षा केंद्रों व सुरक्षा और निगरानी के सख्त इंतजाम किए थे। अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए हर स्तर पर निगरानी की गई। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 01 सेक्टर मजिस्ट्रेट और एक एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्त की गयी थी। परीक्षा केंद्रों का एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा और एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने निरीक्षण किया।




शनिवार को महानगर में जीएफ कॉलेज केंद्र पर हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में पहली पाली की परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

**तीन स्तर की चेकिंग के बाद मिला प्रवेश:** दरोगा भर्ती परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई थी। परीक्षा केंद्रों के गेट पर अभ्यर्थियों की तीन बार चेकिंग की गई। कई केंद्रों पर अभ्यर्थियों के जूते-मोजे तक उतरवाकर जांच की गई, ताकि किसी भी प्रकार की नकल या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अंदर न जा सके। इसके बाद बायोमेट्रिक और पहचान सत्यापन के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और नकलविहीन कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं लागू की गई थीं।

### पहली पाली में 1230 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

परीक्षा के लिए पहली पाली में कुल 4560 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, लेकिन इनमें से 3330 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 1230 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत आसान था। बरेली की प्रीति ने कहा कि पेपर में मैथ और रिजनिंग दोनों आसान रहे। लेकिन टाइम कम पड़ गया। हरदोई के अमित कुमार ने बताया कि रीजनिंग और मैथ का पेपर कठिन आया। वहीं, हरदोई के रमेश कुमार ने कहा कि पेपर समय पर शुरू हुआ और सवाल भी सरल थे।

### इन केंद्रों पर हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

पीएम श्री जीआईसी, जीएफ कॉलेज ब्लाक ए ब्लाक बी, आर्य महिला इंटर कालेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, आर्य महिला डिग्री कालेज, हरकुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक लालपुर, एसएस कॉलेज, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, स्वामी शुकदेवानंद डिग्री कॉलेज ब्लाक ए व ब्लाक बी।

### दूसरी पाली में 1183 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

दरोगा भर्ती परीक्षा की दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा के लिए दूसरी पाली में कुल 4560 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, लेकिन इनमें से 3377 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 1183 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में समय प्रबंधन और जीएस के कुछ सवालों ने अभ्यर्थियों को सबसे ज्यादा उलझाया। परीक्षा समाप्त होने के बाद हरदोई के विपिन कुमार ने बताया कि पेपर लेंथी और टफ नहीं था। हरदोई के अश्विनी कुमार ने बताया कि पेपर बेहद सरल था। वहीं, सीतापुर के दिलीप कुमार ने कहा कि सभी प्रश्न कुछ कठिन और कुछ सरल थे। समय प्रबंधन और जीएस के कुछ सवाल काफी कठिन थे।

### अभ्यर्थी बोले- कठिन आया रीजनिंग और मैथ का पेपर

एसआई भर्ती परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों ने बताया कि पेपर आसान रहा तो कुछ को कठिन लगा। बताया कि करंट अफेयर्स के सवाल आसान रहे। जबकि रीजनिंग और मैथ का पेपर कठिन था। बातचीत में अभ्यर्थियों ने मिली–जुली प्रतिक्रिया दी। समय प्रबंधन और जीएस के कुछ सवालों ने अभ्यर्थियों को सबसे ज्यादा उलझाया। एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षणशाहजहांपुर, अमृत विचार : एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस भर्ती दारोगा की परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थिति जायजा का लिया। एसपी राजेश द्विवेदी ने प्रथम पाली की कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि परीक्षा के दौरान पूर्ण सतर्कता बनाए रखें और अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करें। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार असुविधा नहीं होनी चाहिए।

### मुर्गा बनाने के मामले में एफआईआर, तीन पर कार्रवाई

पुवायां, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम नाहिल में बुजुर्ग को सड़क पर मुर्गा बनाकर अपमानित करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम नाहिल निवासी उमाशंकर उर्फ लल्लू पुत्र रामचंद्र ने तहरीर देकर बताया कि आठ मार्च को दोपहर करीब 12 बजे गांव के विवेक पुत्र मनोज कुमार उर्फ पप्पू, मनोज उर्फ पप्पू पुत्र राममूर्ति, छुन्ने पुत्र अशोक और विक्कू पुत्र गप्पू उनके पास आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और सड़क पर मुर्गा बनाकर पैरों में सिर रखवाकर अपमानित किया। तहरीर में यह भी कहा गया कि 13 मार्च को इसी विवाद में उनके पार्टनर रामबहादुर पुत्र कुंदन निवासी ग्राम नाहिल को भी आरोपियों ने दिन में मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद पीड़ित पक्ष थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद जवाबदेही तय करते हुए विवेक, छुन्ने और विक्कू के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए चालान किया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डेढ़ लाख रुपये हड़पे फिर भी थाने से युवक नहीं छूटा, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● दलालों ने छुड़ाने के नाम पर लिए थे रुपये, वापस मांगने पर दी धमकी



अमृत विचार : तीन लोगों ने थाना से एक मामले के निस्तारण कराने के नाम पर एक व्यक्ति से डेढ़ लाख रुपये ले लिए थे। थाना से मामले का निस्तारण नहीं हुआ है। पुलिस ने युवक का चालान कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने तीन लाख रुपये हड़प लिए।

तिलहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नजरपुर निवासी अली हसन ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसके पुत्र सलीम का एक लड़की के संबंध में विवाद हो गया था। जिसका निस्तारण कराने के लिए उसके घर पर मोहल्ले का हासिम, रोमान निवासी खैरपुर थाना कटरा और सचिन निवासी कमलापुर थाना कटरा आए। आरोपियों ने विश्वास दिलाया कि मामले का निस्तारण हो जाएगा। उसके लिए कुछ खर्च करना होगा। उन्होंने आरोपियों पर विश्वास कर लिया। आरोप है कि आरोपी सचिन 04 फरवरी को 50 हजार रुपये, 05 फरवरी 50 हजार रुपये व 06 फरवरी को 50 हजार रुपये कुल डेढ़ लाख रुपये को दे दिए थे। आरोप है कि रुपये देने के बाद भी उसके बेटे का मामला निस्तारण नहीं हुआ। पीड़ित ने बताया कि पुलिस ने उसके बेटे के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने 16 फरवरी को उसके बेटे का चालान कर दिया।

पीड़ित ने यह विश्वास करके पैसा दिया था कि उसके बेटे का मामला निस्तारण हो जाएगा। पीड़ित ने तीनों आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### दरोगा ने स्वास्थ्य कर्मी से किया अभद्र व्यवहार

शाहजहांपुर, अमृत विचार: बंडा सीएचसी में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने थाना के एक दरोगा पर बदलसूकी और गाली-गाली गलौच का आरोप लगाया है। कर्मचारी का कहना है कि रात में इलाज कराने एक लड़की अकेले आयी थी। उसने थाना पर सूचना दी थी।आरोप है कि दरोगा ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। गुरुवार की रात एक लड़की रात में अकेले इलाज कराने सीएचसी पर आयी थी। कर्मचारी ने उसकी जानकारी डाक्टर को दी। लड़की की सुरक्षा को देखते हुए डाक्टर ने थाना पर सूचना दी, जिससे रात में सुरक्षा की दृष्टि से कोई होमगार्ड या सिपाही तैनात किया जा सके। सूचना पर थाना से एक दरोगा सीएचसी पर आया और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से अभद्र व्यवहार किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा अभिनव कुमार ने उच्च अधिकारियों को सूचना दे दी है।

# गलत इंजेक्शन लगाने पर मरीज की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● पेट दर्द की दवा लेने गए मरीज को मेडिकल स्टोर संचालक ने लगाया इंजेक्शन, भागा



मृतक श्यामलाल।

अमृत विचार : तिलहर क्षेत्र में एक व्यक्ति के पेट में दर्द उठा और मेडिकल स्टोर पर दवा लेने के लिए गया। मेडिकल स्टोर संचालक ने मरीज के इंजेक्शन लगाया। मरीज की तबीयत और अधिक खराब होने पर परिवार वाले पीएचसी पर ले गए। जहां डाक्टर ने मरीज को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद संचालक मेडिकल स्टोर बंद करके भाग गया। परिवार वालों का आरोप है कि इंजेक्शन लगाने के पांच मिनट बाद मरीज की मौत हो गयी।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव हुसैनापुर निवासी 52 वर्षीय श्यामलाल हरियाणा में प्राइवेट फर्म में नौकरी करते थे। वह होली से चार दिन पहले हरियाणा से अपने घर आए थे। शुक्रवार की शाम 06 बजे उनके पेट में दर्द उठा। उन्होंने अपने बेटे ब्रजेश से कहा कि पेट में काफी तेज दर्द हो रहा है और तबीयत कुछ ठीक नहीं है। वह अपने पिता श्याम लाल को बाइक पर बैठाकर एक मेडिकल स्टोर पर दवा दिलाने के लिए ले गया। उसने मेडिकल संचालक को बताया कि उसके पिता के पेट में दर्द हो रहा है। मेडिकल स्टोर संचालक ने मरीज श्यामलाल को एक खुराक दवा खाने को दी। उन्होंने पानी के साथ दवा खा ली। संचालक ने कहा कि एक इंजेक्शन लगा दे रहे और जल्दी आराम मिल जाएगा। संचालक ने मरीज के एक इंजेक्शन लगाया और पांच मिनट के बाद श्यामलाल बेहोश होकर बेंच से जमीन पर गिर गए। मेडिकल स्टोर संचालक ने उसके बेटे से कहा कि तिलहर सीएचसी पर तुरंत ले जाओ। संचालक ने आटो मंगवाया और मरीज को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने मरीज को मृत घोषित कर दिया। परिजन दोबारा मेडिकल स्टोर पर गए तो संचालक मेडिकल स्टोर बंद करके भाग गया था। मृतक श्यामलाल के बेटे ब्रजेश ने तिलहर थाना पर सूचना दी। परिजनों ने आरोप लगाया कि मेडिकल स्टोर संचालक के गलत इंजेक्शन लगाने से श्यामलाल की मौत हुई है। तिलहर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सीढ़ी लगाकर घर में घुसे चोर, नकदी व जेवरात चोरी

संवाददाता, पुवायां

● एक ही रात में दो घरों को बनाया निशाना, पुलिस ने किया मौका मुआयना

अमृत विचार : नगर के निगोही रोड स्थित कसभरा तकिया क्षेत्र में बीती रात चोरों ने एक मकान में घुसकर नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। वहीं पास ही एक अन्य घर में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

कसभरा तकिया निगोही रोड निवासी अभय कुमार पुत्र रामस्वरूप का गीता सिटी में मकान है। बीती रात चोरों ने मकान की दीवार के सहारे सीढ़ी लगाकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर घर में बक्से में रखे करीब सात हजार रुपये नकद, एक जोड़ी कुंडल, दो जोड़ी पायल, सोने का लाकेट, अंगूठी और बिछिया चोरी कर ली।



सीसीटीवी फुटेज में मकान के पास गली में चक्कर लगाता संदिग्ध। ● अमृत विचार

बताया जा रहा है कि चोरों ने चोरी से पहले मकान के मीटर से बिजली की सप्लाई भी काट दी थी, जिससे अंधेरे का फायदा उठाकर आसानी से वारदात को अंजाम दिया जा सके। वहीं मकान में किराए पर रह रहे एक आयुर्वेदिक चिकित्सक के कमरे का ताला भी तोड़ दिया गया। इसके बाद चोरों ने सम्राट पैलेस के सामने रहने वाले सब्जी विक्रेता नन्हे के घर को भी निशाना बनाया और वहां भी चोरी की घटना को अंजाम दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए घटनास्थल का मुआयना किया। पीड़ितों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं घटना से जुड़ा सीसीटीवी भी वायरल हो रहा है, जिसमें एक संदिग्ध युवक मकान के पास गली में चक्कर लगाता दिख रहा है।

### कागजों में विकास जमीन पर बदहाल सरकारी भवन

परौर, अमृत विचार : मिर्जापुर विकासखंड की ग्राम पंचायत कौही में सरकारी योजनाओं की बदहाली को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। गांव में करीब 10 से 15 वर्ष पहले बना उप स्वास्थ्य केंद्र पहले ही खंडहर में तब्दील हो चुका है, जबकि अब हाल में बना ग्राम सचिवालय भी देखरेख के अभाव में जर्जर होने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण इस उद्देश्य से कराया गया था कि लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए शहर न भागना पड़े, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण यह अस्पताल कभी सही ढंग से चालू नहीं हो पाया। अब भवन की हालत इतनी खराब है कि खिड़कियां, दरवाजे, बिजली की फिटिंग और फर्नीचर तक गायब हो चुके हैं।

# हादसे में युवक की मौत पत्नी, बेटा घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● मिर्जापुर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की लगी टक्कर

अमृत विचार: मिर्जापुर क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार पति, पत्नी और बेटा घायल हो गए। तीनों को सीएचसी पर भेजा गया। जहां डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया और पत्नी व बेटा घायल हो गए। शादी समारोह से लौट रहे थे।

मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव बहेरिया निवासी 32 वर्षीय सौरभ अपनी पत्नी नीलम और 11 माह बेटे के साथ कलान क्षेत्र के गांव हेतमपुर में बाइक से गए थे। हेतमपुर में साढ़ू की भतीजी की शादी थी। शादी में शामिल होने के बाद वह अपनी पत्नी ओर बेटे के साथ रात में 11 बाइक से कलान से मिर्जापुर के लिए लौट रहे थे। रास्ते में आर्यनगर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह और उसकी पत्नी व बेटा घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। जबकि उनकी पत्नी व बेटे के मामूली चोट आयी थी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 11000 उपभोक्ताओं को गैस रिफिल की डिलीवरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● गैस की किसी भी प्रकार की किल्लत नहीं होने का जिला पूर्ति अधिकारी ने किया दावा

अमृत विचार : गैस की भारी किल्लत की अफवाहों को लेकर जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने बताया कि जनपद की समस्त गैस एजेंसियों पर गैस सिलेण्डरों का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। गैस की किसी भी प्रकार की किल्लत नहीं है। ऑयल कंपनियों द्वारा पूर्व में प्रति वित्तीय वर्ष में 15 गैस रिफिल बुकिंग को अनुमन्य किया गया था, जिसे उपभोक्ता वित्तीय वर्ष में कभी भी ले सकता था।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में शहरी क्षेत्र में पूर्वगामी गैस बुकिंग के 25 दिवस पश्चात् एवं ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन पश्चात ही गैस बुकिंग करने की अनुमति प्रदान की गयी है। जिससे उपभोक्ता एक वित्तीय वर्ष में पूर्व की भांति कुल सिलेंडर रिफिल प्राप्त कर सकता है। उन्होंने जनपदवासियों को अवगत कराते हुए बताया कि वह नियमानुसार अपनी ई केवाईसी कराकर गैस की ऑनलाइन बुकिंग कर गैस रिफिल प्राप्त कर सकते हैं। जनपद में संचालित इण्डेन गैस एजेंसियों के 5000 उपभोक्ताओं के द्वारा आज बुकिंग करायी गयी, 5000 उपभोक्ताओं को गैस की रिफिल डिलीवरी की गयी, बीपीसी कंपनी की गैस एजेंसी पर 4000 उपभोक्ताओं द्वारा आज गैस बुकिंग करायी गयी। 3700 उपभोक्ताओं को गैस रिफिल डिलीवरी की गयी व एचपी गैस कम्पनी के 1122 उपभोक्ताओं द्वारा गैस बुकिंग की गयी, 2322 उपभोक्ताओं को गैस रिफिल डिलीवरी की गयी। जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने बताया कि जनपद में आज कुल 10122 उपभोक्ताओं के द्वारा गैस रिफिल प्राप्त किये जाने हेतु बुकिंग करायी गयी व 11000 उपभोक्ताओं को गैस रिफिल की डिलीवरी की गयी। जनपद में गैस बुकिंग एवं अन्य समस्याओं के दृष्टिगत जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कंट्रोल रूम की स्थापना की। जिससे कन्ट्रोल रूम से ही गैस के स्टॉक एवं आमद के सम्बन्ध में निगरानी की जा सकेगी। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी ने प्रत्येक गैस एजेन्सी पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया है, जिससे गैस एजेन्सी पर किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न नहीं होगी। जनपद में संचालित इण्डेन गैस एजेन्सी, एचपी गैस एजेंसी व बीपीसी गैस एजेंसियों के बिक्री प्रबन्धकों को दूरभाष नम्बर सार्वजनिक किये गए हैं। जिससे जनमानस किसी भी प्रकार की बुकिंग एवं डिलीवरी आदि प्रकार की समस्या होने पर दूरभाष नम्बर पर वार्ता कर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं।

### बिक्री प्रबंधकों के नाम और मोबाइल नंबर

- अमित कुमार, बिक्री प्रबन्धक इण्डेन गैस मोबाइल नं. 7388880580
- सौरभ शुक्ला, बिक्री प्रबन्धक एचपी गैस मोबाइल नं -8655436282
- सुदीप कुमार, बिक्री प्रबंधक बीपीसी गैस मोबाइल नं. -8949987830

### कोर्ट ने अतिक्रमण के स्टे की तारीख बढ़ाकर की 19 मार्च

शाहजहांपुर, अमृत विचार: मालगोदाम रोड पर रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाए जाने के मामले में हाईकोर्ट ने एक दुकानदार का स्टे बढ़ाकर 19 मार्च कर दिया है। इधर कुछ दुकानें तोड़े जाने के बाद फिर रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया। रेल प्रशासन दोबारा फिर अतिक्रमण हटाएगा और नोटिस देगा। रेल प्रशासन ने मंडल के अधिकारियों के निर्देश पर मालगोदाम रोड पर द्वितीय प्रवेश द्वार के सामने रेलवे की जमीन से जेसीबी से दुकानों ढहा दिया था। रेल प्रशासन ने दुकानदारों को कई बार नोटिस दिया था। इस दौरान मोहल्ला सुभाषनगर निवासी एक दुकानदार दिसंबर माह में अतिक्रमण हटाने से पहले हाईकोर्ट से स्टे ले आया था। रेल प्रशासन ने हाई कोर्ट का स्टे होने के कारण उसकी दुकान को छोड़ दिया था।

# तीन लोगों की मौत में बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● दो दिन पूर्व हुआ था हादसा, बस चालक की तलाश

अमृत विचार: अल्हागंज में सड़क दुर्घटना में तीन की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात रोडवेज बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मृतक संजय की पत्नी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

लखीमपुर खीरी जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव मुडा खालसा निवासी पिंकी देवी ने अल्हागंज थाना में दी गई तहरीर में बताया कि 11 मार्च को उसके पति संजय कुमार कार चलाकर मोहम्मदी से शाहजहांपुर होते हुए फर्रुखाबाद की ओर जा रहे थे। कार में कार मालिक अरुण कुमार, उनके छोटे भाई अनिल कुमार निवासी मूडा भाई थाना हैदराबाद जिला लखीमपुर खीरी एवं अरुण कुमार के गांव के मित्र ऋषभ एवं गौरव कुमार निवासी बुधैली थाना हैदराबाद जिला लखीमपुर तथा सौरभ कुमार निवासी बेहडा थाना हैदराबाद जिला लखीमपुर सवार थे। कार को संजय कुमार धीरे-धीरे चला रहे थे।

अल्हागंज थाना क्षेत्र के सुगसुगी गांव के सामने सुबह सात बजे रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी, जिससे दुर्घटना में उसके पति संजय कुमार, ऋषभ कुमार एवं अरुण कुमार की मौके पर मौत हो गयी। अनिल कुमार व गौरव कुमार घायल हो गए थे। दोनों का इलाज लखनऊ में चल रहा है। अल्हागंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया अज्ञात बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**आवश्यकता है**
अनुभवी व्यक्तियों की
- ओ.टी. टेक्नीशियन
- लैब टेक्नीशियन
- पी.आर.ओ (पब्लिक रिलेशन आफिसर)
- कंप्यूटर ऑपरेटर

वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30, बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986










**प्रतिक्रिया**

## कीर्ति कश्यप ने उठाई सीबीआई जांच की मांग

बदायूं। एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों की हत्या को लेकर आंवला के पूर्व भाजपा सांसद धर्मेन्द्र कश्यप का तीखा बयान सामने आने के बाद अब उनकी बेटी कीर्ति कश्यप एडवोकेट भी मैदान में उतर आई है।



कीर्ति कश्यप ने प्लांट में चल रहे दबंगई के खेल को लेकर कई तरह के आरोप लगाते हुए घटना की सीबीआई जांच की मांग उठाई है। कीर्ति ने आरोप लगाया है कि प्लांट में कुछ विशेष लोग हावी हो गए हैं, जिसकी वजह से दो अफसरों की जान गई है। उन्होंने जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## प्लांट पर उपवास करेंगे कांग्रेस जिलाध्यक्ष

बदायूं, अमृत विचार : कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा और सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की है। बताया कि वह 15 मार्च दोपहर 12 बजे से प्लांट के गेट के सामने उपवास पर बैठेंगे। कहा कि यूपी में अपराध बहुत हो रहे हैं। अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। अधिकारियों की जान सुरक्षित नहीं है तो जिले में नए उद्योग लगाने के लिए कौन आएगा। हत्याकांड की जिम्मेदार पुलिस भी है जो रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी आरोपी को नहीं पकड़ा। हत्याकांड की पारदर्शी जांच की जरूरत है। वे इसे लेकर प्लांट पर उपवास करेंगे।

# सनक : खुद को गोली मारी, कभी काटी नसें

## गांव वाले बोले, शुरू से हिंसक स्वभाव का रहा है हत्यारोपी अजय सिंह, शरीर में फंसी है पहले की बुलेट

संवाददाता, दातागंज/ बदायूं

**अमृत विचार :** ग्रामीणों के अनुसार, एचपीसीएल प्लांट में डीजीएम सुधीर गुप्ता और एएम हर्षित मिश्रा की हत्या का आरोपी अजय प्रताप सिंह पहले से ही हिंसक प्रवृत्ति का रहा है। गांववालों का कहना है है कि करीब सात साल पहले परिवार में विवाद के चलते उसने तमंचे से खुद को गोली मार ली थी। परिजनों ने उसका इलाज कराया था। गोली अब भी उसके शरीर में फंसी बताई जाती है। इसके अलावा वह अपने हाथ की नसें भी काट चुका था। शरीर पर वार किए थे। प्लांट पर अधिकारियों को धमकाने के दौरान उसने अपनी शरीर के कटे के निशान भी दिखाए थे। निशान दिखाने का जिक्र उप महाप्रबंधक की ओर से उसके खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट में भी था। ग्रामीणों के अनुसार, अजय पर सनक सवार रहती थी। जो भी एक बार दिमाग में आ गया, करके ही मानता था।



प्लांट का दौरा करते डीएम अवनीश राय और नवागत एसएसपी अंकिता शर्मा।



डहरपुर से म्याऊं मार्ग पर गांव सैंजनी में बनी दुकानें। ● अमृत विचार

### प्लांट से थाना 11 किमी दूर, अब खुलेगी चौकी

● डीएम-एसएसपी ने प्लांट पहुंचकर सबको दिया सुरक्षा का भरोसा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं, अमृत विचार : थाना मूसाझाग से सैंजनी गांव की दूरी 11 किमी है। एचपीसीएल प्लांट में गोलीकांड के बाद सुरक्षा को लेकर बड़ी कवायद होती दिखाई दे रही है। सीएम योगी के गंभीर रुख के बाद प्लांट की सुरक्षा में पुलिस चौकी स्थापित होगी, जहां सुरक्षा में दो उप निरीक्षक व आठ सिपाही तैनात किए जाएंगे। नवागत एसएसपी अंकिता शर्मा ने डीएम अवनीश राय प्लांट पर जाकर मौका मुआयना किया। डीएम-एसएसपी ने प्लांट पर मौजूद मिले कर्मचारियों से घटना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बैठक कक्ष के साथ उप महाप्रबंधक की हत्या वाले स्थान को भी देखा। दोनों अफसरों ने बताया कि बताया कि प्लांट पर पुलिस चौकी स्थापित कराई जा रही है। सुरक्षा इंतजमों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। थाना मूसाझाग से प्लांट की दूरी काफी है। थाने से पहले डहरपुर फिर गांव सैंजनी और वहां से प्लांट जाना होता है। सैंजनी भी बड़ा गांव है, जहां दो हजार से ज्यादा की जनसंख्या है। एसएसपी ने तुरंत सैंजनी में् रचौकी स्थापित करने को कहा है।

### हमलावर अजय की दुकानों पर चलेगा बुलडोजर

● प्रशासनिक टीमों ने गांव पहुंचकर दुकानों की नापतौल की

संवाददाता, दातागंज/ बदायूं, अमृत विचार : प्लांट पर अधिकारियों की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी अजय प्रताप सिंह की सड़क पर बनीं दुकानें जल्द ही बुलडोजर चलाकर ध्वस्त की जाएंगी। यह दुकानें अतिक्रमण करके डहरपुर से म्याऊं मार्ग पर गांव सैंजनी में बनाई गई हैं। शनिवार को अधिकारियों ने दुकानों की पैमाइश की। डीएम को रिपोर्ट सौंपी गई है। गांव सैंजनी में एचपीसीएल के अधिकारियों की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी के पिता राजेश कुमार सिंह के नाम पर सड़क पर भवन है। जो बदायूं-दातागंज मार्ग स्थित गांव डहरपुर से करीब चार किमी दूर है। जहां छह दुकानें बनी हैं। जो किराए पर उठी हैं। शनिवार शाम एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार छविराम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। दुकानों की नपत कराई गई। जिसके बाद सभी दुकानों को तत्काल प्रभाव से खाली करा दिया गया। रिपोर्ट डीएम को दी गई है। जल्द ही दुकानों का अतिक्रमण हटाया जाएगा।

### मां के नाम से चल रहा राशन का कोटा सस्पेंड

बदायूं। प्रशासन ने हत्यारोपी अजय की मां के नाम से गांव में चल रहे राशन का कोटा सस्पेंड कर दिया है। दातागंज सर्किल से हटाए गए सीओ डॉ. देवेन्द्र कुमार की जगह लखनऊ में डायल 112 में तैनात क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय को तैनाती दी गई है। मूसाझाग थाने के इंस्पेक्टर व हल्का इंचार्ज पहले ही सस्पेंड किए जा चुके थे। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह का तबादला भी हत्याकांड के चलते किया जा चुका है। इस घटना को लेकर सीओ देवेन्द्र का भी तबादला हो गया है।

# प्लांट तीसरे दिन भी बंद रहा दातागंज सीओ देवेन्द्र भी नपे

● लखनऊ में तैनात रहे राहुल पांडे सीओ दातागंज बनाए गए

● सुरक्षा को लेकर परेशान हैं प्लांट के कर्मचारी

संवाददाता, दातागंज/ बदायूं

**अमृत विचार :** एचपीसीएल प्लांट में दिनदहाड़े हुई दो अफसरों की हत्या के बाद कर्मचारी दहशत से नहीं उबर पा रहे। तीसरे दिन भी शनिवार को प्लांट ठप रहा। कुछ कर्मचारी ड्यूटी करने पहुंचे भी तो उनको लौटा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बदायूं की घटना पर संज्ञान लेते हुए कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्लांट पर पुलिस चौकी की स्थापना कराई जा रही है, जहां सुरक्षा में दो दरोगा और 8 सिपाही तैनात किए जाएंगे। थाना प्रभारी व हल्का इंचार्ज के निलंबन, एसएसपी के ट्रांसफर के बाद शासन ने सीओ दातागंज डॉ. देवेन्द्र कुमार को भी हटाकर डीजीपी मुख्यालय से अटैच कर दिया है। हत्याकांड की जांच को मंडलायुक्त बरेली की अध्यक्षता में एसआईटी भी गठित कर दी गई है। एसडीएम दातागंज धर्मेन्द्र सिंह ने बताया है कि प्लांट मंगलवार से शुरू होगा।

डीएम अवनीश राय के साथ नवागत एसएसपी अंकिता शर्मा भी कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र पहुंचकर हालात परखे। प्लांट अफसरों ने डीएम से मिलकर प्लांट चालू कराने और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी बात रखी। गुरुवार को हुए दोहरे हत्याकांड के बाद प्रशासन ने शनिवार से प्लांट शुरू होने की बात कही थी, लेकिन कामकाज आज भी शुरू नहीं हो सका। कुछ अधिकारी और कर्मचारी प्लांट पर आए लेकिन उन्हें गेट से ही वापस कर दिया गया। वहीं डर की वजह से ज्यादातर लोग काम पर ही नहीं गए। प्लांट अब भी सन्नाटा पसरा है। किसान पराली लेकर जरूर लाइन लगाए हैं। प्लांट की सुरक्षा प्लाटून पीएसी, पुलिस तैनात है। सीएम योगी बदायूं कांड को लेकर बेहद गंभीर नजर आ रहे हैं। उन्होंने मारे गए प्लांट अधिकारियों के प्रति शोक संवेदन व्यक्त कर परिजनों को सांत्वना दी है और सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा है कि आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके बाद भी यदि किसी तरह की साजिश की संभावना दिखती है, तो सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति से कार्रवाई होगी। घटना की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच के लिए कमश्नर बरेली की अध्यक्षता में एसआईटी गठित करा दी गई है।

## आखिर कब थमेंगे बदायूं में अपराध ?

बदायूं,अमृत विचार : गंगा-रामगंगा की गोद में बसा बदायूं जिला शुरू से अपराध-अपराधियों की वजह से चर्चित रहा है। 1970 से लेकर 90 के दशक तक बदायूं में दस्यु-डकैत गिरोहों का बोलबाला था। डकैत-लुटेरों के डर की वजह से उस दौरान बदायूं के कटरी क्षेत्र से गुजरने वाली मुख्य सड़कों पर रात के समय में कानवाई लगाकर पुलिस सुरक्षा में वाहन गुजारने पड़ते थे। 2000 के बाद भी भी बदायूं तमाम ऐसी सनसनीखेज अपराधिक घटनाओं की वजह से सुर्खियों में रहा है, जिनकी ओर पूरे देश का ध्यान गया। इसी दौरान यूपी पुलिस को इस पूरे क्षेत्र में ऑपरेशन कल्लू चलाना पड़ा था, क्योंकि कुख्यात डकैत कल्लू उर्फ कलुआ यादव गिरोह ने दर्जनों पुलिसकर्मियों की हत्या कर डाली थी। कल्लू बाद में बरेली पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था। बदायूं के डकैत सरगना बेहद सरगना रामखिलौना को भी बरेली पुलिस ने ही ढेर किया था। दातागंज तहसील क्षेत्र में स्थित एचपीसीएल प्लांट में 12 मार्च को हुई दो अफसरों की दिनदहाड़े हत्या की घटना के बाद नवागत एसएसपी अंकिता शर्मा पर जिले में क्राइम कंट्रोल के साथ आम जनमानस में सुरक्षा की भावना पैदा करने की चुनौती रहेगी।

# अंकिता शर्मा बदायूं की 76वीं पुलिस कप्तान, लेडी सिंघम की पहचान

● बदायूं की तीसरी महिला कप्तान हैं 2018 बैच की अंकिता शर्मा

● इंजीनियरिंग के बाद यूपीएससी क्रेक कर आईपीएस बनीं अंकिता

● मूल रूप से जयपुर, राजस्थान की रहने वाली हैं नवागत एसएसपी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** लेडी सिंघम के रूप में पहचान रखने वालीं एसएसपी अंकिता शर्मा 2018 बैच की आईपीएस हैं और मूल रूप से जयपुर, राजस्थान की रहने वाली हैं। 23 जुलाई 1992 को जन्मी अंकिता शर्मा ने 2014 में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी (एनआईटी) जमशेदपुर से इलेक्ट्रिकल इंजिनिरिंग से बीटेक किया था। बाद में यूपीएससी क्रेक कर वह आईपीएस बनीं। बदायूं जिले की वह 76वीं पुलिस कप्तान बनी हैं और यह जिम्मेदारी संभालने वाली तीसरी महिला आईपीएस हैं।

अंकिता शर्मा पूर्व कानपुर कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त भी रह चुकी हैं। कानपुर में उनके सफल कार्यकाल के दौरान हत्या, लूट जैसी दर्जनों वारदातों का खुलासा हुआ था। साथ ही कई अपराधियों के एनकाउंटर भी देखने को मिले थे। वहां यातायात का अतिरिक्त प्रभार मिलने पर उन्होंने यह काम भी बखूबी संभाला था और महानगर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे। उनकी तैनाती नोएडा में भी रही है, जहां मिशन शक्ति अभियान बेहद प्रभावशाली ढंग से संचालित किया था। एसएसपी बदायूं नियुक्त होने से पहले वह कासगंज जिले की एसपी थीं। कासगंज में उन्होंने अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया और कई सनसनीखेज वारदातों का खुलासा किया। अपराधों को लेकर हमेशा कड़ा रुख रखने वाली अंकिता शर्मा ने पुलिस विभाग में खास छवि बनाई है। यही वजह है कि शासन ने कासगंज जैसे अपेक्षाकृत छोटे जिले के स्थान पर अपराधों के मामले में बेहद संवेदनशील बदायूं जिले में बतौर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद तैनाती दी है। उन्हें ऐसे समय एसएसपी बदायूं भेजा गया है, जब थाना मूसाझाग क्षेत्र में स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम प्लांट में दो डीजीएम सुधीर गुप्ता और असिस्टेंट मैनेजर हर्षित मिश्रा हत्याकांड में पुलिस की भूमिका को लेकर कई तरह के गंभीर सवाल उठ रहे हैं।



एसएसपी अंकिता शर्मा को गुलदस्ता देकर स्वागत करते डीआईजी अजय साहनी।

दोहरे हत्याकांड को लेकर बदायूं की राजनीति भी गरमा रही है। इसी वजह से सरकार ने अभी तक बदायूं में एसएसपी की कुर्सी संभाल रहे डॉ. बृजेश कुमार सिंह सिंह की जगह आईपीएस अंकिता शर्मा को जिले की कमान सौंपी है। बता दें कि बदायूं जिले की कप्तानी पारी खेलने वाली अंकिता शर्मा तीसरी महिला आईपीएस हैं। इनसे पहले आईपीएस एन. पद्मजा और मंजिल सैनी बदायूं की एसएसपी रह चुकी हैं। एन पद्मजा बदायूं में कार्यकाल करीब छह महीने रहा था तो मंजिला सैनी ने यहां तीन महीने कप्तान की कुर्सी संभाली थी। बदायूं जिले में ब्रिटिश काल के बाद पहले भारतीय पुलिस कप्तान 1946 में एनके गुप्ता बने थे। उसी क्रम में अब आईपीएस अंकिता शर्मा 76वीं कप्तानी पारी देखने को मिलेगी।

### पारदर्शी-संवेदनशील पुलिसिंग होगी: एसएसपी

बदायूं,अमृत विचार : नवागत एसएसपी अंकिता शर्मा ने शनिवार को बदायूं का चार्ज संभाल लिया। अपने अंदाज में मीडिया से बातचीत में कहा, पुलिसिंग में पारदर्शिता, टीम भावना, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा नजर आएगी। साइबर- ऑर्गेनाइज्ड क्राइम रोकना प्राथमिकता रहेगी। नवरात्र में मिशन शक्ति के कार्यक्रमों के जरिए सबको कानून एवं सुरक्षा का बोध कराया जाएगा। मुख्यालय पहुंचने पर डीआईजी बरेली रेंज अजय साहनी के साथ पूर्व एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पुलिस लाइन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी व एसपी ग्रामीण डॉ. ह्रदेश कठेरिया ने नई कप्तान का स्वागत किया। टीम बदायूं से परिचय के बाद एसएसपी अंकिता शर्मा ने जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए बनाने को लेकर अपना मैसेज दिया। पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि एचपीसीएल प्लांट में दोहरा हत्याकांड गंभीर घटना है। पुलिस- एसओजी के साथ मौका मुआयना किया गया है। इन्वेस्टीगेशन बेहद गंभीरता से कराएंगी और प्रगति के बारे में मीडिया को बताया जाएगा। शासन-प्रशासन की प्राथमिकताओं का अनुपालन होगा। यूपी पुलिस के मुखिया की प्राथमिकताओं में साइबर व ऑर्गेनाइज्ड क्राइम हैं, उन पर विशेष काम होगा। महिला और बाल अपराधों को लेकर मुख्यमंत्री सख्त हैं। नवरात्र पर हर थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति के तहत खास जागरूकता कार्यक्रम कराए जाएंगे।



एसएसपी बदायूं।

सबसे पुराना स्थापित 1960

गुप्त रोगी रोजाना मिलें

हर जगह से परेशान रोगी मिले

नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी

बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार

बवासीर

खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर

कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित

उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक

निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली

मो. 9259082174

### एचपीसीएल अधिकारियों के निधन पर दी श्रद्धांजलि

बदायूं, अमृत विचार : शनिवार को परशुराम चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह व कार्यकर्ताओं ने हिन्दुस्तान पेट्रोलियम में डिप्टी जनरल मैनेजर सुधीर गुप्ता एवं असिस्टेंट मैनेजर हर्षित मिश्रा की हत्या की निंदा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह ये हत्याकांड हुआ है ये भाजपा सरकार की पोल खोलती है। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था चरमराई गई है।

# चार मिनट में दो अफसरों की हत्या कर भागा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एचपीसीएल प्लांट के उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता व सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की हत्या मामले की जांच में नए खुलासे हो रहे हैं। आरोपी ने अधिकारियों को प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में ही गोली मारी थी। पुलिस के अनुसार, चार मिनट में दोहरे हत्याकांड को अंजाम देकर वह भाग गया था। प्लांट से निकाले जाने के बाद अजय सिंह को लग रहा था कि रसूख कम हो जाएगा, इसको लेकर उसने गोलीकांड कर डाला।



आरोपी की फोटो।

घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी सैंजनी निवासी अजय प्रताप सिंह ने थाने जाकर सरेंडर किया था। हिरासत से भागते में वह पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया था। पूछताछ में उसने आरोप लगाया कि अधिकारी जानबूझकर उससे इस तरह का काम करा रहे थे। उसे बुरा लगता था कि अन्य कर्मचारियों की नजर में उसकी इमेज गिर रही है। अधिकारियों ने उसे नौकरी से भी निकलवा दिया। उसका पराली का ठेका निरस्त कराया और उसकी गाड़ी भी प्लांट से हटवा दी। वह दो तमंचे लेकर बैठक में पहुंचा। जहां दोनों अधिकारियों के अलावा तीन और लोग बैठे थे। हर्षित मिश्रा की पीठ पर सटाकर गोली मारी। जिसे देखकर वहां मौजूद सभी लोग भागे। उप महाप्रबंधक बाहर भागे। उनका पैर नाले में चला गया और वह गिर गए। आरोपी ने कमरे के गेट पर आकर उन्हें गोली मार दी जो उनके सीने पर लगी। फिर पास में गया और सीने पर दूसरे गोली मार दी थी। पूरा घटनाक्रम लगभग चार मिनट में हुआ।

वह एक बजकर 55 मिनट पर भीतर गया और एक बजकर 59 मिनट पर गाड़ी से बाहर निकला और थाने जाकर सरेंडर कर दिया। हत्याकांड से सुरक्षा पर सवाल हैं।

### यूपी में कानून व्यवस्था चरमराई : ओमकार

बदायूं, अमृत विचार : हत्याकांड को लेकर परशुराम चौकी स्थित कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा हुई। पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मौन रखकर अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी। निवर्तमान प्रदेश सचिव जितेंद्र साहू व पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि हत्याकांड ने भाजपा सरकार की पोल खोल दी है। सुनीता सिंह व वीरेश तोमर, शफी अहमद, इगलास हुसैन, सूरजपाल सोलंकी, बाबू चौधरी, एराज अली मौजूद रहे।

# खेत में सिंचाई के समय करंट से किसान की मौत

● शनिवार सुबह गांव लोहरपुरा के पास खेत पर हुआ हादसा

● किसान की मौत से परिवार मे मचा कोहराम

संवाददाता, उस्मानपुर

**अमृत विचार :** खेत पर फसल की सिंचाई करने के दौरान एक किसान को करंट लग गया। किसान की मौके पर मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव लोहरपुरा निवासी रामभूप (52) पुत्र मुंशी खेती बाड़ी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। शनिवार सुबह वह अपने खेत पर फसल की सिंचाई कर रहे थे।

उनके खेत में लगे बिजली के खंभे के अर्थिंग वाले तार में करंट आ रहा था। रामभूप उस तार की चपेट में आ गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसा देखकर आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे।

तब तक किसान की मौत हो चुकी थी। किसान के परिजनों को सूचना देकर बुलाया। परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर जरीफनगर पुलिस भी खेत पर पहुंची। मृतक के बेटे अजय ने मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**राहत की बात**

छह सौ मीटर लंबी सड़कों का कराया जा रहा निर्माण

# तीस लाख से आवास विकास की सड़कों का हो रहा जीर्णोद्धार

● बजट आवंटन के बाद कार्य शुरू मिलेगी सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** कई सालों से जर्जर हो चुकीं आवास विकास कॉलोनी की सड़कों की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। इनकी मरम्मत करीब तीस लाख की लागत से कराई जा रही है। करीब छह सौ मीटर सड़कों का जीर्णोद्धार होने के बाद कॉलोनी के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

आवास विकास कॉलोनी की सड़कें पिछले कई सालों से टूटी हुई पड़ी थीं। इनमें गहरे-गहरे गड्ढे हो गए थे। बरसात के दौरान जलभराव होने की वजह से कॉलोनी वासियों को आने जाने में दिक्कत होती थी। जिसमें सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल जाने वाले बच्चों को होती थी। पानी के बीच से गुजरने पर उनकी ड्रेस खराब हो जाती थी। सड़कों के निर्माण के लिए कॉलोनी के लोग परिषद के अधिकारियों से लगातार मांग कर रहे थे। कॉलोनी के लोगों की समस्या को देखते हुए परिषद के अधिकारियों ने सड़कों के निर्माण के लिए गुजरे वित्तीय वर्ष में प्रस्ताव तैयार कर शासन में भेजा था। जिसमें से 8 सौ मीटर सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिल गई थी। मिले बजट से परिषद ने मुख्य मार्ग से सहित कई गलियों की सड़कों का निर्माण करा दिया था। अधिक बजट न मिलने के कारण करीब 6 मीटर टूटी सड़कें निर्माण कराने से रह गई थीं। इन सड़कों के निर्माण के लिए परिषद की ओर से गुजरे साल के अक्टूबर माह में प्रस्ताव भेजा था। जिसकी स्वीकृति मिलने के साथ शासन की ओर से तीस लाख का बजट आवंटित कर दिया। धनराशि मिलते ही परिषद के अधिकारियों ने टेंडर प्रक्रिया को पूरा करते हुए निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। मार्च माह के अंत तक सड़कों का निर्माण पूरा हो जाएगा। सड़कों की हालत सुधारने के बाद कॉलोनी के लोगों को आवागमन के लिए सुविधा जाएगी।



सड़क निर्माण के लिए डाला गया पत्थर। ● अमृत विचार

करीब छह सौ मीटर सड़कों के निर्माण कार्य के लिए तीस लाख का बजट मिला है। सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। मार्च माह के अंत तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा। **-पारस सक्सेना**, जेई आवास विकास परिषद बदायूं

न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की भिड़ंत एक युवक घायल

**संवाददाता, बिल्सी अमृत विचार :** वजीरगंज-बिल्सी मार्ग पर स्थित गांव मूसापुर के पुल के पास शनिवार की सुबह दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। जिला संभल के गांव नगला निवासी सलीम पुत्र मजहर खान अपने पुत्र सलमान के साथ बाइक से वजीरगंज की ओर से बिल्सी लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक मूसापुर गांव के पुल के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। सलीम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल को एंबुलेंस के माध्यम से बिल्सी के सरकारी अस्पताल भेजा गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए सलीम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### देहमू के जंगल में लगी आग, पेड़-पौधे जले

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र में देहमू के जंगल में शनिवार लगभग दो बजे आग लग गई। सैकड़ों पेड़ पौधे आग की चपेट में आ गए। आग की लपटें और धुआं का गुबार देखकर ग्रामीणों की सूचना पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची। पुलिस भी मौके पर गई। तकरीबन तीन घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारण की जानकारी नहीं हो सकी है।

### चोरी की कार के साथ युवक गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** अलापुर पुलिस ने चोरी की कार यूपी 25 एचटी 4637, तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ जिला बरेली के थाना फरीदपुर क्षेत्र के गांव सिपईया निवासी राजीव शर्मा पुत्र प्रेमपाल शर्मा को गिरफ्तार किया है। चोरी का मामला बरेली के थाना सिरौली में दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा।

# सिलेंडर की कमी से परिषदीय स्कूलों में चूल्हे पर बनने लगा खाना

## बेसिक शिक्षा विभाग ने मिड-डे मील अथॉरिटी को लिखा पत्र, एक माह के एलपीजी सिलेंडर के लिए की मांग, फिर भी नहीं हुआ समाधान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** आम उपभोक्ता एलपीजी गैस के लिए परेशान है। एक एक सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लग रही है। घंटों लाइन में लगने के बाद भी लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रही है। घरों में महिलाओं को खाना बनाने की दिक्कत हो रही है। अब यह संकट परिषदीय स्कूलों तक पहुंच गया है। कई परिषदीय स्कूलों में सिलेंडर खाली हो चुके हैं। ऐसे में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने में रसोइयों को परेशानी हो रही है। बच्चे को दोपहर का खाना नहीं मिल पा रहा है। खाना बनाने के लिए मजबूरन चूल्हा जलाना पड़ रहा है। स्कूलों में इस किल्लत को दूर करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मिड-डे मील अथॉरिटी को पत्र लिखा गया है। जिसमें एलपीजी सिलेंडर के लिए मांग की गई है।

जिले में 2158 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को दोपहर का खाना दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में रसोइयों के द्वारा खाना बनाया जाता है। वहीं नगर क्षेत्र के स्कूलों में एनजीओ द्वारा पका पकाया भोजन उपलब्ध कराया जाता है। राज्य परियोजना की ओर से स्कूलों में एमडीएम के तहत एलपीजी गैस सिलेंडर से चलने वाले चूल्हे पर ही खाना बनाने का नियम है। लकड़ी का चूल्हा चलाना मना है। ऐसा करते पाए जाने पर कार्रवाई का प्रावधान है, लेकिन गैस की किल्लत के कारण अनेक स्कूलों में मध्यान्ह भोजन पर संकट गहरा गया है। सिलेंडर पाने के लिए शिक्षकों को इधर उधर भटकना पड़ रहा है। लेकिन सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। नियम के अनुसार स्कूल के बच्चों को दोपहर में भोजन दिया जाना जरूरी है। ऐसे में वह मजबूरन लकड़ी के चूल्हे पर भोजन को तैयार करा रहे हैं। नियम के तहत एक स्कूल में प्रति माह कम से तीन और अधिक से अधिक से आठ एलपीजी सिलेंडर की खपत है। जिन स्कूलों में पहले से स्टॉक में एलपीजी गैस सिलेंडर रखा हुआ है। वहां खाना नियमित रूप से बन रहा है। लेकिन जिन स्कूलों में सिलेंडर की गैस के साथ स्टॉक भी नहीं बचा है, वहां चूल्हे पर लड़की माध्यम से खाना बनाया जा रहा है।

> सिलेंडर की कमी जिले भर में है। स्कूलों में भी खाना बनाने की दिक्कत हो रही है। मिड-डे मील अथॉरिटी को पत्र भेज कर गैस की मांग की गई है। साथ ही आपूर्ति विभाग से भी संपर्क किया गया है। उनके स्कूलों में सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। -**वीरेंद्र कुमार सिंह**, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

> सिलेंडर का स्टॉक सभी एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा है। जिन लोगों ने ई-केवाईसी करा ली है। उनको सिलेंडर मिल रहा है। परिषदीय स्कूलों में सिलेंडर की कमी का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है। यदि विभाग स्तर से मांग की जाती है तो सिलेंडर की आपूर्ति कराई जाएगी। - **सतीश चंद्र मिश्रा**, जिला पूर्ति अधिकारी

### लाइन में लगे रहे उपभोक्ता, नहीं मिला सिलेंडर

**संवाददाता, बिसौली, अमृत विचार :** सिलेंडर की आपूर्ति न होने की वजह से उपभोक्ता परेशान हो चुके हैं। घंटों लाइन में लगने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। शनिवार को भारत गैस एजेंसी का ऑफिस आपूर्ति न होने की वजह से बंद रहा है। भोर से लाइन में लगे उपभोक्ता को मायूस होकर लौटना पड़ा। वहीं इंडेन गैस एजेंसी संचालक द्वारा सिलेंडर का वितरण किया गया। यहां भी उन लोगों को ही सिलेंडर मिल सका। जिन्होंने ई-केवाईसी करा रखी है। अन्य बिना सिलेंडर खाली हाथ लौटना पड़ा। शनिवार को भारत गैस और इंडेन गैस एजेंसी पर भारी भीड़ देखी गई। भारत गैस एजेंसी ऑफिस के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगी हुई थी। करीब नौ बजे एजेंसी संचालक द्वारा आपूर्ति न होने की सूचना दी गई। जिससे उपभोक्ताओं को निराशा हाथ लगी। आपूर्ति के चलते भारत गैस एजेंसी का ऑफिस बंद रहा। वहीं इंडेन गैस एजेंसी संचालक द्वारा सिलेंडर का वितरण कराया गया। इस एजेंसी पर लाइन में लगे उन्हीं उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिया गया। जिन्होंने ई-केवाईसी करवाई हुई थी। ई-केवाईसी न कराने वाले उपभोक्ताओं को बिना सिलेंडर के वापस लौटना पड़ा।

## गैस के दाम बढ़ने के साथ किल्लत पर आप ने किया प्रदर्शन

- राज्यसभा सांसद के आह्वान पर प्रदर्शन करके पार्टी पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट में मौजूद आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व अन्य।

**अमृत विचार :** महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत व कीमत में वृद्धि को लेकर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने प्रांतीय आह्वान पर मालवीय अध्यापक आवास गृह और कलेक्ट्रेट परिसर में सिलेंडर लेकर प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया जा रहा है।

पार्टी के जिलाध्यक्ष भूदेव सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में न केवल महंगाई बल्कि आर्थिक संकट से जूझ रही है। गैस सिलेंडरों की किल्लत के चलते एक बार फिर लाइनों में लगने को मजबूर हो गए हैं। सबसे बड़ा बोझ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर पर 60 रुपये और कमर्शियल पर 120 रुपये की वृद्धि हुई है। जिससे आम जनता और छोटे व्यापारियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े कारोबारियों के सामने आर्थिक संकट है। उनका व्यवसाय भी बंद हो गया है। कहा कि देश में उपयोग होने वाली लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी विदेशों से आयात की जाती है। आरोप लगाया कि गैस और ऊर्जा क्षेत्र में कुछ निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों के कारण गैस कीमतों में कई जगहों पर कई गुना वृद्धि देखने को मिल रही है। गुजरात के मोरबी जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में सैकड़ों उद्योग बंद हो चुके हैं। अगर केंद्र सरकार ने समय रहते महंगाई और ऊर्जा संकट पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए तो देश की आर्थिक स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। उन्होंने ज्ञापन देकर हाल में घरेलू सिलेंडर पर बढ़े दाम वापस लेने, पेट्रोल व डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पारदर्शी नीति लागू करने, गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी देने, महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार के स्पष्ट और जवाबदेह नीति घोषित करने की मांग की। कहा कि अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो आंदोलन किया जाएगा। कृष्ण देवी, दिनेश राठौर, जितेंद्र कुमार, अवनीश कुमार, आरिफ, उमर अली, निजाकात, ओमपाल सिंह, रामप्रताप सिंह, इस्माइल आदि मौजूद रहे।

## कड़ी सुरक्षा में होगा कापियों का मूल्यांकन

- यूपी बोर्ड मूल्यांकन केंद्र पर तैनात होंगे स्टेटिक मजिस्ट्रेट
- जिले के चार केंद्रों पर 18 मार्च से शुरू होगा मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी चल रही है। इस बार मूल्यांकन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराया जाएगा। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होने वाले मूल्यांकन के लिए सभी केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। साथ ही कंट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी।

18 मार्च से शुरू होने वाले मूल्यांकन के लिए चार कॉलेज राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज और हाफिज सिद्दीकी इस्लामिया इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। श्री कृष्णा इंटर कॉलेज व हाफिज सिद्दीकी इस्लामिया इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाएं जांची जाएगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से मूल्यांकन के नियमों को सख्त कर दिया है। शासन के आदेश पर मूल्यांकन कार्य को शुचितापूर्वक कराने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपनी उपस्थिति की सूचना जिला मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम के नंबर पर व्हाट्सएप और एसएमएस के जरिए देंगे। बोर्ड की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा। साथ ही इसकी रिकॉर्डिंग की जांच जरूरत पड़ने पर अधिकारी करेंगे। मूल्यांकन केंद्र के कोठार की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। प्रत्येक बार खुलने और बंद होने का विवरण रजिस्टर पर दर्ज होगा। परीक्षक के एक बार विद्यालय में प्रवेश करने के बाद उसे मूल्यांकन कार्य समाप्त होने के बाद ही बाहर जाने दिया जाएगा। किसी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

> उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार कराया जाएगा। शहर के चार मूल्यांकन केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। मूल्यांकन को लेकर तैयारी की जा रही है। सोमवार से उत्तर पुस्तिकाएं आनी शुरू हो जाएगी। -**लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक

## हेपेटाइटिस बी की समीक्षा बैठक में दिए दिशा निर्देश

- एनएचसी कार्यक्रम के तहत चिकित्सकों को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


समीक्षा बैठक में हिस्सा लेते डाक्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार को जिला अस्पताल के सभागार में हेपेटाइटिस बी और सी की समीक्षा बैठक की गयी। फिजिशियन ने डॉक्टर को हेपेटाइटिस का प्रशिक्षण दिया और गर्मी में होने वाली बीमारियों से सचेत करते हुए मरीजों को हर संभव उपचार उपलब्ध करने को कहा।

जिला अस्पताल में आज एनएचसी कार्यक्रम के तहत हेपेटाइटिस बी एवं सी की समीक्षा एवं संवेदीकरण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एन बी एच सी पी के नोडल डॉ. एस एम कमल द्वारा अन्य चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ को हेपेटाइटिस बी एवं हेपेटाइटिस सी से संबंधित जानकारी दी गई। जिसमें हेपेटाइटिस से बचाव एवं उसकी रोकथाम एवं इलाज के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उन्होने बताया कि हेपेटाइटिस बी और सी गंभीर बीमारी हैं। इससे पीड़ित मरीज को संवेदनशीलता के साथ देखा जाना चाहिए। एसएम कमल ने कहा कि गर्मी के दिनों में जहां अन्य बीमारियां बड़े पैमाने पर फैलती हैं वहीं हेपेटाइटिस के मरीजों की संख्या भी बढ़ती है जिससे ओपीडी में मरीजों की लाइन लगी रहती है। उन्होने कहा कि जो पैरामेडिकल स्टाफ है उसे बहुत सावधानी से काम करना होगा जिससे मरीज को किसी तरह की दिक्कत न हो।

समीक्षा बैठक में सीएमएस डा. अमित वार्ष्णेय ने कहा कि अब गर्मी शुरू हो चुकी है ऐसे में चिकित्सा अधीक्षक और अन्य स्टाफ को नियमित डयूटी करनी होगी। यदि किसी स्तर पर लापरवाही देखी गयी तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। वह स्वयं ओपीडी का निरीक्षण करेंगे। कहा कि जो गंभीर मरीज होते हैं उन्हे लाइन में न लगाएं उन्हे पहले देखें और दवा दिलाएं।

समीक्षा बैठक में डा. जी के गुप्ता, डॉ. राजेश कुमार वर्मा, डॉ. विकास शर्मा एवं अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।

## श्री रामकथा सुनने से बनता है पवित्र आचरण

- नेकपुर स्थित भगवान परशुराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में श्री रामकथा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


कॉलेज में आयोजित कथा के दौरान मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला नेकपुर स्थित भगवान परशुराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चल रही श्रीराम कथा महोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास सामाजिक संत रवि जी समदर्शी ने मार्मिक प्रवचनों से श्रद्धालुओं को रामकथा का महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि श्री रामकथा जीवन को मर्यादित और पवित्र बनाती है। वातावरण सुगंधित हो जाता है। रामायण हमें अपने निज धर्म पर चलना सिखाती है। मन में उठने वाले संशयों को दूर करती है और जीवन के दुख-संताप को समाप्त करने का मार्ग दिखाती है। प्राचीन काल में यह कथा विभिन्न स्थानों पर महापुरुषों द्वारा सुनाई गई। प्रयागराज में महर्षि भरद्वाज को, नीलांचल में कागभुशुंडी ने पक्षियों के राजा गरुड़ को और कैलाश पर्वत पर भगवान शिव ने माता पार्वती को रामकथा का उपदेश दिया। गोस्वामी तुलसीदास ने अपने मन को रामकथा सुनाकर आत्मकल्याण का मार्ग बताया। उन्होंने राजा दक्ष के प्रजापति बनने, उनके द्वारा भगवान शिव का अपमान करने, माता सती के मन में उत्पन्न संशय, पिता दक्ष के यज्ञ में जाने की जिद, यज्ञ का विध्वंस और माता सती के शरीर त्यागने जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। सप्त ऋषियों द्वारा माता पार्वती की परीक्षा का प्रसंग भी सुनाया। यजमान के रूप में प्रधानाचार्य एससी मिश्रा, राम बहादुर पांडे, वाचस्पति मिश्र, केके उपाध्याय, केएल गुप्ता, लीला पांडे, राहुल पांडे, कुसुम सक्सेना, अमित पांडे, उत्पल विजय, आयुष भारद्वाज, आदित्य गुप्ता, अंकुश आदि ने प्रसाद ग्रहण किया।

## कपड़ा व्यवसायी की पत्नी का हार्ट अटैक से निधन

**संवाददाता, बिसौली, अमृत विचार :** नगर के कपड़ा व्यवसायी रजत अग्रवाल की पत्नी अनुराधा अग्रवाल (38) की शुक्रवार रात हार्ट अटैक से मौत हो गयी। अनुराधा शुक्रवार की रात 11 बजे अचानक बेचैन हो उठीं, इससे पहले घर वाले कुछ समझ पाते कि अनुराधा को उल्टी आने लगीं और कुछ मिनट में वह बेसुध हो गईं, रजत अग्रवाल तत्काल उनको कस्बे के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अनुराधा अपने पीछे 4 वर्ष की जुड़वां बेटियां छोड़ गईं हैं, नगर के लोगों और रिश्तेदारों का घर पर तांता लगा है। इतनी छोटी उम्र में इस तरह जाना परिवार के लिए बड़ा आघात है। इस घटना पर सभी दुःख और अचरज व्यक्त करते रहे।

## पुजारियों को संगठित कर बनेगा मठ मंदिर विभाग


मंदिर के पुजारी को आमंत्रण पत्र सौंपते संगठन के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सनातन धर्म के मुख्य सांस्कृतिक प्रतीक हमारे मंदिरों और संरक्षक पुजारियों को एक मंच पर संगठित करने और उनके हितों पर चिंतन मनन करने की पहल शुरू की है। अधिवक्ता अश्वनी भारद्वाज ने बताया कि अखिल भारतीय सनातन बोर्ड की ओर से मठ मंदिर विभाग का गठन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शनिवार को संगठन के पदाधिकारियों ने संपर्क अभियान चलाया। मंदिर के पुजारियों, महंत को मठ मंदिर विभाग गठन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। बताया कि कार्यक्रम मे धर्म के प्रति उदासीन होते जा रहे हैं हिंदू समाज को सशक्त और संगठित करने के संदर्भ में विचार विमर्श और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। संपर्क अभियान के दौरान चंद्र देव वर्मा, डॉ. सुशील गुप्ता, सुशील कुमार साहू, शिव ओम मथुरिया आदि मौजूद रहे।

### बैठक में नए पदाधिकारियों को सौंपे दायित्व

**संवाददाता, कादरचौक,अमृत विचार :** कस्बे में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कुछ नए पदाधिकारियों का चयन कर घोषणा की गयी। जिला संगठन मंत्री योगेश पाठक, जिला मंत्री विनय प्रताप सिंह द्वारा पदाधिकारियों को नए दायित्व की घोषणा की गई। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष मनोज राघव, प्रखंड मंत्री बृजेश गुप्ता, प्रखंड संयोजक रवीश कुमार सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष सुग्रीव सिंह, उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, प्रखंड सह मंत्री प्रखंड सेवाराम कश्यप, सह संयोजक सुमित गुप्ता, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख अर्पित गुप्ता, प्रखंड साप्ताहिक मिलन प्रमुख कुलदीप गुप्ता, सत्संग प्रमुख नितिन कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## एक सप्ताह से फुंका पड़ा है ट्रांसफार्मर, ग्रामीण परेशान

- बैंक शाखा समेत सैकड़ों परिवार बिजली संकट से जूझ रहे

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** ट्रांसफार्मर फुंक जाने से बैंक सहित तीन दर्जन से अधिक घरों की बिजली ठप हे। गांव के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो भाकियू के साथ मिल कर आंदोलन किया जाएगा। बिजली घर बिनावर से क्षेत्र के गांव रसूलपुर में बिजली दी जाती है। गांव के बाहर लगा 63 केवी का ट्रांसफार्मर सात दिन से खराब है। जिससे गांव के बैंक सहित तीन दर्जन घरों की बिजली ठप है। गांव के अजय पाल सिंह, ओमवीर ओमेंद्र, प्रेमपाल, ओम प्रकाश, नन्हेलाल, कैलाश, आराम, धनपाल, अजय पाल, कल्याण सिंह, राम रहीश आदि दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति ठप है। जिससे मोबाइल चार्जिंग पंखा कूलर आदि शोपीस बनकर रह गए है।

ग्रामीणों ने बताया शासन के निर्देश के अनुसार खराब ट्रांसफार्मर बदलने के लिए 24 घंटे का समय दिया जाता है लेकिन बिजली विभाग की मनमानी के चलते 7 दिनों से ग्रामीण बिजली घर के चक्कर काट रहे हैं, उनके गांव में लगा ट्रांसफार्मर आज तक नहीं बदल गया है। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर ट्रांसफार्मर जल्द नहीं बदल गया तो वह किसान यूनियन के साथ मिलकर बिजली घर पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## राष्ट्रवादी विचारों से प्रेरित होता है भाजपा कार्यकर्ता

- केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा बोले- भाजपा की मजबूती के पीछे कार्यकर्ताओं का परिश्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत बिनावर, मुजरिया, सहसवान नगर, दातागंज ग्रामीण, म्याऊं, बगरैन मंडल में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए गए। बिनावर में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने किया। वहीं अन्य वर्गों का आरंभ बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, पूर्व विधायक दयासिंधु शंखधार, पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, वरिष्ठ नेता मनोज कृष्ण गुप्ता व प्रदीप चौधरी ने करके कार्यक्रमों को संबोधित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि संगठन का विस्तार तभी संभव है, जब कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग के बीच सक्रिय रहकर संवाद स्थापित करें। भाजपा का कार्यकर्ता समाज के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखता है और लोगों की समस्याओं को समझ कर उन्हें संगठन से जोड़ने का प्रयास करता है। नए लोगों को जोड़ना, संगठन की गतिविधियों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना और राष्ट्रवादी विचारों को समाज में प्रसारित करना ही संगठन विस्तार का मूल आधार है। बिल्सी विधायक ने कहा कि भाजपा का इतिहास त्याग, तपस्या और राष्ट्र समर्पण की भावना से जुड़ा हुआ है। जनसंघ से प्रारंभ हुई यह वैचारिक यात्रा निरंतर संघर्ष और संगठनात्मक प्रयासों के माध्यम से आगे बढ़ती हुई आज भाजपा के रूप में एक विशाल और प्रभावशाली राजनीतिक शक्ति बन चुकी है।

पूर्व विधायक ने कहा कि जनसंघ से प्रारंभ हुई यह वैचारिक यात्रा आज भाजपा के रूप में विशाल जन आंदोलन का स्वरूप ले चुकी है। विभिन्न विषयों पर सात सत्रों में वरिष्ठ नेता राणा प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता डॉ. शैलेश पाठक, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, जिला महामंत्री डॉ. अरुण प्रकाश व सुधीर श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष नेकपाल कश्यप, भगवान सिंह मौर्य, दुर्गेश वार्ष्णेय, जिला प्रवक्ता शैलेंद्र मोहन शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. आशीष शर्मा, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा धीरज पटेल, केशव चौहान, कृष्णवीर सिंह, अनुज माहेश्वरी, आशीष शाक्य, संदीप चौहान, अनुराग दीक्षित, अजय तोमर, रचना शंखधार, शिवम शंखधार ने अपने विषयों पर संबोधित किया। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, ब्लॉक प्रमुख शिशुपाल शाक्य, ब्लॉक प्रमुख वजीरगंज गुड्डू देवी, ब्लॉक प्रमुख सालारपुर विचित्रा देवी, चेयरमैन जगदीश लोनिया, डॉ. विवेक जौहरी आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
मेरा नाम हाई स्कूल प्रमाण पत्र में "AVTAR SING BANGAT" तथा आधार कार्ड में "AVTAR SINGH BANGAT" अंकित है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मैं अवतार सिंह बांगट पुत्र हजूरा सिंह, निवासी ग्राम मिर्चिया, तहसील पलिया, जिला खीरी (उत्तर प्रदेश) - 262904 यह घोषित करता हूँ कि उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही हैं और किसी प्रकार का भिन्न व्यक्ति नहीं है।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अशोक कुमार व पुत्रवधु प्रथमा कुमारी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सिपट्टर लाल पुत्र रामचरन लाल निवासी ग्राम सेंधा पो.मोहम्मदपुर पथरा तहसील आंवला जिला बरेली।**

सूचना
मैनें अपने पुत्र शिवम कुमार के गलत संगत में पड़ जाने की वजह से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है वह अपने कृत्य के लिए खुद जिम्मेदार होगा। **उमेश चन्द्र पुत्र नत्थू लाल ग्राम मुड़िया भीकमपुर नवाबगंज बरेली।**

आवश्यकता है
फार्मा कंपनी में
फील्ड वर्क में कार्य करने हेतु लड़कों की
सेल्स एग्जीक्यूटिव
के पद के लिए
योग्यता इंटरमीडिएट/स्नातक
कार्य करने हेतु बाइक अनिवार्य, फ्रेशर्स भी आवेदन कर सकते हैं।
सैलरी 12000 व पेट्रोल खर्च 1.75/- किमी.
सम्पर्क करें :- नितिन शर्मा मो. 918958039775
bluestrongpharmaceuticals@gmail.com

NEW ENGLAND DEACONESS SCHOOL
REQUIRES
TGTs/PRT/Kindergarten Teachers
Trained, energetic convent educated and must be competent to teach in English
Salary no bar for deserving candidates
Transport facility available from Bareilly
Walk-in-interview on 29 March 2026
Mail your resume : nedsglobal@gmail.com
Contact/Whatsapp 9760938155

आवश्यकता है
अध्यापक/अध्यापिकाओं की
छत्रपति शिवाजी कन्या उ.मा.विद्यालय
क्योलड़िया, नवाबगंज बरेली
में विज्ञान वर्ग, अंग्रेजी, गणित, कम्प्यूटर पढ़ाने हेतु
साक्षात्कार दिनांक 25.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय में पहुंचे
(प्रबंधक) छोटेलाल गंगवार
मो. 9412289998

आवश्यकता है
अध्यापक/अध्यापिकाओं की
डॉ. श्यामाचरण छोटेलाल गंगवार इ. कालेज
नवाबगंज बरेली
में विज्ञान वर्ग, अंग्रेजी, गणित पढ़ाने हेतु
साक्षात्कार दिनांक 24.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय में पहुंचे
(प्रबंधक) छोटेलाल गंगवार
मो. 9412289998

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## सीएचसी पर लगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर

**बिसौली, अमृत विचार :** मानसिक रोगियों की पहचान, रोगों की रोकथाम, उपचार के बाद रोगियों का पुनर्वास यानि सामान्य जीवन जीने के योग्य बनाने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शनिवार को एक शिविर लगाया गया, जिसका उद्घाटन भाजपा युवा नेता शिवम शंखधार और ललित वार्ष्णेय द्वारा किया गया। अवसाद, चिंता, उलझन, अल्जाइमर जैसे रोगों से ग्रसित रोगियों को मानसिक रोगों की रोकथाम, उपचार और पुनर्वास के उद्देश्य से सीएचसी पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्र के बड़ी संख्या में रोगी शिविर में पहुंचे। डॉक्टरों के एक पैनल ने मरीजों को देखा। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ सर्वेश कुमारी की देखरेख में उनकी काउंसलिंग की गई। दवाएं दी गईं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनोज कुमार यादव ने बताया कि इस शिविर की जानकारी प्रत्येक गांव में आशाओं के माध्यम से प्रचारित करवाई जाती है, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानसिक रोगियों की पहचान कर रोग की रोकथाम हेतु उपचार कर मरीज का सामान्य जीवन जीने में सहायता पहुंचना होता है।

# आई स्कैनिंग जांच के बाद मिला प्रवेश

## पुलिस भर्ती परीक्षा : जिले में 15 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुई परीक्षा, 2498 अभ्यर्थी अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


कोषागार में उत्तर पुस्तिकाएं जमा करते डीएम। ● अमृत विचार


परीक्षा केंद्र का भ्रमण करते डीएम अवनीश कुमार राय और एसएसपी अंकिता शर्मा।

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा शनिवार को जिले के 15 केंद्रों पर संपन्न हुई। दो पालियों में संपन्न हुई परीक्षा में किन्हीं कारणों से 2498 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। 6142 उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। साथ ही डीएम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा केंद्रों का भ्रमण किया जाता रहा। परीक्षा में कुल 17,208 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा रविवार को आयोजत कराई जाएगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए शहर के श्री कृष्णा इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, नगर पालिका इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, बिंदु देवी महिला महाविद्यालय, नेहरू मेमोरियल तथा शिव नारायण दास सेमटी सहित कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दो दिनों में आयोजित होने वाली परीक्षा में कुल 17,208 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। शनिवार को आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक की प्रथम पाली में 4320 अभ्यर्थियों में से 3038 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इनमें से 1282 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 4320 अभ्यर्थियों में से 3104 उपस्थित रहे। 1216 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में उपस्थिति प्रतिशत 70.32% तथा द्वितीय पाली में उपस्थिति प्रतिशत 71.85% रहा। दो पालियों में संपन्न हुई परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी समय से दो घंटे पहले ही केंद्रों पर पहुंच गए थे। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले आई स्कैनिंग और बायोमेट्रिक जांच की गई। जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान डीएम अवनीश कुमार राय, नवागत एसएसपी अंकिता शर्मा, एडीएम प्रशासन अरुण कुमार सहित अन्य प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। केंद्रों के बाहर भी भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र के आसपास रुकने की अनुमति नहीं दी गई थी। केंद्रों के आसपास यातायात व्यवस्था भी सामान्य रही। परीक्षा समाप्ति के बाद डीएम ने अपनी उपस्थित में उत्तर पुस्तिकाओं को कोषागार में जमा कराया। वहीं दूसरी ओर दरोगा भर्ती परीक्षा के चलते शहर में बाहर से बड़ी संख्या में परीक्षार्थी पहुंचे। इसके कारण रोडवेज बसों में भीड़ काफी बढ़ गई। कई अभ्यर्थियों को बसों में खड़े होकर सफर करना पड़ा।

### पाठ्यक्रम के अनुसार पूछे गए थे प्रश्न

शनिवार को 15 केंद्रों पर उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद बाहर निकले अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को लेकर अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दीं। श्री कृष्णा इंटर कॉलेज केंद्र से परीक्षा देकर बाहर आए अभ्यर्थी सुभाष ने बताया कि पेपर समझने में कठिनाई नहीं हुई। कई प्रश्न सीधे थे, इसलिए हल करने में अधिक समय नहीं लगा। हालांकि अंत के कुछ प्रश्न जल्दबाजी में छोड़ने पड़े। वहीं शैलेश मिश्रा ने बताया कि पेपर का स्तर अच्छा रहा। 160 प्रश्न पूछे गए थे। सवाल अधिक कठिन नहीं थे। समय के अभाव के कारण कुछ प्रश्न छूट गए। अभ्यर्थी अनुराग ने बताया कि पेपर बहुत आसान था और हमारा पेपर बहुत अच्छा गया है। उम्मीद है कि हमारे अच्छे अंक आ जाएंगे। अभ्यर्थी प्रवेश कुमार ने बताया कि प्रश्न पत्र संतुलित रहा। सामान्य ज्ञान और तर्कशक्ति से जुड़े प्रश्न अधिक थे। समय थोड़ा और मिलता तो सभी प्रश्न हल किए जा सकते थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 50021 मामलों का निपटारा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **एक ही दिन में 48,914,253 रुपए की पीड़ितों को दिलाई गई क्षतिपूर्ति**

**अमृत विचारः** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। कार्यक्रम का आरंभ जनपद न्यायाधीश विवेक संगल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण करने के बाद फीता काटकर किया। साथ ही उनके द्वारा दिव्यांगजनों को 02 ट्राई साइकिल एवं 02 वैशाखी का वितरण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोमल श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में 50021 मामलों का निपटारा किया गया। पीड़ितों को 48,914,253 रुपए की क्षतिपूर्ति दिलाई गई। बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, अपर प्रधान न्यायाधीश के द्वारा पसी समझौते के आधार पर कुल 98 पारिवारिक विवादों का निस्तारण किया गया।

मोटर दुर्घटना के 71 वादों का निस्तारण कराया गया। पीड़ितों को बतौर क्षतिपूर्ति अंकन 48839000 रुपये दिलायी गई। उपभोक्ता फोरम में चार वादों को रखा गया। जिसमें एक का निस्तारण कर अंकन 75253 रुपये की धनराशि पीड़ितों को बतौर क्षतिपूर्ति दिलाई गई। न्यायालय स्थाई लोक अदालत 10 वादों में से 04 वादों का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुल 2052 मामलों का निस्तारण किया गया। विभिन्न बैंकों के 1257, भारत संचार निगम लि. के 9, राजस्व सम्बन्धित 424, 589 स्थानीय निकायों और अन्य प्रकार के 40177 मामले थे।

इस प्रकार कुल 42456 प्री-लिटिगेशन मामलों का एवं न्यायालयों में लंबित फौजदारी एवं सिविल वादों में 7565 वादों का निस्तारण हुआ। बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 50021 वादों का निस्तारण हुआ।

# प्रशिक्षण से अपडेट हो रही भाजपा

संवाददाता, बिसौली


प्रशिक्षण वर्ग में शामिल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ब्लू ऑर्चिड बैंक्वेट हॉल में चल रहे भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम शनिवार को सात विषयों पर प्रशिक्षण लेने के बाद पूर्ण हुआ। इसमें नगर शक्ति केंद्र संयोजक से जुड़े सभी पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

इन दिनों विधानसभा बिसौली में भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम चल रहा है। अपने कार्यकर्ताओं को समयानुसार अपग्रेड और अपडेट करने के उद्देश्य से भाजपा प्रत्येक बूथ स्तर से जुड़े पदाधिकारियों के लिए ये आयोजन समय समय पर करती रहती है।

मंडल स्तर पर आयोजित होने वाला आयोजन का बिसौली मंडल पर शुक्रवार को शुरू और शनिवार को पूर्ण हुआ। इसके अंतर्गत प्रत्येक मंडल पर एक दिवसीय कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। भाजपा बिसौली नगर मंडल के पांचवे सत्र की अध्यक्षता उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष कृष्णावतार शर्मा ने की, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता शैलेश पाठक रहे। कार्यक्रम सात सत्रों में वर्गीकृत किया गया था। शुक्रवार को तीन सत्र हुए जिसमें भाजपा की कार्य पद्धति, भाजपा का इतिहास और विकास, भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान, एआई और सोशल मीडिया का सदुपयोग, भाजपा की कार्य पद्धति, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं और उनका क्रियान्वयन। शैलेश पाठक और श्री शर्मा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं और उनका क्रियान्वयन विषय पर व्याख्यान दिये। कार्यक्रम में भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारीगण शक्ति केंद्र संयोजक इसमें प्रतिभाग करते नजर आए। आम तौर पर प्रत्येक मंडल में इनकी संख्या सौ के लगभग रहती है चूँकि बिसौली नगर में कुल 27 मंडल हैं, जो एक बूथ की दृष्टि से कम हैं।

## बाला जी मंदिर में किया गया सामूहिक सुंदरकांड पाठ

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या दो खैरी रोड स्थित श्री बालाजी मंदिर पर शनिवार को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक सुंदरकांड का पाठ कर भगवान हनुमान की आराधना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में भगवान हनुमान के भव्य श्रृंगार और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया। पाठ के दौरान मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। कन्याओं को सहभोज कराया गया, जिसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में नगर और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# हादसे में घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत

- **मूसाझाग क्षेत्र में संजरपुर गांव में हुआ था हादसा**
- **गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कालेज में चल रहा था उपचार**

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल एक किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि उसका मौसेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। थाना मूसाझाग क्षेत्र के मूसाझाग गांव निवासी सुरेंद्र (15) पुत्र मुन्ने अपने मौसेरे भाई गांव संजरपुर निवासी उमेश पुत्र ओमपाल के साथ उझानी में एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने 19 फरवरी को गए थे। अगले दिन वह दोनों वापस लौट रहे थे। रास्ते में किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर परिजन पहुंचे। घायलों को अस्पताल लेकर गए।

हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर किया। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार रात सुरेंद्र ने दम तोड़ दिया। उमेश की हालत नाजुक है।

### सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत, पिता गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, विजय नगला/म्याऊं.अमृत विचार : सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सभी को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों की मौत की पुष्टि कर दी। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। हादसा शनिवार देर शाम थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सैंजनी स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ। गांव घिलौर निवासी शिवम (20) अपने पिता राधेश्याम और मां खिलौना देवी (50) के साथ बाइक से अलापुर क्षेत्र में बहन बहन के घर से वापस लौट रहे थे। पेट्रोल पंप के पास सामने से तेज रफ्तार से आए वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे की मौके पर मौत हो गई जबकि राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सक ने शिवम और खिलौना देवी की मौत की पुष्टि कर दी। राधेश्याम को जिला अस्पताल रेफर किया। शिवम सात भाई-बहनों में तीसरे नंबर के थे। मजदूरी करके परिवार के पालन में सहयोग करते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल



**बिनावर, अमृत विचार :** बिनावर थाना क्षेत्र में गांव ददमई के पास पलिया झंडा के लिंक रोड पर किसी वाहन बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव कैली निवासी रोहित (25) पुत्र सुरेंद्र की मौत हो गई जबकि बाइक सवार दूसरा युवक राहुल पुत्र राजाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस पहुंची। दोनों युवकों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने रोहित की मौत की पुष्टि कर दी। घायल को भर्ती किया गया है।

## बीएएमएस की पंजीकरण अवधि बढ़कर पांच साल हुई

**बदायूं, अमृत विचार :** जनपद में पूर्व में बीएएमएस चिकित्सकों का आयुर्वेद क्षेत्रीय कार्यालय में पंजीकरण केवल एक वर्ष के लिए किया जाता था। यह अवधि काफी कम समय को होने के कारण चिकित्सकों को बार-बार पंजीकरण कराने में असुविधा का सामना करना पड़ता था।

लेकिन अब शासन स्तर से एक साल से बढ़ाकर पांच साल को कर दी गयी है। धन्वंतरि डॉक्टर्स एसोसिएशन तथा विधायक महेश चंद्र गुप्ता के अथक प्रयासों से अब इस पंजीकरण की समय-सीमा बढ़ाकर 5 वर्ष कर दी गई है। धन्वंतरि डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि उन्होंने औऱ एसोसिएशन ने इस सम्बंध में भाजपा विधायक महेश चंद्र गुप्ता को ज्ञापन सौंप कर आग्रह किया था।

# पूर्व प्रधान और बेटे ने की मारपीट व फायरिंग

- **गांव सैफुल्लागंज में ट्रैक्टर रोककर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करके की थी मारपीट**

संवाददाता, इस्लामनगर


शुक्रवार देर शाम थाने के सामने मौजूद पीड़ित। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सैफुल्लागंज में पूर्व प्रधान और उसके बेटे पर मारपीट, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने और फायरिंग करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

गांव सैफुल्लागंज बदन सिंह पुत्र पीतांबर शुक्रवार को अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली से नूरपुर पिनौनी से घर लौट रहे थे। ट्रैक्टर उनका बेटा मनवीर चला रहा था। शाम करीब छह बजे जब वह गांव में पूर्व प्रधान यादवीर यादव पुत्र रामफल के मकान के सामने पहुंचे तो आरोप है कि यादवीर यादव और उसके बेटे मुनीश ने ट्रैक्टर रुकवा लिया।

दोनों ने गाली-गलौज करते हुए बदन सिंह और उनके बेटे के साथ मारपीट की। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। किसी तरह बदन सिंह और उनका बेटा वहां से जान बचाकर अपने घर की ओर जाने लगे। आरोप है कि इसी दौरान पीछे से यादवीर यादव ने राइफल से जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। गोली किसी को नहीं लगी। वह दोनों बच गए। घटना के बाद शुक्रवार रात को ही गांव के करीब आधा दर्जन से अधिक महिला और पुरुष थाने पहुंचे और आरोपी पूर्व प्रधान व उसके बेटे के खिलाफ मारपीट, जातिसूचक शब्द कहने और फायरिंग करने की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पूर्व प्रधान यादवीर यादव और उसके बेटे मुनीश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## बड़े सरकार की दरगाह पर कराया रोजा इफ्तार

**बदायूं, अमृत विचारः** शनिवार को सदर नगर पालिका प्रशासन की ओर से उर्स के अवसर पर हजरत सुल्तानुल आरफीन (बड़े सरकार) की दरगाह पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें सपा सांसद आदित्य यादव उपस्थित रहे। बड़े सरकार की दरगाह पर आयोजित रोजा इफ्तार नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा की देखरेख में संपन्न हुआ। इफ्तार रोजेदारों के साथ अकीदतमंद लोग भी शामिल रहे। इनके अलावाशहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा सांसद आदित्य यादव और पूर्व मंत्री आबिद रजा ने बड़े सरकार की दरगाह पर अकीदत पेश की। इस दौरान सपा सांसद ने कहा कि इस तरह के धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने का काम करते हैं।

# 290 हेक्टेयर में लगाएं ड्रिप संयंत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **लक्ष्य के सापेक्ष 145 किसानों ने लगाया ड्रिप सयंत्र**
- **80 से 90 प्रतिशत दी जा रही किसानों को छूट**

**अमृत विचार :** गन्ना किसानों को कम पानी में सिंचाई करने को शासन स्तर से 290 हेक्टेयर में ड्रिप सिस्टम लगाने का लक्ष्य दिया गया है। जबकि इस समय तक कुल 269 हेक्टेयर में ड्रिप लगाई गयी है। इस योजना में शामिल गन्ना किसानों को 80 से 90 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। फिर भी लक्ष्य पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

गन्ना लगाने वाले किसानों को सिंचाई की समस्या रहती है। गन्ना की फसल में अधिक सिंचाई होती है इसलिए किसानों की जेब पर भी असर पड़ता है। इस समस्या से निजात पाने को सरकार ने गन्ना किसानों को ड्रिप सिस्टम लगाने का सुझाव दिया है। ड्रिप सिस्टम लगाने को सरकार ने गन्न विभाग को 290 हेक्टेयर रकबा में ड्रिप संयंत्र लगाने का लक्ष्य दिया है जिसके सापेक्ष अब तक तमाम प्रयासों के चलते 269 हेक्टेयर में ड्रिप संयंत्र लगाए जा चुके हैं। शेष रकबा पूरा करने को किसानों को योजना के बारे में जानकारी दी जा रही है। विभाग को 31 मार्च तक लक्ष्य हर हाल में पूरा करना है। गन्ना विभाग के अनुसार अब तक 93 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बताया कि ड्रिप संयंत्र लगाने को सरकार से लघु और सीमांत किसानों को 90 प्रतिशत की छूट दी जाती है जबकि सामान्य किसानों को 80 प्रतिशत की छूट दी जाती है। अब तक 80 प्रतिशत वाले 72 किसानों ने ड्रिप संयंत्र लगाए हैं जबकि 90 प्रतिशत वाले 73 किसानों ने ड्रिप संयंत्र लगाए हैं। एक हेक्टेयर में 1 लाख 30 हजार का ड्रिप संयंत्र लगता है। जो एक एजेंसी लगाती है।

### 80 प्रतिशत पानी की होती है बचत

ड्रिप संयंत्र लगाने के बाद पानी केवल गन्ने की जड़ में ही जाता है। इसलिए करीब 80 प्रतिशत पानी की बचत होती है। ड्रिप यंत्र से पानी की बचत के साथ किसान को आर्थिक मदद मिलती है। संयंत्र लगाने वाले किसानों को बिजली पर निर्भर नहीं रहना होता है। उनका सिस्टम रिचार्ज होते ही चालू हो जाता है।

# रेलवे ने तोड़ा अनुपयोगी भवन, नए सिरे से होगा निर्माण


पुराना पार्सल घर पर अब हथौड़ा चलने लगा इसके स्थान पर अब दूसरी इमारत का निर्माण किया जाएगा। ये इमारत ब्रिटिश काल की बनी बताई जाती है जो वर्तमान में काफी जर्जर हालत में हो गई थी। पुराने पार्सल घर में पड़ा मलबा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पुराना पार्सल घर ध्वस्त, अब बनाया जाएगा नया भवन**

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर पर अस्सी साल पुराना पार्सल घर पर अब हथौड़ा चलने लगा है। पूरी बिल्डिंग तोड़ी जा रही है। उसके स्थान पर अब नयी बिल्डिंग तैयार की जाएगी जो आधुनिक और तमाम साज सज्जा से लैस होगी।

रेलवे स्टेशन पर कई बिल्डिंग तोड़ी जा चुकी हैं। उनके स्थान पर नई बिल्डिंग तैयार की गयी हैं। अब रेलवे स्टेशन पर केवल पुराने पार्सल घर की बिल्डिंग ही शेष थी जिसे काफी समय पहले अनुपयोगी साबित कर दिया गया था। बिल्डिंग पर परित्यक्त लिख कर छोड़ दी गयी थी। पूरी बिल्डिंग को काफी समय पहले ही खाली करा दिया गया था। रेलवे ने शनिवार से उक्त बिल्डिंग पर हथोड़ा चलाना शुरू कर दिया। बिल्डिंग को तोड़ा जा रहा है। करीब बीस दिन में पूरी बिल्डिंग जमीदोज कर दी जाएगी। बिल्डिंग तोड़ने वाले ठेकेदार का कहना है कि पुरानी बिल्डिंग है। मोटी दीवारें हैं। पुख्ता भवन बना है इसलिए तोड़ने में काफी समय लगेगा। ठेकेदार का कहना है कि बिल्डिंग तोड़ने के बाद रेलवे के नक्शा के हिसाब से नई बिल्डिंग तैयार की जाएगी जिसका फाउंडेशन करीब पांच फुट नीचे से तैयार किया जाएगा। बड़ी और भव्य बिल्डिंग बनाने को रेलवे ने नया नक्शा तैयार किया है।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर बने टिकट विंडों के निकट दूसरी बिल्डिंग में रेलवे का पुराना कार्यालय था उसी में पार्सल घर बनाया गया था। लेकिन टिकट विंडों की बिल्डिंग कुछ दिन बाद तोड़ी जाएगी वह भी पुरानी बिल्डिंग है। उसके स्थान पर नई बिल्डिंग तैयार की जाएगी।

### 20 मार्च तक पूरा होगा मुख्यद्वार

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक की दीवार तोड़ कर दूसरा वैकल्पिक निकास द्वार बनाया गया है। मुख्य गेट का निर्माण होने से उसे बंद कर दिया गया है। इसलिए रेलवे यात्रियों को दो तरफ से आने जाने का रास्ता दिया गया है। जिससे यात्रियों को कुछ राहत मिली है। रेलवे के मुख्य द्वार का निर्माण 20 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन मुख्य द्वार का अभी पचास प्रतिशत काम अधूरा है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि करीब एक माह का समय लगेगा उसके बाद ही नए द्वार से यात्रियों को आने जाने की सुविधा मिल सकेगी। उक्त कार्य के अतिरिक्त अन्य कई स्थानो पर निर्माण कार्य किया जा रहा है

### सातवें दिन भी रहा पानी का संकट

रेलवे स्टेशन पर सातवें दिन भी पानी की समस्या बरकरार है। यात्री बाहर से पानी खरीद कर ला रहे हैं। गला तर करने को यात्रियों को जेब ढीली करनी पड़ रही है। रेलवे यात्रियों का कहना है कि प्लेटफार्म पर पानी का एक टैंकर खड़ा किया जाए जिससे यात्रियों को पानी खरीदना न पड़े। रेलवे कर्मचारियों के आवासों पर नगर पालिका का पानी का टैंकर आ रहा है जिससे वह लोग अपना काम चल रहे हैं। लेकिन ट्रेन यात्रियों को यह सुविधा नहीं मिल पा रही है।

## आईसी ग्लोबल डायलॉग्स का समापन

**बदायूं, अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय और एकेडमिक सोसाइटी फॉर ह्यूमैनिटीज एंड लिटरेरी रिसर्च की ओर से आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आईसी ग्लोबल डायलॉग्स का समापन हो गया। देश के अलावा विदेशों के वक्ताओं ने संबोधन दिया। इस शैक्षणिक महाकुंभ में देश-विदेश के सैकड़ों विद्वानों ने भाग लिया। जिसने बदायूं को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मानचित्र पर स्थापित कर दिया। अंतिम दिन का प्रथम सत्र अंग्रेजी साहित्य और भाषा पर केंद्रित रहा। इसकी अध्यक्षता महाराष्ट्र के डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मेमोरियल कॉलेज ऑफ लॉ के डॉ. वैभव सबनिस और ओडिशा की सेंचुरियन यूनिवर्सिटी के डॉ. गिरीश राठ ने की। देश के विभिन्न राज्यों से आए शोधार्थियों ने अंग्रेजी विषय में कुल 35 शोध पत्र प्रस्तुत किए।

## घर में घुसकर छत पर चढ़ गया सांड़, मची अफरा-तफरी


गांव काजीखेड़ा में अजय पाल के घर पर चढ़ा सांड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** मूसाझाग क्षेत्र के गांव काजीखेड़ा में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक छुट्टा सांड़ गांव में घूमते-घूमते अजय पाल यादव के घर में घुस गया और सीढ़ियों से होते हुए छत पर चढ़ गया। छत पर सांड़ को देख परिजनों और आसपास के लोग सहम गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। काफी देर की मशक्कत के बाद ग्रामीण सांड को छत से नीचे उतार सके। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सांड़ की वजह से आए दिन हमला की घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने छुट्टा गोवंश को गोशाला में भिजवाने की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोर के लापता होने पर गुमशुदगी दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार** : नगर के मोहल्ला कुंवरगंज निवासी आदर्श वर्मा ने पुलिस को बताया कि उनका भतीजा अरनव राजपूत पुत्र स्वर्गीय रामकुमार वर्मा, 16, बीती 12 मार्च को करीब दो बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। रिश्तेदारी में तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। अनहोनी की आशंका जताते हुए आदर्श वर्मा ने अरनव राजपूत की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

### विवाहिता को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के गांव राजनपुर निवासी स्वर्गीय देवेंद्र कुमार की बेटी स्वेता देवी ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उसकी शादी सात जून 2025 को तिलहर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी संतोष पाठक के बेटे अनुभव पाठक से हुई थी, जिसमें बहनों और बहनोई ने मिलकर तीन लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के दो महीने बाद से उसे मारपीट कर तंग किया जाने लगा। आरोप है कि पति अनुभव पाठक और सास कामिनी खेत बेचकर रुपये देने का दबाव बनाते हैं और मना करने पर प्रताड़ित करते हैं। स्वेता ने आरोप लगाया कि 12 दिसंबर को मारपीट कर उसे पहने हुए कपड़ों में ही घर से निकाल दिया गया।

### सीबीगंज में घर में घुसकर हमला

**सीबीगंज, अमृत विचार** : मोहल्ले की कुछ महिलाओं से बिना वजह झूठी अफवाह फैला कर गलत बातें करने से मना किया तो कुछ लोगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया, जिससे भाई और बहन घायल हो गए। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर सीबीगंज पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव सनौआ निवासी जिशान खां ने बताया कि वह गत 12 मार्च को अपरान्ह में करीब चार बजे अपने मोहल्ले से गुजर रहा था। इसी दौरान मुहल्ले की कुछ महिलाएं बैठकर झूठी अफवाह फैलाकर गलत बातें कर रही थीं। झूठी अफवाह फैलाने से मना कर वह अपने घर चला गया। तभी गांव के ही इलियास उर्फ पप्पू, परवेज, राशिद, असद, लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए। उस दौरान वह अपनी मासूम बेटी को गोद में खिला रहा था। घर में घुसते ही चारों ने हमला कर दिया। बच्ची गोद से छिटक कर जमीन पर गिर गई। उसे बचाने आई बहन की भी पिटाई कर दी, जिससे सभी घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आंबेडकर प्रतिमा तोड़ने से गांव में तनाव

## पिपरा मरोड़ा गांव में रात में अराजक तत्वों ने खंडित की प्रतिमा, लोगों में आक्रोश, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, फूलबेहड़



क्षतिग्रस्त की गई आंबेडकर प्रतिमा। ● अमृत विचार



बसपाइयों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के पिपरा मरोड़ा गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अराजक तत्वों के तोड़े जाने से शनिवार को गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और बसपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। कुछ समय के लिए गांव में हंगामे की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिपरा मरोड़ा गांव में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को शुक्रवार की रात कुछ अराजक तत्वों ने खंडित कर दिया। शनिवार सुबह ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो गांव में रोष फैल गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बसपा मंडल कोऑर्डिनेटर उमाशंकर गौतम, जिलाध्यक्ष विपिन कुमार गौतम, जिला प्रभारी अनूप कुमार, विधानसभा अध्यक्ष रवि चौधरी और रमाकांत सहित कई बसपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांव पहुंच गए। बसपा कार्यकर्ताओं ने घटना को लेकर नाराजगी जताई और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। स्थिति को देखते हुए प्रशासन भी तुरंत सक्रिय हो गया।

सीओ धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह, एसडीएम सदर अश्वनी कुमार, तहसीलदार सदर मुकेश कुमार वर्मा और फूलबेहड़ कोतवाल संतोष कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अफसरों को आता देख बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष पुलिस की गाड़ी के सामने आ गए और घेराव कर नारेबाजी करने लगे।

अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया। प्रशासन ने पहले प्रतिमा की मरम्मत कराने का प्रस्ताव रखा, लेकिन ग्रामीणों और बसपा कार्यकर्ताओं ने इसे स्वीकार नहीं किया और नई प्रतिमा लगाए जाने की मांग पर अड़ गए। इस दौरान कुछ देर तक फिर माहौल में तल्खी आ गई और लोग प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। बाद में अधिकारियों ने नई प्रतिमा लगवाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर ग्रामीण और बसपा कार्यकर्ता शांत हुए।

● **बसपा पदाधिकारी व ग्रामीण नई प्रतिमा लगाने की मांग पर अड़े**

फूलबेहड़ कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो सके।

# भाकपा ( माले ) की बैठक में उठी ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध खत्म करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



रोशनगंज स्थित कार्यालय पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी का अफरोज आलम।

**अमृत विचार** : रोशनगंज स्थित भाकपा (माले) कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध खत्म करने के साथ ही रसोई गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग उठाई गई।

बैठक में पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी का अफरोज आलम ने कहा कि अमेरिका-इजरायल ने ईरान पर साम्राज्यवादी मंसूबों के तहत जो युद्ध थोपा है इसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय बंद कराये। ट्रम्प का ईरान को बार-बार यह कहना कि सत्ता बदलिये, तब यह हमले बंद होंगे। यह पूरी तरह गैर संवैधानिक बात है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध का असर भारत सहित पूरी दुनिया में पड़ रहा है। देश में युद्ध का बहाना बनाकर गैस एजेंसियां व कालाबाजारी करने वाले गैस सिलेन्डर का स्टाक कर रहे हैं। और जनता को महंगे गैस सिलेंडर मिल रहे हैं। जब सरकार यह कह रही है कि किसी चीज़ की कमी नहीं है तो वह गैस की काला बाजारी क्यों नहीं रूक रही है। उन्होने पार्टी कार्यकर्ताओं से क्रांतिकारियों की धरती शाहजहांपुर में भाकपा (माले) को मजबूत बनाने और आगे बढ़ाने का आह्वान किया। पार्टी जिला प्रभारी नील कमल विजयी ने बढ़ती महंगाई से गरीबों की खराब स्थिति पर कहा कि सरकार को गरीबों की चिंता नहीं है, बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। इन नौजवानों के लिए सरकार कुछ नहीं कर रही है। बैठक का संचालन करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड रामशंकर लाल ने सबसे पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में अर्जुन शर्मा, इन्द्रपाल, श्यामलाल, अजय कुमार, अवनीश, संजीव, रचना देवी, उर्मिला देवी आदि शामिल थे।

# प्रार्थना करने पर प्रशासनिक हस्तक्षेप करना उचित नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

● **बिल्सी के ग्राम बेहटा जावी के अलीशेर व अन्य. की याचिका पर हाइकोर्ट का फैसला**

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि किसी व्यक्ति को उसके निजी परिसर में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज या अन्य धार्मिक प्रार्थना करने से प्रशासन बिना वैधानिक आधार के नहीं रोक सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित न हो, तब तक निजी संपत्ति पर धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप उचित नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ एवं न्यायमूर्ति विवेक सरन की खंडपीठ ने अलीशेर एवं अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया।

मामले के तथ्यों के अनुसार याचीगण बदायूं जिले की बिल्सी तहसील स्थित ग्राम बेहटा जावी में उनकी भूमि के एक हिस्से पर स्थित वक्फ मस्जिद रज़ा में अपने परिवार और स्थानीय मुस्लिम समुदाय के साथ शांतिपूर्ण रूप से नमाज अदा करते हैं, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इसमें हस्तक्षेप और बाधा उत्पन्न की जा रही थी। अतः प्रशासन के हस्तक्षेप को रोकने तथा नमाजियों को सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश की मांग में वर्तमान याचिका दाखिल की गई। याचियों की ओर से तर्क दिया गया कि कानून में निजी परिसर के भीतर धार्मिक प्रार्थना आयोजित करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

# कंस वध के प्रसंग का किया वर्णन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** श्रीबालाजी मानस सेवा समिति की ओर से रामनगर कॉलोनी स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिवस कथाव्यास आचार्य अंकुर शुक्ल ब्रजराजदासदास ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। उन्होंने महारास के पांच अध्यायों का वर्णन करते हुए कहा कि ये भागवत के पंच प्राण हैं। कथा में भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा प्रस्थान, कंस वध और महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करने का प्रसंग भी सुनाया गया।


## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लश्करपुर ओईया में गौवंश आश्रय स्थल विकास खंड इस्लामनगर जिला बदायूं में गोबर खाद की नीलामी दिनांक 17.03.2026 को पंचायत भवन पर दोपहर 12:00 बजे की जाएगी।

प्रधान सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत नंदगांव विकास खंड मीरगंज (बरेली)

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत नंदगांव में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है - प्रथम श्रेणी ईट, चटका ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, रेत, रोड़ी व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | सोमपाल के खेत से शिव कुमार के खेत तक खड़ंजा कार्य | 400000- | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 15.03.2026 से दिनांक 17.03.2026 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक 17.03.2026 दोपहर 03:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्रधान - श्री वीरेन्द्र कुमार गंगवार सचिव - श्री ओमेंद्र कुमार

## कार्यालय ग्राम पंचायत मझौआ हेतराम, वि.खं. भुता, बरेली

पत्रांक : 132 लेखा/कु.नि.वर्ष/2025-26 दिनांक 12.03.2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मझौआ हेतराम में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में निम्न कार्य होना है जिसके लिए प्रथम ईट, रोड़ा, सीमेंट, बजरफुट, बजरी, रेता आदि सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 19.03.2026 तक निविदा आमंत्रण की जाती है। जिस फर्म का टेण्डर सबसे कम होगा ग्राम पंचायत द्वारा उसे ही स्वीकार किया जायेगा एवं समस्त निविदाएं उसी दिन 4 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1 | नरेश के घर से रामचन्द्र फौजी के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 1.47 लाख |
| 2 | मस्जिद के पास से बुन्दन बेग के घर से जमाल बेग के घर तक सीसी नाली निर्माण कार्य। | 2.67 लाख |
| 3 | बब्लू के घर से अली मोहम्मद के घर तक खडन्जा व सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 1.92 लाख |
| 4 | संतोष उपाध्याय के घर से रिंकू ड्राइवर के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। | 3.99 लाख |

अनिल कुमार (सचिव) रूकसाना बेगम (प्रधान)

## कार्यालय ग्राम पंचायत नागर झूना वि.खं. अम्बियापुर (बदायूं)

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत नागर झूना में वित्तीय वर्ष 2025-2026 में राज्य वित्त/केन्द्र वित्त/ मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण योजनान्तर्गत निम्नानुसार कार्य कराये जाने प्रस्तावित है-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | प्राक्कलन धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | खेल मैदान के गेट से राकेश के घर तक सी.सी. एवं नाली निर्माण कार्य | ईट, रोड़ी, पत्थर, सीमेन्ट, बजरफुट आदि | 6,53,000.00 |

उक्त कार्यो हेतु प्राक्कलन के अनुसार कार्यस्थल पर सामग्री की आवश्यकता है। अतः इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता फर्मो को सूचित किया जाता है कि प्रकाशन की तिथि से 14.03.2026 कार्यदिवस के अन्दर निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म तथा नियमों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। निविदायें अन्तिम तिथि को सायं 4 बजे के समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा को निरस्त या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति को होगा।

सचिव-अशोक कुमार सिहं प्रधान-अशोक

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 1966 / 142सी0(ई0टेण्डर)-3 / 25 दिनांक: 10.03.2026

ऑन-लाइन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन-लाइन ई-निविदा दिनांक 17.03.2026 से दिनांक 24.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 24.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | लागत: 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू० लाख में) | लागत: कुल लागत (4+5) (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जनपद शाहजहॉपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालपुर से ग्रा0 रामपुर मजरा में स्थित नरेश मौर्या के मकान तक सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य। | निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0, शाहजहॉपुर | 136.95 | 10.27 | 147.22 | 9.37 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(रथिन सिन्हा) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहॉपुर

(प्रकाश चन्द्र) अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

UP - 248166 दिनांक: 13/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# उत्कृष्ट शिक्षक और छात्र सम्मानित



सम्मानित शिक्षक, छात्र और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ मौजूद अतिथि।

मिर्जापुर, अमृत विचारः मिर्जापुर विकासखंड में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शनिवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय जरियनपुर में किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी मौजूद रहे, जबकि खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूजा, खुशबू गुप्ता, ज्योति, नम्रता, कमल रूप, मनोरमा साहू, अनुराग अग्रवाल, राहुल कश्यप, इंद्रजीत, विशेष शिक्षक योगेंद्र केसरवानी और मनोज कुमार को सम्मानित किया गया। छात्रों में रोहित कुमार और आशुतोष द्विवेदी को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर सम्मान मिला। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में राजदेवी, मनोरमा, गायत्री मिश्रा, संतोषी और माधुरी सहित कुल छह कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा विकासखंड मिर्जापुर की विभिन्न न्याय पंचायतों से चयनित 24 छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विकास मिश्रा, संदीप मिश्रा, एआरपी आदित्य प्रकाश अग्निहोत्री सहित अन्य शिक्षकों और कर्मचारियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन मुख्तयार अहमद और रतना शर्मा ने किया। अंत में अतिथियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों और शिक्षकों को बेहतर काम करने की प्रेरणा देते हैं।

# अग्निवीर भर्ती की दौड़ में अभ्यर्थी का पैर टूटा, भर्ती

**बरेली, अमृत विचार** : जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में शनिवार को अग्निवीर भर्ती के दौरान दौड़ लगाते समय युवक अचानक गिर गया, जिससे उसका दाया पैर टूट गया। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के गांव रावतपुर निवासी शौर्य मिश्रा ने उपचार के दौरान बताया कि वह शनिवार की सुबह जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में अग्निवीर भर्ती में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। वह अन्य अभ्यर्थियों के साथ दौड़ लगा रहे थे, तभी अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह तेज दौड़ के बीच ही ग्राउंड में गिर गए, जिससे दाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। साथ ही परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है।

### राजकीय नर्सिंग संघ ने की थी मांग

**बरेली**। राजकीय नर्सिंग संघ लंबे समय से इसकी मांग कर रहा था। उनका कहना था कि ड्यूटी के दौरान हमेशा उन्हें अपने बच्चों की चिंता लगी रहती है। इमरजेंसी में बच्चा अकेला होने पर कोई भी घटना घट सकती है। ऐसे में यदि पालना घर होगा तो उनके बच्चे सुरक्षित रह सकेंगे।

### पुत्रवधू पर जेवरात ले जाने के आरोप

**बरेली, अमृत विचार** : सुभाष नगर थाना क्षेत्र के पटेल विहार निवासी महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को वह डयूटी से वापस लौटे तो देखा कि उनकी पुत्र बधू उनके लड़के के पेट पर बैठकर अपनी बहन की मदद से चेन से गला दबा रही थी। उसके माता पिता ने बचाव किया तो उसके पिता के हाथ पर काट लिया। पीड़ित के अनुसार विवाद शांत होने के बाद जब परिवार के लोग कमरे में चले गए तो उसकी पत्नी घर में रखा करीब 14.5 तोला सोना और एक किलो चांदी लेकर अपने मायके जसरतपुर, तहसील बिसौली जिला बदायूं चली गई।

# 50 लाख डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **पंचायत निर्वाचक नामावली से डुप्लीकेट वोटरों को हटाने का चल रहा कार्य**

● **बरेली में 1.47 लाख, शाहजहांपुर में 1.98 लाख वोटरों का नहीं हुआ सत्यापन**

**अमृत विचार** : राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पंचायत निर्वाचक नामावली से डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने के लिए सत्यापन कार्य कराया जा रहा है। डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन कार्य 16 मार्च तक पूरा करने के निर्देश हैं, लेकिन अभी 50 लाख से ज्यादा ऐसे डुप्लीकेट वोटर हैं, जिनका सत्यापन कार्य नहीं हुआ है। शनिवार और रविवार को दो दिन अवकाश रहने की वजह से भी कार्य प्रभावित हुआ। ऐसे में वृहद पुनरीक्षण कार्य की फिर तारीख बढ़ने की संभावना जतायी गयी है।

राज्य निर्वाचन आयोग से रोजाना डुप्लीकेट वोटरों की सूची जारी की जाती है ताकि जिले के अधिकारी सत्यापन कार्य में तेजी लाएं। 13 मार्च तक की रिपोर्ट के अनुसार बरेली मंडल सहित 60 ऐसे जिले हैं जिनमें 50 लाख से ज्यादा डुप्लीकेट वोटर हटाए जाने हैं। जिलों में डुप्लीकेट वोटरों के आंकड़े पहले ही राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से भेजे जा चुके हैं। जारी रिपोर्ट के अनुसार बरेली में 147882 वोटर, शाहजहांपुर में 198454 वोटर, बदायूं में 47185 और पीलीभीत जनपद में 43706 वोटर ऐसे हैं, जिनका सत्यापन नहीं हुआ है।

इसके अलावा सीतापुर में 163964 वोटर, लखीमपुर खीरी में 88407 डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन होना है। इस कार्य में उन्नाव, चंदौली, फतेहपुर, मीरजापुर, वाराणसी, श्रीवास्ती, हरदोई, हापुड़ में शत प्रतिशत डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन हो चुका है। हालांकि, अधिकारियों ने तारीख फिर बढ़ने की संभावना जताई है। पहले यह कार्य 16 फरवरी तक होना था। इसकी तारीख बढ़ाकर 16 मार्च कर दी गयी थी, अब यह तारीख भी नजदीक आ गयी है। इस संबंध में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत सतीश मौर्य ने बताया कि 16 मार्च तक शत प्रतिशत डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन कार्य पूरा करा लिया जाएगा। टीमें लगी हैं।


## पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स जे०जी० भारगवी इण्डस्ट्री प्रा० लि० स्थित खसरा नं0 22 एवं 24 ग्राम पिपरिया राम दायाल, तहसील व जिला बरेली द्वारा एक अकृषक आराजी क्षेत्रफल 1.5662 हे0 स्थित, खसरा नं0 22 एवं 24 ग्राम पिपरिया राम दायाल, तहसील व जिला बरेली को बंधक रख व्यवसाय हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा श्याम गंज शाखा, बरेली में आवेदन किया है। उपरोक्त सम्पत्ति को बंधक रख व्यवसाय हेतु ऋण लेने के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों व साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में समान्य कार्य दिवस की समान्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**द्वारा शरद चन्द्र मिश्रा एडवोकेट कार्यालय 52 विक्रमादित्यपुरी एस0बी0आई0 ऑफिसर्स कॉलोनी, बरेली । मो0नं0 9837659421**

## कार्यालय नगर पंचायत बण्डा जनपद शाहजहाँपुर

पत्रांक : 363/न.पं.ब./न.ज.नि.यो./पेय./यो./न.पं.ब./ई-टेण्डर/2025-26 दिनांक : 13.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा नगरीय जल निकासी योजना/राज्य सेक्टर के ''पेयजल हेतु व्यवस्था'' योजना के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए ई-निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है।

**राज्य सेक्टर के ''पेयजल हेतु व्यवस्था'' योजना के अन्तर्गत कार्य**

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) | निविदा का मूल्य (18%GST सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | शाहजहाँपुर | जोन संख्या-1 में ट्यूबवेल व पाइप लाइन का कार्य | 9997782.00 | 847269.00 | 11797.00 | छः माह |
| 2. | शाहजहाँपुर | जोन संख्या-2 में ट्यूबवेल व पाइप लाइन का कार्य | 9977132.00 | 845519.00 | 11773.00 | छः माह |

2. वेबसाईट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि 19.03.2026 समय प्रातः 10:00 बजे से।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय 7.04.2026 को पूर्वा0 11:00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 7.04.2026 को 11:30 बजे पूर्वान्ह से कार्य समाप्ति तक।
5. निविदा आमन्त्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए तथा निविदा की शर्तो/नियमों आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लाग इन करें, तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

(अजय सिंह) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बण्डा शाहजहाँपुर

(मो. इशहाक) अध्यक्ष नगर पंचायत बण्डा शाहजहाँपुर



उस दा मुख इक जोत है,
घुंघट है संसार।
घुंघट में ओह छुप्प गया,
मुख पर आंचल डार।।

बुल्ले शाह कहते हैं, परमात्मा का मुख एक दिव्य ज्योति (रोशनी) के समान है, जबकि यह संसार एक घूंघट के समान है। भगवान ने इस संसार रूपी घूंघट को अपने मुख पर डाल लिया है, जिसके कारण वह छिपे हुए हैं और हमें दिखाई नहीं देते।

# विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा ही हिंदुत्व

> वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिंदू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु-पक्षी और कीट-पतंगा भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां-औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है, लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है। वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

वैज्ञानिक खोजों ने मानव संहार के अनेक उपकरण बनाए हैं। मध्य पूर्व में युद्ध जारी है। मानवता बारूद के ढेर पर है। विज्ञान निर्मम है। उसका लोकमंगल से कोई लेना-देना नहीं है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिंदू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु-पक्षी और कीट-पतंगा भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां-औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है, लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है। वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। लोकमंगल का उद्देश्य है और विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा है। इन सबका सार हिंदुत्व है। कोई अंधविश्वास नहीं। कोई जबरदस्ती नहीं। असहमत के प्रति भी आदर भाव है। हिंदुत्व में प्रेय श्रेय साथ-साथ हैं। विज्ञान और लोक मंगल भी परस्पर प्रीति में हैं।

डॉ. राधा कृष्णन ने कहा है, 'वैज्ञानिक हमें ऐसे विभिन्न ढंग बताते हैं, जिनसे पृथ्वी नष्ट हो सकती है। यह कभी सुदूर भविष्य में चंद्रमा के बहुत निकट आ पहुंचने से या सूर्य के ठंडा पड़ जाने से नष्ट हो सकती है। कोई पुच्छल तारा पृथ्वी से टकरा सकता है। धरती से ही कोई जहरीली गैस निकल सकती है, परंतु यह सब बहुत दूर की संभावनाएं हैं; जबकि अधिक संभावना इस बात की है कि मानव-जाति स्वयं जान-बूझकर किए गए कार्यों से और अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण, जो मानव-स्वभाव में मजबूती से जमे हुए हैं, नष्ट हो सकती है। यह बड़ी करुणाजनक बात है कि ऐसे संसार में जो हम सब के आनंद लेने के लिए है और जो हम यदि आजकल युद्ध यंत्रजात को पूर्णता तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े-से हिस्से का ही इसके लिए उपयोग करें, तो सबके जीवन को आनंदमय बनाया जा सकता है।'

हिंदुत्व भारत की प्रकृति है और संस्कृति भी। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। इस जीवन शैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है, लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिंदुत्व के अनेक चेहरे है। उग्र हिंदुत्व, मुलायम (सॉफ्ट) हिंदुत्व, सांप्रदायिक हिंदुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिंदुत्व पर आक्रामक हैं। अंग्रेजी भाषांतर में हिंदुत्व को हिंदुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी एक विचार होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिंदुइज्म भी हिंदूवाद का अर्थ देता है, लेकिन हिंदुत्व हिंदूवाद नहीं है।

हिंदुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। वीर होना वीरवाद नहीं होता, वीर होने का भाव वीरता है। दयावान होना दयावाद नहीं दयालुता है। हिंदू होना हिंदुता या हिंदुत्व है। कुछ विद्वान हिंदू को मुसलमानों द्वारा दिया गया शब्द मानते रहे हैं, लेकिन यह सही नहीं है। हिंदू शब्द का प्राचीनतम उल्लेख 'अवेस्ता' में है और अवेस्ता इस्लाम से सैकड़ो वर्ष पुराना है। डेरियस (522-486 ईपू) के शिलालेख में भी हिंदू शब्द का उल्लेख है। हिंदू शब्द विशेष संस्कृति वाले जनसमूह का द्योतक है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

डॉ. राधा कृष्णन ने वाराणसी हिंदू विश्व विद्यालय व कलकत्ता (कोलकाता) विश्व विद्यालय में हिंदू तत्व पर 1942 में भाषण दिए थे। उन्होंने 'धार्मिक आदर्शों' की दृष्टि से समाज के पुनर्गठन' पर कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में कहा, "भारतीय जीवन और विचार के किसी पहलू पर तुलनात्मक दृष्टि से विवेचन एक विस्तृत विषय है।" जीवन मूल्यों से समाज के आदर्श व सांस्कृतिक व्यवहार प्रभावित होते हैं और सभ्यता की उम्र भी। भारतीय राष्ट्रजीवन की सांस्कृतिक निरंतरता स्वयं सिद्ध है और प्राचीनता का मूल कारण विचारणीय है।

डॉ. राधा कृष्णन ने औरंगजेब द्वारा अपने अध्यापक मुल्ला साहब को लिखे पत्र का सुंदर उदाहरण दिया है, ''तुमने मेरे पिता शाहजहां से कहा था कि तुम मुझे दर्शन पढ़ाओगे। यह ठीक है, मुझे भली भांति याद है कि तुमने अनेक वर्षों तक मुझे वस्तुओं के संबंध में ऐसे अनेक अव्यक्त प्रश्न समझाए, जिनसे मन को कोई संतोष नहीं होता और जिनका मानव-समाज के लिए कोई उपयोग नहीं है। ऐसी थोथी धारणाएं और खाली कल्पनाएं, जिनकी केवल यह विशेषता थी कि उन्हें समझ पाना बहुत कठिन था और भूल पाना बहुत सरल था। क्या तुमने कभी मुझे यह सिखाने की चेष्टा की कि शहर पर घेरा कैसे डाला जाता है या सेना को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है?" औरंगजेब के जीवन का आदर्श युद्ध है। युद्ध मानवीय मूल्य रहित हिंसा है।

डॉ. राधा कृष्णन के अनुसार, 'तत्कालीन विश्व का संकट यही है कि वह सैनिक व्यवस्था के विषय में सब कुछ जानता है और जीवन मूल्यों के दर्शन व धर्म के केंद्रीभूत प्रश्नो कें संबंध में बहुत कम जानता है।' भारतीय संस्कृति में मनुष्य की महिमा है। आनंदमय जीवन की अभिलाषा है। इस अभिलाषा को पूरा करने की आचार संहिता है। यह संहिता हिंदू धर्म है। इस आचार संहिता में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। गांधी जी अहिंसा को उत्कृष्ट जीवन मूल्य बताते थे। इस आदर्श का प्रेरणा केंद्र हिंदुत्व है।

संप्रति दुनिया में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आंधी है। भारत में यह सेकुलरवाद के रास्ते हिंदू धर्म को भी कालवाह्य घोषित करने पर आमादा है। अन्य पंथ रिलीजन अपनी कट्टरता के चलते वैज्ञानिक दृष्टिकोण को श्रेष्ठ नहीं मानते। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अनुचित नहीं है। वैज्ञानिकों ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उघाड़ने का काम किया है। अंधविश्वासी मतों, पंथों को भी चुनौती मिली है।

विज्ञान सत्य की खोज करता है। समाज ऐसी खोजों का उपयोग करता है। समाज इनका दुरूपयोग भी करता है। विश्व में पंथिक मजहबी मान्यताओं को लेकर तमाम युद्ध हुए हैं। हिंदू दर्शन भी सत्य का शोध करता है। दर्शन का उद्देश्य केवल सत्य का निर्वचन करना ही नहीं है। इसका ध्येय मनुष्य का दुख दूर करना है। हिंदू धर्म का उद्देश्य दुख का निवारण और आनंद की प्राप्ति है। समाज में आनंद का आपूरण विज्ञान का लक्ष्य नहीं है। विज्ञान के गले में लोकमंगल की घंटी डालने की आवश्यकता है। यह कार्य हिंदुत्व के रास्ते अधिक संभव है। हिंदुत्व लोकमंगल का पर्याय है।

भारत का जीवन ध्येय आनंद है। केवल वैयक्तिक आनंद नहीं; सामाजिक सामूहिक आनंद भी। विवेकानंद ने कहा है, "सभी देशों के निचले स्तर के मनुष्य इन्द्रियों के आनंद में उत्साह दिखाते हैं, किंतु जो सच्चे अर्थों में शिक्षित और सुसंस्कृत हैं, उनके आनंद का आधार विचार और कला होती है। दर्शन और विज्ञान होता है।" सुख और आनंद के अनेक मानसिक व बौद्धिक तल होते हैं। इंद्रिय भोग का सुख निम्न तल है। ज्ञान का सुख आनंद उच्च तल पर है। कला का आनंद गहरा है, लेकिन अनुभूति दर्शन का आनंद बहुत गहरा है। उपनिषद् दर्शन में आनंद की गहन अनुभूति है। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद की व्याख्या है। शुरुआत में कहते हैं, "सैषा आनंदस्य मीमांसा भवति-अब उस आनंद की मीमांसा करते हैं।"

बताते हैं, 'मनुष्य युवा हो, श्रेष्ठ आचरण वाला हो। अध्ययनशील हो। संपूर्ण अंग बल युक्त हो। स्वस्थ हो। धन संपदा से युक्त हो तो इस लोक में आनंद है।' यहां आनंद के सभी उपकरण प्रत्यक्ष हैं। भौतिक हैं। संसारी हैं। कोई अंध आस्था नहीं। भाववाद नहीं। आनंद की प्राप्ति का स्थान भी यही लोक है। आनंद का आनंद इसी संसार में है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# क्रीमी लेयर: आय के आधार पर वर्गीकरण उचित नहीं

भारत में आरक्षण व्यवस्था सामाजिक न्याय और समान अवसर की अवधारणा को मजबूत करने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसका मूल लक्ष्य उन वर्गों को मुख्यधारा में लाना है, जो ऐतिहासिक रूप से सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े रहे हैं। इसी व्यवस्था के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया है, हालांकि यह सुनिश्चित करने के लिए कि आरक्षण का लाभ वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे, क्रीमी लेयर की व्यवस्था बनाई गई है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इसी विषय से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि क्रीमी लेयर का निर्धारण केवल माता-पिता की आय के आधार पर नहीं किया जा सकता, बल्कि उनके पद और सामाजिक स्थिति को भी ध्यान में रखना आवश्यक होगा।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

इसकी सुनवाई न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर माधवन की पीठ ने की। पीठ ने केंद्र सरकार की उन अपीलों को खारिज कर दिया, जो मद्रास, केरल और दिल्ली उच्च न्यायालयों के फैसलों के खिलाफ दायर की गई थीं। न्यायालय ने कहा कि क्रीमी लेयर का निर्धारण करते समय केवल वेतन या आय को आधार बनाना उचित नहीं है। इसके साथ-साथ यह भी देखना जरूरी है कि माता-पिता किस पद पर कार्यरत हैं और उनकी सामाजिक स्थिति क्या है। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्रीमी लेयर की अवधारणा का उद्देश्य केवल आय के आधार पर वर्गीकरण करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में सामाजिक व शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों तक पहुंचे।

> सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्रीमी लेयर की अवधारणा का उद्देश्य केवल आय के आधार पर वर्गीकरण करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों तक पहुंचे।

इस मामले में एक महत्वपूर्ण विवाद वर्ष 1993 में जारी केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन और वर्ष 2004 में जारी स्पष्टीकरण पत्र को लेकर सामने आया। वर्ष 1993 के कार्यालय ज्ञापन में क्रीमी लेयर निर्धारित करने के लिए आय के साथ-साथ माता-पिता के पद और सामाजिक स्थिति को भी महत्व दिया गया था। उस समय यह व्यवस्था बनाई गई थी कि श्रेणी-एक और कुछ श्रेणी-दो अफसरों के बच्चों को क्रीमी लेयर माना जाएगा, क्योंकि उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर मानी जाती है। अन्य मामलों में आय की एक सीमा तय की गई थी, जो उस समय ढाई लाख रुपये प्रतिवर्ष थी। बाद में इसे बढ़ाकर आठ लाख प्रतिवर्ष किया गया।

इसके विपरीत वर्ष 2004 में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी स्पष्टीकरण में यह कहा गया कि विश्वविद्यालयों, बैंकों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों के लिए क्रीमी लेयर का निर्धारण मुख्य रूप से आय सीमा के आधार पर किया जाएगा। इस व्याख्या के कारण कई ऐसे अभ्यर्थियों को क्रीमी लेयर में शामिल कर दिया गया, जिनके माता-पिता सरकारी सेवा में नहीं थे, लेकिन उनकी आय निर्धारित सीमा से अधिक थी। परिणामस्वरूप ऐसे कई अभ्यर्थी ओबीसी के गैर-क्रीमी लेयर वर्ग का लाभ लेने से वंचित हो गए। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि वर्ष 2004 का यह स्पष्टीकरण वर्ष 1993 के कार्यालय ज्ञापन की मूल भावना के विपरीत है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# आनंद के संग्रह का महीना है रमजान

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का महीना 9वां महीना है, जबकि 10 महीने शव्वाल महीने में ईद का पर्व मनाया जाएगा। इस दृष्टि से 10वें महीने के स्वागत का महीना है रमजान। अंक के हिसाब से देखें तो 9 का अंक इकाई ही है और 10वां माह इकाई से दहाई में बदल जा रहा है। इसके सूक्ष्मभाव पर नजर डालें, तो व्यक्ति को समूह में जीने का संदेश भी दे रहा है रमजान का महीना। समूह में जीने के लिए स्नेह, प्रेम, दया की जरूरत होती है और जिसके पास यह है, उसका जीवन खुद-ब-खुद खुशी से भरा रहेगा। ईद के आने के पहले मन-मस्तिष्क में आनंद का सैलाब पैदा करने के पीछे पूरा विज्ञान शामिल है।

10वें माह में आने वाले ईद पर्व के लिए तन-मन को तैयार करने के लिए रमजान महीने के कुछ नियम बने, ताकि व्यक्ति अपने निजी जीवन में भी नियम के साथ रह सके। सहरी यानी सूरज निकलने के पहले फज्र की नमाज़ के पहले सो के उठना, मेडिकल साइंस के हिसाब से सेहत के लिए लाभप्रद है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ताजा रिसर्च के अनुसार शरीर के हार्मोन्स आंतरिक सफाई का काम उसी समय करते हैं और उसके बाद सूरज डूबने के समय मगरिब की नमाज के समय अफ्तार (सूरज डूबने के पहले) का वक्त है। इस समय वातावरण में ऐसी तरंगें होती हैं, जिसमें किए गए भोजन से तन और मन स्वस्थ रहता है। विभिन्न धर्मावलंबी भी सूर्य डूबने के पहले भोजन कर लेते हैं।

रमजान महीने में रात को इशा के नमाज के बाद तरावीह की नमाज के दौरान कुरान पाक को सुना जाता है। कुरान पाक में तीस 'पारे', छोटी-बड़ी 114 'सूरतें' हैं। इस प्रकार धार्मिक पद्धति से एक माह कुरान को पढ़ या सुनकर शव्वाल महीने में आने वाले ईद के लिए पूरी तरह दुरुस्त होने का यह रिहर्सल का महीना है। ईद भी 'ऊद' शब्द से बना है, जिसका मतलब सुगंध है। जीवन को सुगंधित बनाने का रमज़ान का माह यह संदेश लेकर हर साल आता है कि इस्लाम धर्मावलंबी ऐसा कार्य करें, जिससे वह जहां रहें और जहां जाएं खुशबू बिखेर दें।

रमज़ान महीने में रोज़ा रखने का यह भी उद्देश्य है कि दिन भर बिना कुछ खाए-पीए रहने से शरीर को जो तकलीफ मिलती है, वह यह संदेश देता है कि जो लोग आर्थिक दृष्टि से मजबूर हैं, वे बिना खाए-पीए रहते हैं तो कितनी तकलीफ उन्हें मिलती होगी, इसलिए सिर्फ इस्लाम में ही नहीं, हर धर्मों में कहा गया है कि सक्षम व्यक्ति को चाहिए कि वह आसपास-पड़ोस के उन लोगों की जानकारी रखें तथा उनकी मदद करें जो अभावग्रस्त हैं। किसी अभावग्रस्त व्यक्ति की सहायता करने से सुकून मिलता है। प्रयास यही करना चाहिए कि अभावग्रस्त व्यक्ति को स्वावलंबी बनाने में मदद की जाए न कि उन्हें खैरात में कुछ पाने की आदत बन जाए। जकात या दान सही व्यक्ति को ही करने से पुण्य (सवाब) मिलता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# अमेरिकी अपना रहे 'ऑफ-ग्रिड' जीवनशैली

> अमेरिका में 'ऑफ-ग्रिड' जीवनशैली अपनाने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। 'ऑफ-ग्रिड' यानी भौतिक सुविधाओं को छोड़ना। दिलचस्प यह है कि इस रुझान को आरामदेह और आत्मनिर्भर जीवन की चाहत समझा जा रहा है न कि महज मजबूरी।

अमेरिका इन दिनों युद्ध को लेकर इतना आक्रमक है, उसके नागरिकों के बीच 'ऑफ-ग्रिड' जीवन शैली अपनाने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। 'ऑफ-ग्रिड' यानि सार्वजनिक उपयोगिताओं या भौतिक सुविधाओं को छोड़ना। दिलचस्प यह है कि इस रुझान को आरामदेह और आत्मनिर्भर जीवन की चाहत समझा जा रहा है, न कि महज मजबूरी। अनुमान है कि वर्ष 2035 तक अमेरिका में लगभग 12 प्रतिशत घर ऑफ-ग्रिड हो जाएंगे। रोचक तथ्य यह भी है कि ताजा प्रवृत्ति सिर्फ पर्यावरण प्रेमियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि मुख्यधारा में भी अब लोकप्रिय हो रही है। जमीनी जीवन शैली के इस क्रम में लोग सोलर पैनल, विंड टर्बाइन और निजी जल स्रोतों (कुएं, वर्षा जल संचयन) का उपयोग करके बिजली और पानी की पब्लिक सप्लाई का त्याग कर रहे हैं। यही कवायद आत्मनिर्भरता और सुकून वाले जीवन का आधार बनती जा रही है।

ऐसी लाइफ स्टाइल को अपनाने के कारण भी हैं। अमरीका के कैलिफोर्निया, टेक्सास और लुइसियाना जैसे राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं के कारण भी बिजली कटौती के चलते तमाम ग्रिड से अलग हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक उपयोगिताओं की बढ़ती लागत भी एक प्रमुख वजह है। ऐसा भी नहीं है कि वहां लोग आधुनिक ऑफ-ग्रिड शैली अपना कर आदिम युग में जीने लगे हों। इससे अलग उनके पास उन्नत तकनीक जैसे लिथियम बैटरी, स्मार्ट होम सिस्टम आदि विकल्प हैं, जिससे उनकी जीवन शैली पहले से तनावमुक्त है।



अजय दयाल
हल्द्वानी

इसी कड़ी में यह भी समझना होगा कि ऊर्जा की बढ़ती दरों के कारण 2025 तक 19 प्रतिशत अमेरिकियों को बिजली की आपूर्ति बंद होने का सामना करना पड़ा, जिससे त्रस्त आकर उन्होंने विकल्प के तौर पर आत्मनिर्भरता का रास्ता पकड़ा। साफ शब्दों में समझें तो अमरीका में एक नई जीवन शैली आकार ले रही है, जहां लोग सरकारी या निजी ग्रिडों की निर्भरता से अलग होकर, निजी संसाधनों से मानसिक तकलीफ से दूर होकर स्वतंत्र जीना पसंद कर रहे हैं।

थोड़ा रिसर्च कीजिए तो प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रह कर सफल जीवन जीने वालों के और भी उदाहरण देशी-विदेशी लेखकों की पुस्तकों और इन पर बनी फिल्मों में मिल जाएंगे। ऐसी ही एक सच्ची कहानी जहाज दुर्घटना में फंसे रॉबिन्सन परिवार की है। 19वीं सदी की शुरुआत में पूर्वी इंडीज में आए एक भयंकर तूफान के कारण उनकी जहाज यात्रा एक ऐसे टापू पर अटकती है, जहां भौतिक कुछ था ही नहीं।

यहां दस वर्षों से अधिक समय गुजारने वाले परिवार को अनेक रोमांच और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पेड़ पर घर बनाने से लेकर नए-नए उपकरण और संरचनाएं बनाते सभी ने जीवन यापन किया। वास्तव में यह सच्ची घटना उनके आरामदेह और टिकाऊ जीवन बनाने के प्रयासों और अंततः सकुशल जिंदा रहने के जज़्बे का उदाहरण बनी।

उदाहरण उन लोगों के लिए है, जो बिना बिजली अथवा गैस सिलेंडर के जीवन यापन करने की कल्पना मात्र से भयभीत हैं। रॉबिन्सन फैमिली की ऐतिहासिक जुगत विकासशील दुनिया में रह रहे आम लोगों के सामने नजीर है, जिनपर ताजा युद्ध का प्रभाव पड़ने जा रहा है। आग पर खाना पकाना, नदियों में नहाना है और एक साधारण बल्ब या लकड़ी की रोशनी भी विलासिता ही समझनी होगी, क्योंकि इस नये जीवन में लोग सार्वजनिक उपयोगिताओं से मुक्त होकर आरामदेह बल्कि आत्मसंतुष्ट जीवन शैली जी रहे हैं।

रॉबिन्सन फैमिली की तरह प्राकृतिक चिकित्सक मिस्टर हॉल और उनकी पत्नी एलिसिया ब्लिस हॉल का उदाहरण है, जो ऐसे इलाके में रहते हैं जहां बिजली की सुविधा बिल्कुल नहीं है। उनके दो केबिनों में बिजली पूरी तरह से सौर पैनलों से आती है। पानी के लिए नदी, जबकि खाना पकाने के लिए लकड़ी से जलने वाले चूल्हे हैं। वे धारा में एक जलविद्युत प्रणाली स्थापित कर रहे हैं जो सौर ऊर्जा में योगदान देगी।

ऐसे लोंगों का ग्रिड से अलग रहकर जीवन यापन करना पहले से कहीं अधिक व्यावहारिक और आरामदेह हो गया है। लेखक रोसेन का अनुमान है कि अमेरिका में बिना बिजली-पानी के जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या में भी प्रति वर्ष लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है।

# कैनेडी बने थे उपभोक्ता अधिकारों की पहली आवाज

15 मार्च यानी वो तारीख जब उपभोक्ता अधिकारों की मशाल जलाई गई, जिसकी नींव 1962 में अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने रखी थी। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करते हुए पहली बार उपभोक्ता के अधिकारों को परिभाषित किया था। उन्होंने कहा था, "उपभोक्ता अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा समूह है, जो लगभग हर आर्थिक निर्णय को प्रभावित करता है, लेकिन फिर भी उसकी आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है।" इस दिवस को आधिकारिक रूप से मनाने की शुरुआत 15 मार्च 1983 से हुई थी।

वर्तमान परिदृश्य में बाजार का स्वरूप बिल्कुल बदल चुका है। उपभोक्ताओं के सामने कई चुनौतियां खड़ी हैं।



संजीव मेहरोत्रा
रिटायर बैंककर्मी

इस बार की थीम 'सुरक्षित उत्पाद, आश्वस्त उपभोक्ता' है, जो कहीं न कहीं आज के दौर की सबसे बड़ी जरूरत को दर्शाती है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत चार अधिकार दिए गए हैं, जिनमें सुरक्षा, सूचना, चयन और सुनवाई का अधिकार शामिल है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि दिए गए अधिकारों का क्या हम उपयोग कर पा रहे हैं, क्या हमें उनका लाभ मिल पा रहा है।

आज बाजार में विकल्पों की लंबी फेहरिस्त है। लुभावने विज्ञापन और सस्ते दामों में चीजें देने का दावा है। उपभोक्ता अब दुकानों तक सीमित नहीं है, वह उससे भी आगे निकल चुका है। वह ई-कामर्स की दुनिया में है, जिसके अपने फायदे और नुकसान हैं। यहां उपभोक्ता को लुभावने और गुमराह करने वाले तरीकों से अनचाही खरीदारी करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई उत्पादों का फेक रिव्यूज दिया जाता है। इंटरनेट पर तमाम ऐसे प्लेटफार्मस हैं, जो उत्पादों के रिव्यूज के नाम पर फेक यानी गलत जानकारी देकर गुमराह करते हैं।

भारत में 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019' ने ई-कॉमर्स को अपने दायरे में लिया और यहां से उपभोक्ताओं को नई मजबूती दी, जिसके तहत गुमराह करने वाले विज्ञापनों के लिए हस्तियों व कंपनियों पर भारी जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। लोगों को भी खरीदारी के समय बिल लेने, आईएसआई, एगमार्क जैसे मानकों सहित उत्पाद की एक्सपायरी तिथि जांचने की आदत डालनी होगी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल में बालेन शाह का चुना जाना महज इत्तेफाक नहीं

नेपाल में बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली नई सरकार के कामकाज के तौर-तरीकों की प्रतीक्षा में दुनिया के कई देश हैं, लेकिन नेपाल के पड़ोसी देशों को खास तौर पर इसकी प्रतीक्षा बेसब्री से है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मतदान के चुनाव की गिनती पूरी हो चुकी है, दोनों चुनाव प्रणाली में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को 175 से अधिक सीटें हासिल हुई हैं। प्रत्यक्ष प्रणाली के चुनाव में 165 सीटों में से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को सर्वाधिक 125 सीटें हासिल हुई हैं, जो अब तक किसी भी पार्टी को मिली सीटों से कहीं ज्यादा है। अप्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में अभी कुछ आधिकारिक औपचारिकता बाकी है, जिस वजह से नेपाल में नई सरकार के सत्तारूढ़ होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इस बीच यह साफ है कि नई सरकार का गठन बालेन शाह के नेतृत्व में ही होगा।



राजशाही के परंपरागत राजाओं के राजतिलक को छोड़ दें, तो दुनिया में इक्का-दुक्का उदाहरण ही मिलेंगे, जब किसी देश ने 35 वर्षीय एक नौजवान पर भरोसा जताते हुए सत्ता की चाभी सौंप दी हो। काठमांडू के नारा देवी में पैदा हुए, बालेन शाह का पैतृक गांव मधेश के महोत्तरी जिले में है। उनके पिता आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं। बालेन शाह के रैप सांग में मुख्यतः नेपाल की पीड़ा और दुश्वारियों का दर्दनाक वर्णन होता था और यही कारण है कि वे नेपाल के युवाओं में रोल-मॉडल बन गए। युवाओं ने उन्हें 2023 में पहले काठमांडू का मेयर बनाया और अब नेपाल भर के इन्हीं युवाओं ने नेपाल की सत्ता सौंप दी। बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली इस सरकार में अपेक्षाकृत युवाओं की भरमार होगी। राजनीतिक विश्लेषकों के आकलन में इस युवा सरकार को लेकर आशा और उम्मीद तो है, लेकिन कुछ भ्रांतियां और संशय भी है, जिस पर से पर्दा हटना बाकी है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

वाकई यह हैरत की बात है कि जिस आंदोलन में राजधानी काठमांडू तबाह हुआ हो, उसका इल्जाम युवाओं पर लगा हो और उन्हीं युवाओं में से कुछ राजनीति में आकर चुनाव लड़ रहे हों और जनता इन पर विश्वास जताते हुए सत्ता सौंपने का निर्णय ले रही हो, तो यह महज एक्सीडेंटल नहीं है। सोचिए नेपाल की जनता अपनी ही चुनी हुई सरकारों द्वारा कितना धोखा खाई होगी और कितनी बार ठगी गई होगी, तब ऐसा निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा होगा। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने वाली नेपाल की अपेक्षाकृत युवा सरकार नेपाल के लोगों की अपेक्षानुरूप काम कर पाएगी, इसका रुझान सत्तारूढ़ होने के कुछ दिन बाद ही पता चल पाएगा।

बालेन शाह का प्रधानमंत्री चुना जाना मधेश क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है, क्योंकि पहली बार ऐसा है कि नेपाल की सर्वोच्च सत्ता पर मधेश का कोई शख्स आसीन होने जा रहा है। इस क्षेत्र में पूर्व में नेपाली कांग्रेस का वर्चस्व रहा करता था। मधेश क्षेत्र के सांसद की बदौलत कोइराला परिवार के सदस्य स्व. वीपी कोइराला से लेकर गिरिजा प्रसाद कोइराला और सुशील कोइराला तक प्रधानमंत्री होते रहे हैं, लेकिन इस परिवार ने प्रधानमंत्री तो दूर मधेश से नेपाली कांग्रेस का सभापति तक के बारे में नहीं सोचा। इस बार काफी संभावना है कि प्रधानमंत्री के साथ नेपाली कांग्रेस के संसदीय दल का नेता भी मधेश से हो। हालांकि अंकगणित के हिसाब से नेपाली कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी तो है, लेकिन प्रमुख विपक्षी के लायक नहीं है।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के दो तिहाई से अधिक सदस्य युवा हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जो नई सरकार में गृह मंत्री हो सकते हैं, वे भी युवा हैं और संभावित प्रधानमंत्री बालेन शाह तो महज 35 वर्ष के ही हैं। सुडान गुरुंग, जिनकी पहचान जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में है, वे भी बमुश्किल 30 के ही होंगे। नेपाल में बदलाव का साक्षी बने नेपाल के युवा पॉवर की चर्चा अब पूरी दुनिया में है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



प्रधानमंत्री की कोलकाता में आयोजित जनसभा के लाइव प्रसारण को सुनने के लिए लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय में बंगाली समाज के प्रतिनिधि एकत्र हुए। इस अवसर पर भाजनपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी आदि मौजूद रहे।

# मुकाबला नहीं कर पा रहे, अफवाहों से फैला रहे अराजकता: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कैथल में मुख्यमंत्री बोले- जनता का भरोसा खो चुके लोग अब संवैधानिक संस्थाओं पर उठा रहे सवाल

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता जिन लोगों को नकार चुकी है और जो मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं, वे अफवाहों के जरिए अराजकता और अव्यवस्था फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को समाज को मिलकर रोकना होगा और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में मजबूती से काम करना होगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को हरियाणा के कैथल जिले के सौंगल गांव स्थित बाबा मुकुट नाथ मठ में ब्रह्मलीन महंत पीर गणेश नाथ जी के आठमान भंडारा, देशमेल और शंखाढाल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूजन-अर्चन कर संतों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आयोजन के लिए महंत शेरनाथ महाराज को शुभकामनाएं दीं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग जनता का विश्वास खो चुके हैं, वे अब भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर ही सवाल उठा रहे हैं। कभी लोकसभा अध्यक्ष, कभी न्यायपालिका तो कभी निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जीतने पर श्रेय लेना और हारने पर संस्थाओं पर आरोप लगाना उचित नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और आर्थिक



अस्थिरता का माहौल है, लेकिन भारत किसानों के परिश्रम और मजबूत नेतृत्व के कारण विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि 145 करोड़ देशवासी एकजुट होकर देश के नेतृत्व पर भरोसा जता रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद कई सरकारें आईं, लेकिन आस्था के सवालों पर ध्यान नहीं दिया गया, क्योंकि वे वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति में उलझी रहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में समान सोच वाली सरकार बनने के बाद अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का सपना साकार हुआ। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, केदारपुरी और बद्रीनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों का भव्य विकास भी इसी सोच का परिणाम है।

### संतों के सानिध्य में ऊंची रहेगी सनातन की पताका

योगी ने कहा कि भारत की संत परंपरा ने सदैव समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया है। संतों के सानिध्य में सनातन की ध्वज पताका हमेशा ऊंची रहेगी। उन्होंने कहा कि धर्मस्थल केवल पूजा के केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना और सामाजिक समरसता के भी केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा की भूमि संतों और वीरों की परंपरा के लिए जानी जाती है। इस परंपरा ने देश की सुरक्षा और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### यहां नशे को बढ़ावा दे रहा पाकिस्तान

योगी ने कहा कि पाकिस्तान भारत में नशे को बढ़ावा देकर युवा पीढ़ी को कमजोर करने की साजिश कर रहा है। उन्होंने समाज और संतों से अपील की कि नशे के खिलाफ जनजागरण चलाया जाए। नशा समाज और राष्ट्र दोनों के लिए विनाशकारी है और इसके खिलाफ लड़ाई देशसेवा के समान है।

## न्यूज ब्रीफ

### 181 हेल्पलाइन से 8.42 लाख महिलाओं को मिली मदद

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से संचालित 181 महिला हेल्पलाइन संकट की घड़ी में महिलाओं के लिए भरोसेमंद सहारा बनकर उभरी है। वर्ष 2017 से संचालित इस टोल फ्री सेवा के माध्यम से अब तक 8.42 लाख से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को सहायता प्रदान की जा चुकी है। महिलाएं घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न या अन्य किसी भी समस्या की स्थिति में 181 नंबर पर कॉल कर तुरंत मदद और परामर्श प्राप्त कर रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार, 181 हेल्पलाइन प्रदेश भर में 24 घंटे सक्रिय रहती है। कॉल सेंटर में तैनात प्रशिक्षित परामर्शदाता महिलाओं की समस्याओं को सुनकर सहायता उपलब्ध कराते हैं। जरूरत पड़ने पर संबंधित विभागों और स्थानीय प्रशासन से भी समन्वय कर समस्या के समाधान की दिशा में कार्रवाई की जाती है। सरकार का कहना है कि यह हेल्पलाइन महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक प्रभावी सहायता तंत्र के रूप में काम कर रही है। प्रदेश के किसी भी जिले या गांव से महिलाएं अपनी समस्या साझा कर विशेषज्ञों से सलाह ले सकती हैं।

### नवआरंभ उत्सव 25 से, बालवाटिका में बढ़ेंगे नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने और छोटे बच्चों को स्कूल से जोड़ने की दिशा में प्रदेश सरकार ने कदम बढ़ा दिये हैं। उक्त क्रम में 25 मार्च को राज्यभर के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों में 'नवआरंभ उत्सव' आयोजित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की इस पहल का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का बालवाटिका में नामांकन बढ़ाना और अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना है। नीति के अनुसार, वर्ष 2030 तक सभी बच्चों तक प्रारंभिक शिक्षा का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नवआरंभ उत्सव के दौरान विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बच्चों और अभिभावकों को बालवाटिका की गतिविधियों और सुविधाओं से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, डायट, नोडल शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नवआरंभ उत्सव के आयोजन के लिए राज्य सरकार ने 1592.22 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। प्रत्येक विद्यालय को लगभग तीन हजार रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे।

# एलपीजी कालाबाजारी करने वाले 8 गिरफ्तार, 40 एफआईआर दर्ज

## गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री को लेकर प्रदेशभर में की जा रही कड़ी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो दिनों में प्रदेश के 2,554 स्थानों पर किया गया निरीक्षण और छापेमारी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध बिक्री पर सख्त कार्रवाई जारी है। खाद्य एवं रसद विभाग तथा जिला प्रशासन की टीमों ने पिछले दो दिनों में प्रदेश के 2,554 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की कार्रवाई की। इस दौरान 40 एफआईआर दर्ज की गईं, आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और 37 अन्य के खिलाफ अभियोजन कार्यवाही की गई।

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति लगातार सुनिश्चित की जाए और कालाबाजारी पर कड़ी नजर रखी जाए। इससे उपभोक्ताओं को गैस की नियमित आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी न होने पाए।

प्रदेशभर के 4,108 एलपीजी वितरकों के यहां पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया गया है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार रिफिल की डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। भारत सरकार ने कमर्शियल सिलेंडरों की कुल खपत के 20 प्रतिशत तक आवंटन की अनुमति दी है, जिससे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी गैस आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी।

इस कार्रवाई से न केवल कालाबाजारी करने वालों पर सख्ती दिखाई गई है, बल्कि प्रदेश की एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती भी मिली है। प्रशासन का मानना है कि सतत निगरानी और जांच के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित और पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है।

### समस्याओं का त्वरित समाधान

आपूर्ति व्यवस्था की निरंतर निगरानी के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारी लगातार फील्ड निरीक्षण कर उपभोक्ताओं को आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ले रहे हैं। लखनऊ मुख्यालय में भी कंट्रोल रूम सक्रिय है, जहां अधिकारियों की तैनाती से समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

## आरटीई के तहत 1.56 लाख बच्चों को निजी स्कूलों में मिला प्रवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को संचालित प्रवेश प्रक्रिया के पहले दो चरणों में 1.56 लाख से अधिक बच्चों को निजी विद्यालयों में दाखिला मिल चुका है।

बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार, प्रथम चरण में लगभग 1.09 लाख सीटों का आवंटन किया गया, जबकि दूसरे चरण की लॉटरी में 47 हजार से अधिक बच्चों को प्रवेश मिला। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से पूरी की गई, जिसमें आवेदन, सत्यापन और लॉटरी प्रणाली के जरिए छात्रों का चयन किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक प्रवेश लखनऊ में हुए हैं, जहां पहले चरण में 12,097 और दूसरे चरण में 3,489 बच्चों को सीट मिली।

# तीन माह में बनाए 18 लाख आयुष्मान कार्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली पहले, जौनपुर दूसरे और आगरा तीसरे स्थान पर

**अमृत विचार :** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत छूटे पात्र लाभार्थियों को जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश में विशेष अभियान चलाया गया है। चलाए गए अभियान के तहत पिछले 3 महीनों में करीब 18 लाख नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। प्रदेश में अब तक कुल 5.64 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिससे करोड़ों परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है।

प्रदेश सरकार ने यह विशेष अभियान पहले 25 नवंबर से 25 दिसंबर 2025 तक चलाया था, जिसमें 5.52 लाख से अधिक कार्ड बनाए गए। अभियान की सफलता को देखते हुए इसे 15 जनवरी से दोबारा शुरू किया गया, जो 15 अप्रैल तक चलेगा। 12 मार्च तक इस चरण में 17.94 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (साचीज) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अर्चना वर्मा के अनुसार, अभियान के दौरान कार्ड बनाने में बरेली जिला पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा, जहां 1,12,855 कार्ड बनाए गए। जौनपुर 83,042 कार्ड के साथ दूसरे और आगरा 76,702 कार्ड के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा प्रयागराज 74,252 कार्ड बनाकर चौथे और आजमगढ़ 70,266 कार्ड के साथ पांचवें स्थान पर रहा।

## कार्रवाई : वायरल वीडियो पर वरिष्ठ सहायक निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बस्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत में वायरल हुए एक वीडियो के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को मामले का तत्काल संज्ञान लिया और निर्देश दिए कि वीडियो के जांच कराई जाए और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

वायरल वीडियो में दिखाए गए क्लर्क प्रदीप श्रीवास्तव पर घूस लेने का आरोप था। उप मुख्यमंत्री के आदेश पर आरोपी वरिष्ठ सहायक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, उसे कार्यालय अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य, चित्रकूट धाम मंडल, बांदा में स्थानांतरित किया गया है। साथ ही मंडलीय अपर निदेशक, चित्रकूट धाम को जांच अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने मामले की जांच संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# प्रदेश में बन रहे 'यूनिटी मॉल', जिलों के उत्पादों को मिलेगा वैश्विक मंच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आगरा, वाराणसी और लखनऊ में तेजी से चल रहा निर्माण
- हस्तशिल्प, ओडीओपी और जीआई उत्पादों को मिलेगा बड़ा बाजार

**अमृत विचार :** प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों और स्थानीय उत्पादों को नया बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में 287.56 करोड़ की लागत से तीन आधुनिक 'पीएम यूनिटी मॉल' बनाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस पहल के तहत आगरा, वाराणसी और लखनऊ में इन मॉल का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। इनका उद्देश्य प्रदेश के 75 जिलों के ओडीओपी और जीआई-टैग उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ना है।

सरकार का मानना है कि इन मॉल के माध्यम से कारीगरों, महिलाओं और युवाओं को अपने उत्पादों को प्रदर्शित और बेचने के लिए स्थायी मंच मिलेगा। इससे पारंपरिक हस्तशिल्प और कुटीर



उद्योगों को नया जीवन मिलने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। प्रदेश के कारीगरों को बड़ा बाजार मिलने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलने के साथ पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

### फिनिशिंग और प्रशासनिक ब्लॉक का ढांचा तैयार

**अमृत विचार :** लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में करीब 4.86 एकड़ क्षेत्र में 64 करोड़ रुपये की लागत से यूनिटी मॉल बनाया जा रहा है। परियोजना के तहत दुकानों की फिनिशिंग और प्रशासनिक ब्लॉक का ढांचा तैयार हो चुका है और अन्य निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। इसके जून 2026 तक पूरा होने की संभावना है।

आगरा के शिल्पग्राम क्षेत्र में करीब 11.53 एकड़ भूमि पर लगभग 128.85 करोड़ रुपये की लागत से यूनिटी मॉल का निर्माण किया जा रहा है। यहां बेसमेंट और फाउंडेशन से जुड़े कई निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं।

वाराणसी के गंगानगर कॉलोनी क्षेत्र में लगभग 154.71 करोड़ रुपये की लागत से 1.46 एकड़ भूमि पर यूनिटी मॉल विकसित किया जा रहा है। यहां बनारसी साड़ी, जरी-जरदोजी, लकड़ी के खिलौने और रुद्राक्ष जैसे पारंपरिक उत्पादों को प्रदर्शित और बिक्री के लिए विशेष स्थान मिलेगा।

# चुनावी स्वार्थ के कारण कांग्रेस सपा मना रहे कांशीराम जयंती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस पार्टी ने सरकार में रहते नहीं दिया भारत रत्न : मायावती

**अमृत विचार:** बसपा प्रमुख मायावती ने कांग्रेस की ओर से कांशीराम को भारत रत्न दिए जाने की मांग पर कड़ा प्रतिवाद किया है। उन्होंने कहा कि सभी को पता है कि कांग्रेस काफी वर्षों तक केंद्र की सत्ता पर काबिज रही। लेकिन फिर भी उसने संविधान निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर और बसपा संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया। ऐसे में अब कांग्रेस कांशीराम को कैसे भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित कर सकती है। उन्होंने कहा कि गिरगिट की तरह रंग बदलकर चुनावी स्वार्थ के कारण सपा और कांग्रेस कांशीराम की



जयंती मना रहे हैं।

बसपा प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि जब कांशीराम का निधन हुआ था, उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार और यूपी में सपा की सरकार थी। फिर भी कांग्रेस और सपा सरकार ने एक भी दिन का भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया था। अब यह पार्टियां तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर कांशीराम द्वारा बनाई गई बसपा को कमजोर करने में लगे हुए हैं। उन्होंने साफ कहा कि कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता के कारण ही कांशीराम को बसपा बनानी पड़ी थी।

## बसपा आज प्रदेशभर में मनाएगी कांशीराम जयंती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा की ओर से रविवार को प्रदेश भर में पार्टी संस्थापक कांशीराम की जयंती मनाई जाएगी। पश्चिमी यूपी के छह मंडलों के कार्यकर्ता नोएडा में एकत्र होंगे, वहीं लखनऊ समेत प्रदेश के हर जिले में जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अनुसूचित जातियों की एकता और उनके विकास के मुद्दे पर बात की जाएगी। बसपा प्रमुख मायावती ने सभी कार्यकर्ताओं को शनिवार को निर्देश जारी किए। कहा कि पूरे प्रदेश में जयंती के कार्यक्रमों को विशेष रूप से सफल बनाया जाए। उन्होंने आगाह किया कि जातिवादी और संकीर्ण जातिवादी सोच की राजनीतिक पार्टियां अवसरवादी फैशन के तहत अनुसूचित जाति के लोगों को गुमराह करना चाहती हैं। लेकिन जब यह लोग सत्ता में थे तो इन्होंने संवैधानिक व्यवस्था को पूरी तरह से पूरी तरह से निष्क्रिय कर दिया था। ऐसे अवसरवादियों से बहुजन समाज के लोग चौकन्ने रहें।

# विद्युत विभाग में वर्टिकल व्यवस्था फेल : समिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजस्व घटा गर्मियों में लड़खड़ा सकती है आपूर्ति

**अमृत विचार:** राज्य विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में देने के लिए थोपी गई वर्टिकल व्यवस्था पूरी तरह फेल है। टेक्निकल कार्य देख रहे इंजीनियरों को राजस्व कार्य में लगा दिया गया, जिससे बिजलीघरों का मेंटेनेंस प्रभावित हो रहा है। इसके चलते जहां राजस्व घट रहा है, वहीं गर्मियों में बिजली व्यवस्था लड़खड़ाने का खतरा पैदा हो गया है।

समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों की शनिवार को विभाग के फील्ड हास्टल में बैठक हुई। इस दौरान संयोजक ने पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा मनमाने ढंग से लागू की गई इस व्यवस्था को पॉलिसी पैरालिसिस करार दिया। बताया कि नई व्यवस्था के तहत 11 केवी और 33 केवी लाइनों व सब-स्टेशनों के मेंटेनेंस का कार्य, राजस्व वसूली, कमर्शियल कार्य तथा मीटरिंग का कार्य अलग-अलग कर दिया गया। इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह हुआ कि पहले जहां एक सहायक अभियंता 3-4 सब-स्टेशन संभालता था, वहीं अब उसे 8-10 सब-स्टेशन देखने पड़ रहे हैं। इसी प्रकार जूनियर इंजीनियरों पर भी कार्यभार कई गुना बढ़ गया है। उन्होंने प्रबंधन से तुरंत ही वर्टिकल व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की है।



लखनऊ : बैठक करते राज्य विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

**तैयारी** आग की घटनाओं की सूचना देने को आमजन के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

# जंगलों में आग रोकने को 116 कंट्रोल सेल सक्रिय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अफसरों ने संभाली कमान मुख्यालय से प्रभागीय स्तर तक 24 घंटे निगरानी

**अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन विभाग ने मुख्यालय से लेकर प्रभागीय स्तर तक 116 अग्नि नियंत्रण सेल स्थापित कर दिए हैं, जो 24 घंटे निगरानी रखते हुए किसी भी आग की घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में अग्नि नियंत्रण सेल सक्रिय कर दिया गया है, वहीं प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालयों, वृत्त और जोन स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। मुख्य वन संरक्षक (प्रचार-प्रसार) अदिति शर्मा के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में वन अग्नि नियंत्रण के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रभागीय स्तर पर आग की किसी भी सूचना को तुरंत मुख्यालय तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

सभी नियंत्रण कक्षों में तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रत्येक नियंत्रण कक्ष में आग से जुड़ी किसी भी सूचना को तत्काल रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा और संबंधित क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इसकी जानकारी मुख्यालय को भी भेजी जाएगी, ताकि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सके।

वन विभाग ने आम नागरिकों से भी आग की घटनाओं की सूचना देने की अपील की है। इसके लिए मुख्यालय स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 0522-2977310, 0522-2204676, 9651368060 और 7017112077 जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर कोई भी व्यक्ति जंगल में आग से संबंधित जानकारी दे सकता है।

इन क्षेत्रों में वन विभाग ने पहले ही फॉरेस्ट फायर मॉक ड्रिल कराई है और जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियां भी गठित की गई हैं। इसके अलावा जंगलों में वन्य जीवों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नए वाटर होल बनाए जा रहे हैं।

### 19 जिलों के जंगल संवेदनशील

प्रदेश में 15 जून तक वन अग्निकाल माना जाता है। पिछले वर्षों के आंकड़ों के आधार पर चित्रकूट, सोनभद्र, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग, बहराइच, महराजगंज, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, उत्तर खीरी, दक्षिण खीरी, बलरामपुर, सहारनपुर, बिजनौर, गोंडा, गोरखपुर, मीरजापुर, चंदौली, ललितपुर, बांदा और हमीरपुर समेत कई क्षेत्रों को अतिसंवेदनशील और मध्य संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।

## इटावा में मुरी एक्सप्रेस से गिरकर दो यात्रियों की मौत

**इटावा, एजेंसी।** जिले में दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर भरथना रेलवे स्टेशन के पास मुरी एक्सप्रेस से गिरकर दो रेल यात्रियों की मौत हो गई। इनमें से एक युवक की पहचान हो गई है, जबकि दूसरे की पहचान के प्रयास जारी हैं। भरथना के पुलिस उपाधीक्षक आर.डी. मौर्य ने शनिवार को बताया कि दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग की डाउन लाइन पर चल रही सुपरफास्ट मुरी एक्सप्रेस से गिरकर दो युवकों की मौत हो गई।

घटना भरथना रेलवे स्टेशन के पूर्वी ओर गणेश राइस मिल के सामने पोल संख्या 1136/10 के पास हुई। उन्होंने बताया कि डाउन गाड़ी संख्या 18310 सुपरफास्ट मुरी एक्सप्रेस दोपहर करीब 1:38 बजे भरथना स्टेशन से गुजरी थी।

# जिम की आड़ में धर्मांतरण कराने वाले गिरोह के दो और लोग गिरफ्तार

मिर्ज़ापुर, एजेंसी

- आठ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है

जिले की कोतवाली देहात पुलिस ने कथित धर्मांतरण गिरोह में शामिल 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश समेत दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर जिम की आड़ में इसे संचालित कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अपर्णा रजत कौशिक ने पत्रकारों को बताया कि मिर्ज़ापुर देहात पुलिस की एक टीम ने सूचना मिलने पर दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि इन आरोपियों में एक की पहचान मिर्ज़ापुर निवासी अशफाक खान उर्फ लकी खान के रूप में हुई है, जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम था।

उन्होंने कहा कि दूसरे आरोपी की पहचान बिहार के कैमूर जिले के निवासी साहिल अहमद के रूप में हुई है। अवैध धर्मांतरण से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में आठ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। एसपी ने बताया कि कार्रवाई जारी रखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (शहर) और सीओ सदर के नेतृत्व में टीम ने शनिवार को दो और फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

इस कथित रैकेट को जिम जिहाद नाम दिया गया है, जिसका खुलासा सबसे पहले 20 जनवरी को तब हुआ जब दो महिलाओं ने देहात कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद की जांच में शहर भर के चार जिम सील कर दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन जिमों में बड़ी संख्या में महिलाएं आती थीं, लेकिन प्रबंधन ने किसी भी महिला प्रशिक्षक को नियुक्त नहीं किया था, जिससे वहां चल रही गतिविधियों पर संदेह पैदा हुआ। शुरुआती खुलासों के बाद, मामले की जांच के लिए चार विशेष पुलिस टीम गठित की गईं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया गया और विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया है।

## बंगाल: एलपीजी वितरण केंद्रों पर लगी लंबी कतारें

**कोलकाता।** आपूर्ति बाधित होने की खबरों के बीच पश्चिम बंगाल के कोलकाता और कई जिलों में एलपीजी वितरण केंद्रों पर शनिवार को लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। सुबह से ही कोलकाता, दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना जिलों में कई स्थानों पर एलपीजी वितरण केंद्रों के बाहर लोगों की भारी भीड़ नजर आई। अधिकारियों ने कहा कि इस बीच, एलपीजी सिलेंडरों की कथित जमाखोरी और हेराफेरी को रोकने के लिए अधिकारियों ने राज्य भर में निरीक्षण तेज कर दिया है।

अमृत विचार
बरेली, रविवार, 15 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** –तुलसी 2490, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2510, रविन्द्रा 2460, फॉर्चुन 13kg 2210, जय जवान 2110, सचिन 2220, सूरज 2110, अवसर 2015, उजाला 2080, गृहणी 13 kg 2055, क्लासिक (kg) 2365, मोर 2315, चक्र टिन 2460, ब्लू 2305, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2445

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल** – (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन** –मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**– पीलीभीत 4380, बहेड़ी 4280

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम** – सोना–पक्के आभूषण 159000, सोना गिन्नी 155000, चांदी पक्की 2620 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### अकासा एयर टिकटों पर लगाएगी ईंधन अधिभार

**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अकासा एयर 15 मार्च से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर 199 रुपये से 1,300 रुपये तक ईंधन अधिभार लगाएगी। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर समान शुल्क लगाना शुरू कर दिया है। अकासा एयर ने शनिवार को बयान में कहा कि वह प्रत्येक उड़ान के लिए ईंधन अधिभार लगाएगी और यह राशि उड़ान की अवधि के आधार पर होगी।

### जायडस की दवा को चीन से मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** दवा कंपनी जायडस लाइफसाइंसेज ने शनिवार को कहा कि उसकी नवोन्मेषी दवा 'डेसिडुस्टैट' को चीन के राष्ट्रीय चिकित्सा उत्पाद प्रशासन (एनएमपीए) से विपणन की मंजूरी मिल गई है। इस दवा का उपयोग गुर्दे की बीमारी से संबंधित खून की कमी के इलाज में किया जाता है।

# 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुई कॉमर्शियल एलपीजी की बिक्री

## रसोई गैस की कालाबाजारी रोकने को छापेमारी, उत्तर प्रदेश में दर्ज हुईं 20 एफआईआर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पेट्रोलियम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू हो गया है। साथ ही, रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए देशभर में छापेमारी और औचक निरीक्षण तेज कर दिए गए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के बावजूद घबराहट में बुकिंग लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के पास पर्याप्त कच्चा तेल भंडार है और घरेलू रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। शर्मा ने कहा कि किसी भी खुदरा बिक्री केंद्र से भंडार खत्म होने की खबर नहीं है। हम घरेलू स्तर पर अपनी जरूरत के अनुसार पर्याप्त पेट्रोल-डीजल का उत्पादन करते हैं और हमें आयात की आवश्यकता नहीं है। अधिकारी ने बताया कि खाड़ी देशों से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बावजूद सरकार स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और घरेलू एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो खाड़ी देशों से ऊर्जा के परिवहन का सामान्य मार्ग है। अधिकारी ने बुकिंग नियमों को स्पष्ट करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में पिछली डिलीवरी और अगली बुकिंग के बीच न्यूनतम 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का अंतर होना अनिवार्य है। सरकार ने घरेलू एलपीजी उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि की है। कालाबाजारी रोकने को उत्तर प्रदेश में 1,400 स्थानों पर छापेमारी कर 20 एफआईआर दर्ज की गई हैं। महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी औचक निरीक्षण किए गए हैं।



### पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति बनी रहेगी: एलआईओसी

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (एलआईओसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में ईंधन की आपूर्ति लगातार जारी रहेगी। यह बयान श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिथा हेरथ द्वारा अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए किए गए अनुरोध के बाद आया। हेरथ ने इस विषय पर छह मार्च को भारत दौरे के दौरान जयशंकर से चर्चा की थी। शनिवार को यहां प्रबंधन छात्रों की एक सभा को संबोधित करते हुए एलआईओसी के प्रबंध निदेशक के रघु ने कहा कि लंका आईओसी के प्रबंध निदेशक के रूप में मैं केवल लोगों को यह बताना चाहता हूं कि आप सभी सुरक्षित हाथों में हैं।

### 55 से बढ़कर 88 लाख हो गयी दैनिक बुकिंग

अधिकारी ने बताया कि युद्ध शुरू होने से पहले एलपीजी सिलेंडर की दैनिक बुकिंग लगभग 55 लाख थी। शुक्रवार को यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 75 लाख था और आज बढ़कर 88 लाख तक पहुंच गया। उन्होंने उपभोक्ताओं से केवल आवश्यकता होने पर ही सिलेंडर बुक करने का आग्रह किया।

### पीएनजी कनेक्शन देगी गेल

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल ने शहरी गैस परिचालकों से वाणिज्यिक ग्राहकों को पीएनजी कनेक्शन देने को कहा है। इसके अलावा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में उद्योगों और होटलों को एक महीने तक वैकल्पिक ईंधन के रूप में बायोमास के उपयोग की अनुमति दी है।

## नोटबंदी में नोट जमा न करने पर एक्सिस बैंक को 3.19 करोड़ रुपये देने का आदेश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) ने एक्सिस बैंक को दिल्ली स्थित प्रोकेयर लॉजिस्टिक्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को 3.19 करोड़ रुपये देने का आदेश दिया है। आयोग ने बैंक को सेवा में कमी का दोषी ठहराया क्योंकि उसने 2016 के नोटबंदी के दौरान नोटों को जमा करने से मना किया था। आयोग ने कंपनी की बैंक के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई की। आयोग में पीठासीन सदस्य एवीएम जे. राजेंद्र और न्यायिक सदस्य अनूप कुमार मेंदीरत्ता शामिल थे।

आयोग ने 10 मार्च के आदेश में कहा कि बैंक ने बार-बार अनुरोध के बावजूद शिकायतकर्ता को अपने केवाईसी सत्यापित खाते में नोट जमा करने से रोक दिया और यह समस्या नोटबंदी की पूरी अवधि तक बनी रही। आयोग ने कहा कि बैंक के पास ऐसा कोई अधिकार नहीं था कि वह ग्राहक के पैसे जमा करने से सीधे मना कर दे।

यदि बैंक को पैसों पर कोई शक था, तो वह इसकी सूचना अधिकारियों को दे सकता था, लेकिन नोट स्वीकार करना बैंक की मुख्य जिम्मेदारी थी।

# सेबी चेयरमैन की सलाह अनिश्चित माहौल में धैर्य बनाए रखें निवेशक

**मुंबई, एजेंसी**



- कोरोना-युद्ध ने दिखाया कि समय के साथ स्थिर हो जाते हैं बाजार

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को निवेशकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की और इसे अनिश्चित समय में सबसे अच्छी रणनीति करार दिया।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण बाजारों में बिकवाली के दबाव के बीच पांडेय ने कहा कि कोरोना महामारी या रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी पिछली घटनाओं ने यह दिखाया है कि समय के साथ बाजार स्थिर हो जाते हैं।

सेबी के चेयरमैन ने बताया कि वैश्विक स्तर पर स्थिरता बहाल करने के प्रयास जारी हैं, हालांकि दुनिया के कुछ हिस्सों में जारी तनाव ने ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता पैदा की है। उन्होंने कहा कि कई निवेशकों, खासकर खुदरा निवेशकों के लिए, ऐसे अनिश्चित समय में सबसे अच्छी रणनीति धैर्य बनाए रखना है। भारतीय पूंजी बाजार नियामक के प्रमुख ने माना कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अनिश्चितता हावी है, जो प्रौद्योगिकी बदलाव, कृत्रिम मेधा (एआई) के अपनाने और भू-राजनीतिक तनावों के कारण उत्पन्न होती है।

पांडेय ने पिछले अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि बाजारों में उतार-चढ़ाव आया ... लेकिन वे अंततः स्थिर हो गए। उन्होंने कहा कि अनिश्चितता अपवाद नहीं बल्कि वित्तीय बाजारों की एक सामान्य विशेषता है।

पांडेय ने कहा कि अनिश्चित समय में पूंजी बाजार की ताकत अस्थिरता की अनुपस्थिति में नहीं है। अस्थिरता बाजारों की एक प्राकृतिक विशेषता है। असली ताकत इस विश्वास में है कि प्रणाली तनाव के समय भी निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से काम करेगी। पांडेय ने कहा कि यदि हम संस्थानों को मजबूत बनाना जारी रखें, सहभागिता बढ़ाएं और शासन व्यवस्था को बनाए रखें, तो भारतीय पूंजी बाजार अनिश्चितता से निपट कर और मजबूत भी बन सकते हैं।

## उद्योग की परिभाषा पर 17 को सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीमकोर्ट की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ 17 मार्च से औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत 'उद्योग' शब्द की परिभाषा के विवादास्पद मुद्दे पर सुनवाई शुरू करने वाली है। न्यायालय की 17 मार्च की कार्यसूची के अनुसार, इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ करेगी।

इस पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भूयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली शामिल हैं।

इससे पहले 16 फरवरी को न्यायालय ने उन व्यापक मुद्दों को तैयार किया था, जिन पर इस पीठ को निर्णय लेना है। देश के सर्वोच्च न्यायालय को विचार करना है कि क्या 1978 के बेंगलुरु वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड मामले में न्यायमूर्ति वी आर कृष्णा अय्यर द्वारा 'उद्योग' को परिभाषित करने के लिए तय किए गए मानक सही हैं? साथ ही, पीठ यह भी देखेगी कि औद्योगिक विवाद (संशोधन) अधिनियम, 1982 और औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (जो 21 नवंबर, 2025 से



प्रभावी है) का मूल अधिनियम में 'उद्योग' शब्द की व्याख्या पर क्या कानूनी प्रभाव पड़ता है।

पीठ द्वारा तय किए गए मुख्य मुद्दों में से एक यह है कि क्या सरकारी विभागों द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कल्याण कार्यों, योजनाओं या अन्य उद्यमों को औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 2(जे) के तहत औद्योगिक गतिविधियां माना जा सकता है।

अदालत ने संबंधित पक्षों को 28 फरवरी तक अपनी लिखित दलीलें देने का मौका दिया था। नौ न्यायाधीशों की यह पीठ 17 मार्च को सुनवाई शुरू करेगी और इसे 18 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि 2017 में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश टी एस ठाकुर की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने इस मुद्दे के गंभीर और व्यापक प्रभावों को देखते हुए इसे नौ न्यायाधीशों की पीठ को भेजने का निर्णय लिया था।

# खाद की कोई कमी नहीं, सरकार ने दिया भरोसा

## पश्चिम एशिया संकट के बीच स्पष्ट किया-आगामी खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त से अधिक है भंडार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। सरकार ने स्पष्ट किया कि यूरिया और अन्य पोषक तत्वों का भंडार पर्याप्त से अधिक है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत के अंतरराष्ट्रीय साझेदारों ने भी उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति का आश्वासन दिया है। पश्चिम एशिया संकट से जुड़े घटनाक्रमों पर एक अंतर मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में जायसवाल ने कहा कि मैं आपको बता सकता हूं कि इस समय भारत के पास उर्वरकों का पर्याप्त भंडार है, विशेष रूप से आगामी खरीफ सत्र के लिए। हमारे पास यूरिया का भंडार पिछले



साल की इसी अवधि की तुलना में अधिक है। उन्होंने आंकड़ों के हवाले से बताया कि भारत का डीएपी (डाइअमोनियम फॉस्फेट) भंडार 2025 की तुलना में दोगुना है, जबकि एनपीके (नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम) की स्थिति भी पहले से काफी बेहतर है। उन्होंने विश्लेषकों से आग्रह किया कि वे तथ्यात्मक स्थिति को देखें और अधूरी जानकारी के आधार पर घबराहट न फैलाएं।

प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान घरेलू उत्पादन हमारी सामान्य खपत से अधिक है, क्योंकि रबी का मौसम अब समाप्ति की ओर है। सरकार ने संयंत्रों का वार्षिक रखरखाव समय से पहले ही पूरा कर लिया है ताकि उपलब्ध गैस के साथ उत्पादन को अधिकतम किया जा सके। उर्वरक विभाग ने समय रहते वैश्विक निविदाएं जारी की थीं, जिन्हें अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और मार्च के अंत तक बड़ी आपूर्ति की उम्मीद है।

### गर्मियों में बढ़ सकती है कोयले की मांग, सरकार तैयार: रेड्डी

**चंद्रपुर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने से कोयले की मांग और अधिक बढ़ सकती है, लेकिन सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि कोयला कंपनियां अतिरिक्त उत्पादन कर रही हैं और सरकार लगातार उनसे संपर्क में है ताकि किसी भी बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। मंत्री ने कहा कि हम सभी कोयले की जरूरतें देश में ही पूरा करते हैं। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने से कोयले की मांग और बढ़ सकती है, लेकिन हम इसे पूरा करने के लिए तैयार हैं। गर्मियों में कोयले की मांग बढ़ जाती है। इसी तरह, सर्दियों में हीटर के बढ़ते उपयोग से बिजली की जरूरत बढ़ जाती है, खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में जहां बिजली की मांग तेजी से बढ़ती है। केंद्रीय कोयला और खनिज मंत्री यहां वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के मुरपार भूमिगत कोयला खदान के सतत और वैज्ञानिक बंद करने तथा पुन: उपयोग के कार्यक्रम का उद्घाटन करने आए थे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने खदान के बंद होने से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और प्रगति की समीक्षा की। इस खदान में 2003 में कोयला उत्पादन शुरू हुआ था और 2022 में इसे बंद कर दिया गया था, जब इसे ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व (टीएटीआर) के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र का हिस्सा घोषित किया गया। मंत्री ने कहा कि खदान का बंद होना अंत नहीं बल्कि सतत विकास की दिशा में एक नई शुरुआत है।

### पश्चिम एशिया में तनाव से कच्चे तेल में उछाल 15 दिनों में 40% तक बढ़े दाम, भविष्य पर नजर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब वैश्विक ऊर्जा बाजार पर साफ दिखाई देने लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 15 दिनों के भीतर 40 प्रतिशत से अधिक की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि क्षेत्रीय संघर्ष और बढ़ता है या महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग प्रभावित होते हैं, तो आने वाले दिनों में कीमतों में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

#### क्या बता रहे आंकड़े

आंकड़ों के अनुसार, 27 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत करीब 73 डॉलर प्रति बैरल थी। हालांकि, पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य टकराव और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर पैदा हुई चिंताओं के कारण शनिवार तक यह कीमत लगभग 103 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। इस प्रकार केवल 15 दिनों के भीतर प्रति बैरल करीब 30 डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो लगभग 41 प्रतिशत के उछाल के बराबर है। बताया जा रहा है कि अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच तनाव 28 फरवरी से और तेज हो गया, जब अमेरिकी और इस्राइली बलों ने ईरान के सैन्य ठिकानों तथा शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर हमले किए। इस घटनाक्रम के बाद वैश्विक बाजारों में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता गहराने लगी है।

विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बाजार में आशंका बढ़ी हुई है। यह जलमार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा परिवहन मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचती है। यदि इस मार्ग पर किसी प्रकार की रुकावट आती है, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है।

#### बाजार को लेकर विशेषज्ञों की राय

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाला सप्ताह ऊर्जा बाजार के लिए काफी उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोनमुडी आर के अनुसार निवेशकों की नजरें पूरी तरह पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रम पर टिकी रहेंगी। सरकारों के बयान, सैन्य गतिविधियां और संभावित कूटनीतिक पहल बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

**उड़ान** | सस्ती और अच्छी शिक्षा की चाहत बना रही एनआरआई

# यूरोप, सिंगापुर की ओर उड़ने को बेताब भारतीय छात्र

**मुंबई, एजेंसी**

किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के कारण भारतीय छात्र तेजी से स्पेन, जर्मनी, सिंगापुर, यूएई और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को पढ़ाई के लिए चुन रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

शिक्षा क्षेत्र पर केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ऑक्सिलो फिनसर्व की रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश अब भी भारतीय छात्रों के लिए काफी आकर्षक बने हुए हैं, खासकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित से जुड़े पाठ्यक्रमों के लिए। हालांकि, अब भारतीय छात्र पढ़ाई के लिए अन्य देशों को भी तेजी से विकल्प के रूप में चुन रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार इस बदलाव के पीछे कम लागत, अच्छे शिक्षण



संस्थान, वीजा के आसान नियम, प्रशिक्षण और नौकरी के बेहतर अवसर तथा छात्रों की सुरक्षा जैसे कुछ कारण हैं।

ऑक्सिलो फिनसर्व में विदेशी शिक्षा ऋण से जुड़ी मुख्य अधिकारी श्वेता गुरु ने कहा कि आज भारतीय छात्र विदेश में पढ़ाई के मामले में अधिक व्यावहारिक हो गए हैं और वे खर्च के बदले मिलने वाले लाभ को ध्यान में रखकर निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्पेन, जर्मनी और न्यूजीलैंड जैसे देशों में पढ़ाई के लिए मांग तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि वहां अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा, कम खर्च, स्पष्ट वीजा प्रक्रिया और पढ़ाई के बाद रोजगार के बेहतर अवसर मिलते हैं, खासकर स्नातकोत्तर स्तर और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग तथा गणित से जुड़े पाठ्यक्रमों में। रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोप के कई नए शिक्षा केंद्रों में वर्ष 2023 से 2025 के बीच

- अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों का आकर्षण भी बरकरार

लगातार मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार इन देशों में पढ़ाई का कुल खर्च लगभग 18 से 40 लाख रुपये प्रति वर्ष है, जबकि ब्रिटेन जैसे पारंपरिक देशों में यह 60 से 90 लाख रुपये प्रति वर्ष तक पहुंच जाता है।

वहीं जर्मनी, स्पेन और अन्य उभरते देशों में पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी मिलने में औसतन छह से नौ महीने लगते हैं, जबकि पारंपरिक देशों में यह समय नौ से 15 महीने तक हो सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि इन देशों में शुरुआती वेतन लगभग 25 से 45 लाख रुपये सालाना होता है, जबकि अमेरिका, ब्रिटेन जैसे पारंपरिक देशों में यह 45 से 75 लाख रुपये तक हो सकता है।

## मोजाम्बिक में कोयला खदान विकसित करेगी जेएसडब्ल्यू स्टील

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू स्टील अफ्रीकी देश मोजाम्बिक में कोयले की एक खदान (मिनास डी रेवुबोए) को विकसित करने जा रही है। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि यह काम अलग-अलग चरणों में पूरा किया जाएगा। यह खदान मोजाम्बिक के टेते प्रांत के मोआटाइज कोयला क्षेत्र में स्थित है। इसमें कुल 85 करोड़ टन कोयले का भंडार है, जिसमें से 25 करोड़ टन कोकिंग कोल निकल सकता है।

जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि वह इस खदान को कई चरणों में विकसित करेगी। पहले चरण का विकास अगले लगभग ढाई साल में पूरा करने की योजना है। इसके बाद खदान से हर साल करीब 24 लाख टन उच्च गुणवत्ता वाले कोकिंग कोयले का उत्पादन किया जा सकेगा। भारत में अच्छी गुणवत्ता वाले कोकिंग कोयले के भंडार बहुत कम हैं, इसलिए ये जरूरी है।

# एक अप्रैल से महंगा हो जाएगा फास्टैग वार्षिक पास, 52 लाख लोगों पर होगा असर

**नयी दिल्ली।** यदि आप कार से चलते हैं तो ये खबर आपके लिए जरूरी है। सड़क परिवहन मंत्रालय ने फास्टैग के वार्षिक पास की कीमतों में 2.5% की वृद्धि करने का फैसला किया है।

अब प्राइवेट गाड़ी मालिकों को वार्षिक पास के लिए 3,000 की जगह 3,075 रुपए चुकाने होंगे। यह पास कार चालकों को देशभर के 200 टोल प्लाजा पर बिना रुके सफर करने की सुविधा देता है। सड़क परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, जब फास्टैग एनुअल पास की शुरुआत की गई थी, तभी इसकी अधिसूचना में हर साल कीमतों की समीक्षा और बदलाव का प्रावधान रखा गया था। यह वृद्धि उसी वार्षिक समीक्षा प्रक्रिया का हिस्सा है।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने बीती 15 अगस्त 2025 से इस खास




3,000 की जगह देने होंगे 3,075 रुपये

वार्षिक पास की सुविधा शुरू की थी। तब से अब तक 52 लाख से ज्यादा कार चालक इससे जुड़ चुके हैं। इस योजना की सबसे अहम बात ये है कि इसे एक साल अनेक बार रिचार्ज कराया जा सकता है। लंबी दूरी की यात्राओं में रहने वालों के लिए ये बहुत सस्ता पड़ता है।

#### पुराने रेट का एक मौका

अधिकारियों के अनुसार जो कार चालक 31 मार्च तक अपना पास रिचार्ज करायेंगे या नया पास खरीदेंगे, उन्हें यह पुरानी दरों यानी 3,000 रुपए में ही मिलेगा।

## सरकार ने बिजली उत्पादन मानदंडों में संशोधन किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र ने कंपनियों के कैप्टिव विद्युत उत्पादन संयंत्रों (सीजीपी) से जुड़े नियमों की व्याख्या को अधिक स्पष्ट करने और इसे व्यवसाय के लिए अधिक आसान एवं अनुकूल बनाने के लिए विद्युत नियमावली, 2005 के नियम 3 में संशोधन किये हैं।

विद्युत मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस संबंध में विद्युत (संशोधित) नियमावली-2026 को अधिसूचित कर दिया गया है। मंत्रायल ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य नियमों की व्याख्या से जुड़ी अस्पष्टताओं को दूर करना, उद्योगों के लिए कारोबार में आसानी को सुधानाऔर कैप्टिव बिजली संयंत्र व्यवस्था को भारत के ऊर्जा संक्रमण और औद्योगिक विकास के लक्ष्यों के साथ समन्वित करना है। नये संशोधनों के कुछ प्रावधान कुछ प्रावधान एक अप्रैल 2026 से लागू होंगे जबकि अन्य संशोधन तुरंत प्रभाव से लागू होंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वीजा धोखाधड़ी में 11 भारतीयों पर आरोप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 11 भारतीय नागरिकों पर वीजा धोखाधड़ी के लिए दुकानों में फर्जी हथियारबंद डकैती की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों पर फर्जी डकैतियों को अंजाम देने का आरोप है ताकि दुकान के लिपिक ग्रीन कार्ड प्राप्त करने के लिए आव्रजन आवेदनों में खुद को अपराध का शिकार बता सकें। इन 11 लोगों में 39 वर्षीय जीतेंद्रकुमार पटेल, 36 वर्षीय महेशकुमार पटेल, 45 वर्षीय संजयकुमार पटेल, 40 वर्षीय दीपिकाबेन पटेल, 52 वर्षीय रमेशभाई पटेल, 43 वर्षीय अमिताबहेन पटेल, 28 वर्षीय रौनककुमार पटेल, 36 वर्षीय संगीताबेन पटेल, 42 वर्षीय मिंकेश पटेल, 42 वर्षीय सोनल पटेल और 40 वर्षीय मितुल पटेल शामिल हैं जिन पर वीजा धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप है।

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोलसोनारो बीमार

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो निमोनिया से पीड़ित हैं और देश की राजधानी ब्रासीलिया के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में उनका इलाज किया जा रहा है। अस्पताल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उनके चिकित्सक ब्रासिल कैआडो ने पत्रकारों को बताया कि 70 वर्षीय बोलसोनारो की स्वास्थ्य की स्थिति गंभीर है। कैआडो ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के रोगियों में निमोनिया हमेशा गंभीर होता है क्योंकि यह सेप्टीसीमिया में बदल सकता है और इस बैक्टीरिया के रक्तप्रवाह में प्रवेश करने की आशंका रहती है इसलिए इससे अधिक गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है।

### 110 साल के बाद लौटा आइवरी कोस्ट का ढोल

**अबिदजान।** फ्रांस ने औपनिवेशिक काल के दौरान लूटी गई एक अमूल्य विरासत, जिजी अयोक्वे नाम वाले एक पवित्र 'ढोल' को आधिकारिक तौर पर उसके मूल देश आइवरी कोस्ट को लौटा दिया है। परंपरा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक रहे इस ढोल को शुक्रवार सुबह एक विशेष विमान के जरिए अबिदजान के हवाई अड्डे पर पहुंचाया गया, जहां आदिवासी कबीलों के पारंपरिक प्रमुखों और सांस्कृतिक अधिकारियों ने भावुक होकर इसका नाच गाकर स्वागत किया। लगभग 3 .3 मीटर लंबा और 430 किलोग्राम वजनी यह विशाल ढोल आइवरी कोस्ट के 'अचान' समुदाय की पहचान का प्रतीक है।

# उत्तर कोरिया ने जापान सागर में दागीं मिसाइलें

- अमेरिका- दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान किया शक्ति प्रदर्शन

**सियोल, एजेंसी**

अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं।

दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने कहा कि मिसाइलें उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के निकटवर्ती क्षेत्र से दागी गईं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कितनी दूर तक गईं। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये हथियार देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर के जलक्षेत्र में गिरे। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स' ने कहा कि सेना ने निगरानी बढ़ा दी है और संभावित अतिरिक्त हमलों के खिलाफ तत्परता बनाए रखी है तथा वह अमेरिका एवं जापान के साथ जानकारी साझा कर रही है। यह प्रक्षेपण ऐसे समय में किया गया है, जब उत्तर कोरिया ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 11 फ्रीडम शील्ड युद्धाभ्यास जारी है। अमेरिका-द. कोरिया के अभ्यासों को उत्तर कोरिया खुद पर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी की रैली से पूर्व भाजपा-तृणमूल कार्यकर्ताओं में झड़प

- मंत्री के घर पर भी पथराव, भाजपा नेता व एक पुलिस अफसर घायल

**कोलकाता, एजेंसी**

मध्य कोलकाता में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली से करीब आधा घंटा पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प हुई, जिसमें एक पुलिस अधिकारी और भाजपा के एक नेता घायल हो गए।

झड़प के बीच, यह आरोप भी सामने आया कि गिरीश पार्क इलाके में पश्चिम बंगाल की मंत्री शशि पांजा के आवास पर पथराव किया गया। यह झड़प रैली स्थल से लगभग पांच किलोमीटर दूर उस समय हुई जब भाजपा समर्थक प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने के लिए ब्रिगेड परेड मैदान की ओर जा रहे थे। यह रैली विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा' के समापन का प्रतीक है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के समर्थकों ने कथित तौर पर एक-दूसरे पर पत्थर फेंके और नारे लगाए, जिससे इलाके में तनाव पैदा हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास में बोबाजार पुलिस थाना प्रभारी बप्पादित्य नस्कर भी घायल हो गए। भाजपा ने दावा किया कि झड़प के दौरान उत्तरी कोलकाता जिला अध्यक्ष तमघनो घोष और कई पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गए। पार्टी नेताओं ने बताया कि घोष को अस्पताल ले जाया गया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि रैली स्थल की ओर जाते समय उनके समर्थकों पर हमला किया गया। भाजपा के एक कार्यकर्ता ने एक बांग्ला समाचार चैनल को बताया, बिना किसी उकसावे के हम पर पत्थर फेंके गए। हमें गालियां भी दी गईं। पार्टी ने आरोप लगाया कि झड़प में रैली में समर्थकों को ले जा रही बसों सहित कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, टीएमसी कार्यकर्ताओं ने इन आरोपों का खंडन किया और दावा किया कि ब्रिगेड रैली में जाते समय भाजपा समर्थकों ने पांजा के आवास पर हमला किया था। पांजा ने दावा किया कि भाजपा समर्थकों ने उनके आवास को निशाना बनाया और खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। मंत्री ने आरोप लगाया, भाजपा के गुंडों ने हमला किया। रैली में जा रही बसों में ईंटें, कांच की बोतलें और बम ले जाए जा रहे थे।



मध्य कोलकाता में शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी की रैली के पूर्व भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के बाद सड़क पर बिखरीं ईंटें और मौजूद पुलिस।

### शुरुआत में निष्क्रिय बनी रही पुलिस

कुछ भाजपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि स्थिति बिगड़ने पर पुलिस शुरू में निष्क्रिय रही। बाद में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और झड़प करने वाले समूहों को तितर-बितर करके स्थिति को नियंत्रण में किया। इलाके में तनाव बढ़ने के बाद दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं। ये झड़प ब्रिगेड परेड मैदान में मोदी की रैली से ठीक पहले हुई।

# भाजपा की सरकार बनने पर दो वर्ष में पंजाब को करेंगे नशामुक्त: शाह

## केंद्रीय गृहमंत्री ने कानून व्यवस्था, धर्मांतरण और भ्रष्टाचार पर मान सरकार को घेरा

- कहा-आप प्रमुख केजरीवाल के लिए एटीएम बनी मान सरकार

**मोगा (पंजाब), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून-व्यवस्था, नशे की समस्या, धर्मांतरण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर शनिवार को पंजाब की भगवंत मान सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बन गई है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक मौका दें ताकि राज्य में बदलाव लाया जा सके।

मोगा में एक बदलाव रैली में चुनावी बिगुल बजाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने राज्य के लोगों से कहा कि उन्होंने कांग्रेस, अकाली दल और 'आप' को कई मौके दिए हैं। शाह ने आरोप लगाया, आज पंजाब कर्ज, नशे, धर्मांतरण, भ्रष्टाचार और गैंगस्टरों के आतंक के कारण बर्बाद हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पंजाब को नशे और अन्य समस्याओं से मुक्त कर सकता है, तो वह केवल नरेन्द्र मोदी और भाजपा ही हैं। उन्होंने वादा किया कि यदि भाजपा 2027 में सत्ता में आई तो नशे के कारोबार को सिर्फ दो साल में जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। शाह ने कहा, इस राज्य में कोई सरकार नहीं है। अगर कोई सरकार होती, तो कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब नहीं होती; राज्य नशे की समस्या से जूझता नहीं और किसान इतनी पीड़ा में नहीं होते मान केवल केजरीवाल के पायलट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार भ्रष्टाचार में डूब गई है।

शाह ने कहा, मुख्यमंत्री मान को शर्म आनी चाहिए कि दिल्ली के चार 'सूबेदार' राज्य में बैठे हुए हैं और इसकी सारी संपत्ति बाहर भेज रहे हैं। पंजाब में आप की सरकार अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बन गई है। यह पंजाब की गरिमा के साथ खिलवाड़ कर रही है। शाह ने कहा, भाजपा को एक मौका दें, हम पंजाब में बदलाव लाएंगे। शाह ने बताया कि पार्टी ने 2027 के चुनावों के लिए अपनी चुनावी मुहिम मोग़ा से शुरू की है। उन्होंने कहा, मैं पंजाब के लोगों से अपील करने आया हूं कि भाजपा को वोट दें। शाह ने कहा कि भाजपा पहले अकालियों के जूनियर सहयोगी के रूप में पंजाब में सरकार का हिस्सा रही है। उन्होंने कहा, जब भी हम आपके सामने आए, हम छोटे भाई के रूप में आए। कहा कि भाजपा 2027 के चुनावों के बाद सरकार बनाने के लिए लड़ाई लड़ने जा रही है।



पंजाब के मोगा में बदलाव रैली के दौरान मंच पर भाजपा नेताओं तरुण चुघ, रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य नेताओं के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिखाई दे रहे हैं।

### किसानों को गुमराह कर रही आप-कांग्रेस

राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर हमलावर रुख अपनाते हुए शाह ने कहा कि 2026 में तीन गांव के सरपंच मारे गए जबकि गैंगस्टर लोगों से पैसे उगाह रहे हैं। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर, शाह ने 'आप' सरकार और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधा और किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया। मोगा के किली चाहलान गांव में रैली के लिए व्यापक इंतज़ाम किए गए थे। मोगा पंजाब के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मालवा क्षेत्र में है, राज्य की 117 विधानसभा सीटों में से 69 इस क्षेत्र में हैं।

# पाकिस्तान ने मार गिराए अफगानी ड्रोन, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए गए अफगान तालिबान के ड्रोन के मलबे की चपेट में आने से दो बच्चों सहित कम से कम चार लोग घायल हो गए। पाकिस्तान की सेना ने शनिवार को बताया कि इन ड्रोन को शुक्रवार को उनके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही राजधानी इस्लामाबाद से सटे रावलपिंडी, क्वेटा और कोहाट में रोककर नष्ट कर दिया गया। सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के अनुसार, इन हमलों का मकसद लोगों में डर पैदा करना था और ये हमें उस आतंकवादी मानसिकता की याद दिलाते हैं, जिससे अफगान तालिबान प्रेरित है।

सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि इन ड्रोन को बीच रास्ते में ही रोक दिया गया और वे अपने तयशुदा लक्ष्यों तक नहीं पहुंच सके लेकिन इनके मलबे के कारण क्वेटा में दो बच्चे तथा कोहाट एवं रावलपिंडी में एक-एक नागरिक घायल हो गए। उसने कहा, अफगान तालिबान एक ओर दुनिया की सहानुभूति हासिल करने के लिए खुद को पीड़ित के रूप में पेश करता है, वहीं दूसरी ओर वह अपने आतंकवादी सरगनाओं और अपने ड्रोन के जरिए नागरिकों को सक्रिय रूप से निशाना बनाता है।

# ब्रेन इम्प्लांट के व्यावसायिक उपयोग को चीन ने दी मंजूरी

- लकवाग्रस्त मरीजों के इलाज के लिए जगी नई उम्मीद

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन ने लकवाग्रस्त व्यक्तियों के हाथों में जान डालने में मदद के लिए डिज़ाइन किए गए दुनिया के पहले ब्रेन इम्प्लांट को व्यावसायिक उपयोग के लिए आधिकारिक मंजूरी दे दी है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला चीन दुनिया का पहला देश बन गया है।

इस डिवाइस को चीनी कंपनी 'न्यूरैकल मेडिकल टेक्नोलॉजी' ने विकसित किया है और यह 'ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस' तकनीक पर आधारित है। यह डिवाइस मुख्य रूप से उन वयस्कों (18 से 60 वर्ष) के लिए है जो गर्दन में रीढ़ की हड्डी की गंभीर चोट के कारण लकवे का शिकार हो गए हैं। बीसीआई तकनीक, किसी इंसान के तंत्रिका तंत्र को ऐसे उपकरणों से जोड़ती है जो मस्तिष्क की गतिविधियों को समझ सकते हैं। सरल शब्दों में, यह मशीन मरीज के दिमाग में चलने वाले 'हाथ हिलाने के विचार' को पकड़ती है और उसे सॉफ्टवेयर के जरिए एक रोबोटिक दस्ताने को भेजती है। यह दस्ताना मरीज के हाथ को खोलने और बंद करने में मदद करता है, जिससे मरीज चीजों को पकड़ पाता है। चीन ने हाल के वर्षों में बीसीआई तकनीक को अपनी राष्ट्रीय रणनीतिक प्राथमिकता में शामिल किया है। साउथ चायना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, चीन इसे भविष्य की आर्थिक वृद्धि के एक बड़े कारक के रूप में देख रहा है। पिछले साल, एक अन्य चीनी कंपनी 'न्यूरोएक्सिस' ने भी तब सुर्खियां बटोरी थीं, जब आठ साल से फालिज या लकवाग्रस्त एक इंसान ने इम्प्लांट के महज पांच दिन बाद अपने विचारों से डिजिटल उपकरणों को नियंत्रित करना शुरू कर दिया था।



दूसरी ओर, एलन मस्क की कंपनी 'न्यूरालिंक'भी इस दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रही है। श्री मस्क ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि उनकी कंपनी 2026 में बीसीआई उपकरणों का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर देगी। न्यूरालिंक के अनुसार, दुनिया भर में अब तक 12 गंभीर रूप से लकवाग्रस्त लोग उनके इम्प्लांट का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, कमर्शियल मंजूरी के मामले में चीन ने फिलहाल बाजी मार ली है।

# राजकोट में एम्स के प्रशिक्षु डॉक्टर ने की आत्महत्या

- सुसाइड नोट में अपने सहपाठियों पर लगाया राजस्थान निवासी डॉक्टर ने मारपीट का आरोप

**राजकोट (गुजरात), एजेंसी**

राजकोट के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कार्यरत 25 वर्षीय प्रशिक्षु चिकित्सक ने शनिवार को आत्महत्या कर ली। मौके से मिले एक सुसाइड नोट में दावा किया गया है कि सहपाठियों ने उस पर हमला किया था।

पुलिस उपायुक्त (जोन 2) राकेश देसाई ने बताया कि राजस्थान के जैसलमेर निवासी रतनकुमार मेघवाल का शव शहर के पास घंटेस्वर और पारा पिपलिया के बीच रेलवे ट्रैक पर मिला। अधिकारी ने बताया कि गांधीग्राम पुलिस को सुबह करीब 5:30 बजे घटना की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और मेघवाल का शव बरामद किया।

देसाई ने बताया कि रेलवे ट्रैक के पास से मेघवाल का लैपटॉप, मोबाइल फोन, मेडिकल फाइलें और पहचान पत्र बरामद हुए। प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस को प्रशिक्षु चिकित्सक के पास से एक नोट मिला है जिसमें मेघवाल ने अपने सहपाठियों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।



अधिकारियों ने बताया कि मेघवाल ने 27 जनवरी को भी उसी स्थान पर आत्महत्या का प्रयास किया था लेकिन तब पुलिस मौके पर पहुंची थी और उसे राजस्थान स्थित उसके घर भेज दिया था।

# अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व पर घोषित किया एक करोड़ डॉलर का इनाम

- रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस कार्यक्रम के तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने की घोषणा

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई समेत कई प्रमुख नेताओं की जानकारी देने वाले को एक करोड़ डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्रालय के 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' कार्यक्रम के तहत की गई है।

इसमे विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस सूची में मोजतबा खामेनेई के अलावा अली असगर हेजाजी (डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ), मेजर जनरल यहया रहीम सफावी ( सैन्य सलाहकार), अली लारीजानी ( सलाहकार), ब्रिगेडियर जनरल एस्कंदर मोमेनी (आंतरिक मामलों के मंत्री), इस्माइल खतीब (खुफिया और सुरक्षा मंत्री) शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये व्यक्ति इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के विभिन्न अंगों का संचालन करते हैं, जो दुनिया भर में आतंकवाद की योजना बनाने और अंजाम देने का काम करता है। नोटिस में अमेरिका ने यह भी स्पष्ट किया है कि महत्वपूर्ण जानकारी देने वाले व्यक्ति को न केवल नकद पुरस्कार दिया जाएगा, बल्कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर बसाने की सुविधा भी देगा। यह कदम हाल ही में आयतुल्लाह खामेनेई और अन्य शीर्ष ईरानी अधिकारियों की मौत के बाद जारी सैन्य अभियानों की पृष्ठभूमि में उठाया गया है।

### मोजतबा को निशाना बनाया तो ईरान गंभीर कार्रवाई करेगा

**मास्को।** रूस में ईरान के राजदूत काज़ेम जलाली ने रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि यदि अमेरिका ईरान के नय सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या करने का प्रयास करता है, तो उसे गंभीर जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जब उनसे पूछा गया कि यदि अमेरिका और इज़रायल ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या का प्रयास करते हैं, तो ईरान की क्या प्रतिक्रिया होगी, तो जलाली ने कहा, आप आज ईरान की प्रतिक्रिया देख रहे हैं। हम अपने नेता (अयातुल्ला अली खामेनेई) के लिए खून का बदला चाहते हैं।

# जम्मू के पुंछ में आतंकवाद विरोधी अभियान में सेना के सूबेदार की जान गई

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान एक कनिष्ठ कमीशन अधिकारी (जेसीओ) फिसलकर नीचे गिर गए जिससे उनका निधन हो गया। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने यह जानकारी दी।

सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, ऑपरेशन शेरी कलां के तहत पुंछ सामान्य क्षेत्र में लंबे समय तक चले अभियानों के दौरान चुनौतीपूर्ण और ऊबड़-खाबड़ इलाके में काम करते समय, आज अपराह्न करीब 2.30 बजे, सूबेदार संदीप कुमार ढाका फिसलकर नीचे गिर गए और बेहोश हो गए। इसने कहा, ढाका को तुरंत पोथा स्थित सैन्य अस्पताल ले जाया गया। उन्हें होश में लाने के लिए चिकित्सकों ने तमाम कोशिशें कीं, लेकिन बहादुर जेसीओ ने कर्तव्य निभाते हुए अपनी जान गंवा दी।

सेना ने जेसीओ के अटूट साहस, दृढ़ समर्पण और निःस्वार्थ सेवा की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। व्हाइट नाइट कोर ने कहा, दुख की इस घड़ी में, हम शोकसंतप्त परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं और उस योद्धा की स्मृति का सम्मान करते हैं जिसने अपनी अंतिम सांस तक राष्ट्र की सेवा की।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** आज दिन की शुरुआत काफी अच्छी रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। अपनी बातों को प्रभावी ढंग से रखेंगे।

**तुला** आज आय की अपेक्षा धन अधिक खर्च हो सकता है। वैवाहिक संबंधों में कुछ कड़वाहट आ सकती है। शरीर में पानी की कमी न होने दें।

**वृष** आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। स्वयं के लिए कुछ समय अवश्य निकालें। उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है।

**वृश्चिक** आज आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर होंगे।

**मिथुन** आज निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें। आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में कुछ नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**धनु** आज व्यापार में नया प्रयोग करने से बचें। आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं।

**कर्क** आज आपका मन अत्यधिक प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है।

**मकर** आज कार्यक्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। सामाजिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। व्यापारिक घाटे में कमी आएगी।

**सिंह** आज दूसरे के मामलों में अधिक हस्तक्षेप करना उचित नहीं है। रुके हुए कार्यों को पूर्ण करेंगे। कार्यक्षेत्र में समस्याओं का अनुभव होगा।

**कुंभ** आज आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। व्यवसाय में आपको लाभ हो सकता है। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें।

**कन्या** आज घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर अत्यधिक प्रभाव रहेगा।

**मीन** आज फाइनेंस से जुड़े कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जाएंगे।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 15 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 09 .16 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत। **चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। **ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। **नक्षत्र**- श्रवण 16 मार्च 05 .56 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

## सुडोकू - 88 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 1 |

## सुडोकू -89

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 7 | | 8 | |
| | | 2 | | 9 | | | | 5 |
| | 8 | | | 2 | | 4 | | |
| 4 | 3 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 6 | | | | 3 | | | | 1 |
| | 4 | 9 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 4 | | 2 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 5 | |

# ईरानी नागरिक व कुछ नौसैनिक स्वदेश रवाना

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण भारत में फंसे कई ईरानी नागरिक ईरान की एक चार्टर्ड उड़ान में शुक्रवार रात को कोच्चि हवाई अड्डे से रवाना हुए जिनमें ईरानी दूतावास के कर्मचारी, पर्यटक और कोच्चि बंदरगाह पर लंगर डालने वाले ईरान के युद्धपोत आईआरआईएस लावन के कुछ नौसैनिक शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को पश्चिम एशिया की स्थिति के बारे में विभिन्न मंत्रालयों की ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।

## विचार

### कानूनी कामकाज में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल पर बोले उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ

# न्यायाधीश की नैतिक जिम्मेदारी का स्थान नहीं ले सकता एआई

**हैदराबाद, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने शनिवार को कहा कि बुद्धिमत्तापूर्ण तरीके से इस्तेमाल किए जाने पर कृत्रिम मेधा (एआई) समय बचा सकती है और कानूनी कार्य के कुछ पहलुओं को अधिक प्रबंधनीय बना सकती है, लेकिन यह एक वकील की प्रतिभा, न्यायिक अधिकारी की नैतिक जिम्मेदारी या न्यायाधीश से अपेक्षित अनुशासित निर्णय का स्थान नहीं ले सकती।

### विरोधाभास का बुद्धिमत्तापूर्वक समाधान करना संस्थाओं की जिम्मेदारी

शीर्ष अदालत के न्यायाधीश ने कहा कि यह हमारे युग का विरोधाभास है, लेकिन इस विरोधाभास का बुद्धिमत्तापूर्वक समाधान करना हमारी संस्थाओं की जिम्मेदारी भी है। इसलिए हमारा दृष्टिकोण सैद्धांतिक अनुकूलन का होना चाहिए। हमें प्रौद्योगिकी को केवल इसलिए अस्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि यह नई है। हमें इसे अंधाधुंध स्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि यह कारगर है।उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था का भविष्य केवल प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण से सुरक्षित नहीं होगा। यह सुनिश्चित करने से सुरक्षित होगा कि प्रौद्योगिकी कानूनी व्यवस्था के मूलभूत आदर्शों से जुड़ी रहे। उच्चतम न्यायालय के एक अन्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और तेलंगाना हाईकोर्ट के सीजे न्यायमूर्ति अपारेश कुमार सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी किसी नोट का मसौदा तैयार करने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने उच्चतम न्यायालय में भी कृत्रिम मेधा से उत्पन्न सामग्री के लापरवाहीपूर्वक उपयोग के मामलों पर चिंता व्यक्त जताई, जिनमें ऐसे उद्धरणों और संदर्भों का उल्लेख शामिल है जो अस्तित्व में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि झूठे उद्धरण केवल तकनीकी त्रुटियां नहीं हैं, वे कानूनी दलीलों की शुचिता और स्वयं न्याय प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर प्रहार करते हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा, लेकिन एक उपकरण को उपकरण ही रहना चाहिए। यह एक वकील के प्रशिक्षित दिमाग, अदालत के अधिकारी की नैतिक जिम्मेदारी या न्यायाधीश से अपेक्षित अनुशासित निर्णय का स्थान नहीं ले सकता।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी किसी नोट का मसौदा तैयार करने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। साथ ही कहा कि, एआई के दुरुपयोग से हमें इसके विपरीत चरम सीमा तक नहीं पहुंचना चाहिए।



वह आईपीएल के आने वाले सत्र में वह दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स अपने आईपीएल 2026 सत्र की शुरुआत एक अप्रैल को लखनऊ में इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच से करेगा

-केविन पीटरसन



## हाईलाइट

### किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना नहीं लगाया गया : पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को कहा कि उसने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहने के कारण टीम के किसी भी सदस्य पर जुर्माना नहीं लगाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की टीम के सुपर आठ चरण से बाहर होने के बाद खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया गया, लेकिन पीसीबी के प्रवक्ता आमिर मीर ने इसका खंडन किया। मीर ने यहां पत्रकारों से कहा, किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना नहीं लगाया गया है, लेकिन बोर्ड खिलाड़ियों के लिए एक फार्मूला तैयार करने के बारे में सोच रहा है क्योंकि अच्छा प्रदर्शन करने पर उन्हें अच्छी प्रोत्साहन राशि मिलती है।

### लोकेश ने नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत के युवा एथलीट लोकेश सत्यनाथन ने अर्कांसस के फेयेटविले में एनसीएए इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतकर अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 8.21 मीटर की छलांग लगाकर नया इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इससे वहां लंबी कूद के भारत के स्टार एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन (8.42 मीटर) और मुरली श्रीशंकर (8.41 मीटर) के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। टार्लेटन स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेल रहे लोकेश ने अपने चौथे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके पहला स्थान हासिल किया।

### भारत महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में हारा

**हैदराबाद।** भारत को एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में शनिवार को इंग्लैंड से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद टीम ने इस साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। यह विश्व कप नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित होगा। दुनिया की छठे नंबर की टीम इंग्लैंड के लिए ग्रेस बाल्सडन ने 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पहला गोल किया। इसके बाद 43वें मिनट में एलिजाबेथ नील ने मैदानी गोल कर इंग्लैंड की बढ़त 2-0 कर दी। भारतीय टीम ने पूरी कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुई।



# कुलदीप यादव ने वंशिका संग लिए सात फेरे

खेल डेस्क

- बरारियों में पंडित धीरेंद्र शास्त्री भी शामिल
- रोल्स-रॉयस विंटेज कार से पहुंचे कुलदीप
- तिलक वर्मा और मोहम्मद कैफ परिवार के साथ पहुंचे

**अमृत विचार।** भारतीय क्रिकेट टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव शादी के बंधन में बंध गए। उन्होंने बचपन की मित्र वंशिका चड्ढा के साथ विवाह रचाया। शादी समारोह उत्तराखंड के मसूरी स्थित सेवाय होटल में तीन दिनों से चल रहा है। रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद कैफ के अलावा क्रिकेट जगत से जानी-मानी हस्तियां समारोह में शामिल होने पहुंची। खास मेहमानों में बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्णा शास्त्री 1.5 करोड़ की गाड़ी से पहुंचे। शादी के बाद 17 मार्च को लखनऊ के फाइव स्टार होटल में रिसेप्शन का



कार्यक्रम है। इससे पहले 13 मार्च को मसूरी के होटल में हल्दी और मेहंदी की रस्म हुई थी।

**'रोल्स-रॉयस' विंटेज कार से कुलदीप ने ली एंट्री :** शादी को यादगार बनाने के लिए बारात की एंट्री अलग अंदाज में कराई गई। इसके लिए दूल्हे कुलदीप यादव की बारात में घोड़ी के साथ-साथ एक रॉयल विंटेज कार 'रोल्स-रॉयस' भी मंगाई गई है।

**अफगानी और पहाड़ी व्यंजन परोसे गए :** विवाह समारोह में मेहमानों के लिए खास दावत रखी गई। डिनर में अफगानी व्यंजनों से लेकर उत्तराखंड के पहाड़ी व्यंजन शामिल रहेंगे। शादी के दौरान भव्य आतिशबाजी का भी हुआ।

**द सेवाय होटल में शाही इंतजाम :** कुलदीप यादव और वंशिका की शादी को खास बनाने के लिए मसूरी के 'द सेवॉय' होटल में शाही इंतजाम किए गए। होटल मैनेजमेंट ने शादी के पलों को यादगार बनाने के लिए किए सारे प्रयास किए।

**छह हजार रुपये प्रति प्लेट खाना :** शादी में सजवाट के अलावा खाने पर विशेष ध्यान दिया गया। खबरों के मुताबिक खाने की कीमत 6 हजार रुपये प्रति प्लेट रही। वहीं भव्य मंडप और संगीत समारोह खास आकर्षण का केंद्र रहा।

**केकेआर ने कुलदीप यादव को दी शादी की बधाई :** कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम ने कुलदीप यादव को शादी की बधाई दी है. फ्रेंचाइजी ने लिखा है, कुलदीप यादव और वंशिका को शादीशुदा जिंदगी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# टी-20 विश्व कप विजेता टीम को सम्मानित करेगा बीसीसीआई

## नमन पुरस्कार समारोह : कई पुरुष और महिला क्रिकेटरों को मिलेंगे अवॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) रविवार को यहां होने वाले अपने वार्षिक नमन पुरस्कार समारोह के दौरान टी-20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को सम्मानित करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को घोषणा की कि बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 का मुख्य आकर्षण हाल के समय में आईसीसी खिताब जीतने वाली सभी पांच भारतीय टीमों को सम्मानित करना होगा। गौतम गंभीर की कोचिंग वाली टीम आठ मार्च को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीन बार टी20 विश्व कप जीतने ओर खिताब का बचाव करने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई। यही नहीं वह घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है।

इस समारोह में उन अन्य भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने हाल के दिनों में आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। इनमें 2025 में वनडे विश्व कप जीतने वाली सीनियर महिला टीम, 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष टीम, 2026 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम और 2025 में अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने वाली महिला टीम शामिल हैं। बीसीसीआई ने इसके साथ ही कुछ व्यक्तिगत पुरस्कारों की भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की, जिनके बारे में इस सप्ताह की शुरुआत में पहले ही पता चल गया था। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को 2024-25 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) का पॉली उमरीगर पुरस्कार मिलेगा, जबकि स्मृति मंधाना को अपने करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) के रूप में सम्मानित किया जाएगा। पूर्व दिग्गज रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को बोर्ड का सर्वोच्च सम्मान कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई का महिला लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा।



टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम। फाइल फोटो

बिन्नी भारत की 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने बाद में कोच, चयनकर्ता और 2022 से 2025 तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में खेल की सेवा की। द्रविड़ के नाम पर 24,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन दर्ज हैं। भारत के महानतम बल्लेबाजों में शामिल द्रविड़ ने भारतीय टीम के मुख्य कोच की भूमिका भी निभाई। उनके कोच रहते हुए भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप जीता था।

पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में इरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू) के लिए जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि शेफाली वर्मा को सीनियर घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के रूप में सम्मानित किया जाएगा। आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ पुरस्कार मिलेगा। विदर्भ के हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का पुरस्कार दिया जाएगा। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली राज्य एसोसिएशन का पुरस्कार मिलेगा। उसकी टीम ने इस सत्र में चार खिताब जीते और वह दो प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही।

# आईपीएल में धोनी का हो सकता है यह अंतिम सत्र

नई दिल्ली, एजेंसी



- पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने लगाए कयास

भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से एक खिलाड़ी के रूप में यह अंतिम सत्र हो सकता है। जैसे-जैसे 2026 का आईपीएल करीब आ रहा है, धोनी के संन्यास को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गई हैं। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को लेकर अपनी टीम से जुड़ा है जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि धोनी इस बार खेल के मैदान पर कम दिखेंगे और वह मेंटोर की भूमिका निभा सकते हैं।

इरफान ने कहा धोनी के बिना सीएसके की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हो सकता है कि इस सत्र में हम उन्हें आखिरी बार पीली जर्सी में देखें। लेकिन उनके बिना सीएसके और आईपीएल की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा आईपीएल शुरू होने के साथ ही हम धोनी को फिर से खेलते हुए देखने लगते हैं। इसका मतलब है कि वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं और वह काफी फिट भी दिख रहे हैं। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में सीएसके शिविर में शामिल हो चुका है और अभ्यास कर रहा है।

### श्रेयस व सॉल्ट को जाने देना केकेआर का गलत फैसला: कुंबले

**मुंबई।** महान क्रिकेटर अनिल कुंबले ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2024 में खिताब जीतने के बाद श्रेयस अय्यर और फिल सॉल्ट को जाने देकर गलत फैसला किया। उन्होंने कहा कि जब तक तीन बार की आईपीएल चैंपियन टीम अहम खिलाड़ियों को अपने पास बनाए रखने की अहमियत नहीं समझेगी तब तक उसे खिताब का गंभीर दावेदार नहीं माना जा सकता। अय्यर केकेआर छोड़कर पंजाब किंग्स में शामिल हो गए जिसकी कप्तानी करते हुए उन्होंने पिछले सत्र में करीब एक दशक बाद टीम को पहली बार आईपीएल फाइनल में पहुंचाया।

# मयंक चक्रवर्ती ने रचा इतिहास

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्वोत्तर से पहले और भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बने



प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी मयंक चक्रवर्ती ने अपने उभरते करियर की आखिरी बाधा पार करते हुए अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर लिया, जिससे वह भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बन गए। वह के पूर्वोत्तर से यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

असम के गुवाहाटी के रहने वाले 17 वर्षीय चक्रवर्ती 2024 में इंटरनेशनल मास्टर बने थे। उन्होंने 'होटल स्टॉकहोम नॉर्थ बाय फर्स्ट होटल्स चेस टैलेंट्स टूर्नामेंट' के आठवें दौर में एक दौर बाकी रहते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने इस दौर में स्वीडिश आईएम फिलिप लिंडग्रेन को हराया। लिंडग्रेन पर जीत के दौरान चक्रवर्ती अपने खेल के चरम पर थे। उन्होंने जरूरी 6.5 अंक जुटाए जो उनका अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म पक्का करने के लिए काफी थे।

आखिरी दौर में उन्होंने इंग्लिश इंटरनेशनल मास्टर जोना बी विलो के साथ एक रोमांचक ड्रॉ खेला और इस तरह अपने अब तक के सबसे यादगार प्रदर्शन पर मुहर लगा दी। इस प्रक्रिया में चक्रवर्ती ने 2500 ईएलको रेटिंग का अहम आंकड़ा भी पार कर लिया। उनकी मौजूदा रेटिंग इस सीमा से कुछ अंक ऊपर है जिससे अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के नियमों के अनुसार उनका ग्रैंडमास्टर खिताब पक्का हो गया है। चक्रवर्ती ने इस दौरान एक बाजी गंवाई, दो ड्रॉ खेले और बाकी छह बाजियां जीती। इस तरह उन्होंने कुल नौ में से सात अंक हासिल किए। साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट का खिताब भी अपने नाम कर लिया।

# स्विस ओपन में भारतीय चुनौती खत्म

**बासेल।** भारत के थारुन मन्नेपल्ली के इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग से तीन गेम तक चले क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में हारने के साथ ही स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई।

विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी मन्नेपल्ली को 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट में गिंटिंग से 19-21 21-19 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। गिंटिंग ने शुरुआत में ही 6-2 की बढ़त बना ली, हालांकि मन्नेपल्ली ने वापसी की पर इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने जीत हासिल कर ली।

# सबालेंका और रिबाकिना में होगा खिताबी मुकाबला

इंडियन वेल्स, एजेंसी

दो बार उपविजेता रह चुकीं एरिना सबालेंका ने लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया।

बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका ने शुक्रवार रात बीएनपी पारिबास ओपन में नोस्कोवा को एक घंटे 28 मिनट में हराया। रविवार को फाइनल में उनका मुकाबला कजाकिस्तान की तीसरे नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना से होगा। रिबाकिना ने दूसरे सेमीफाइनल में यूक्रेन की नौवें नंबर की खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना को





एरिना सबालेंका व एलेना रयबाकिना।

7-5, 6-4 से हराया। सबालेंका को 2026 में एकमात्र हार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में रिबाकिना से मिली थी।

सबालेंका निश्चित रूप से उस हार का बदला लेने के साथ इंडियन वेल्स के फाइनल में अपने 0-2 के रिकॉर्ड में सुधार करना चाहेगी। सबालेंका ने कहा मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि मैं रविवार को पूरी तरह से तैयार रहूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलूंगी और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करुंगी कि इस साल मेरा दबदबा रहे।

### भांबरी-गोरानसन का सफर सेमीफाइनल में थमा

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी : भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के उनके साथी आंद्रे गोरानसन का कैलिफोर्निया में खेले जा रहे इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में शानदार अभियान सेमीफाइनल में हारने के साथ समाप्त हो गया। भांबरी और गोरानसन की गैरवरीय जोड़ी फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच और मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट से 5-7, 7-6(7), 5-10 से हार गई। यह एक कड़ा मुकाबला था जिसका फैसला टाईब्रेकर से हुआ। भांबरी और गोरानसन पहले सेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। उन्होंने दूसरे सेट में बेहतर खेल दिखाया और टाईब्रेकर में जीत दर्ज करके मुकाबला को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया।

आग्रह

बैडमिंटन विश्व महासंघ ने वर्तमान तीन गेमों वाली 21 अंक की प्रणाली को 15 अंक में बदलने का किया है प्रस्ताव

# अंक प्रणाली में बदलाव पर सतर्कता बरतनी चाहिए : साइना

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) से स्कोरिंग में प्रस्तावित बदलाव पर सतर्कता बरतने का आग्रह किया है और उनका मानना है कि वर्तमान की 21 अंक की प्रणाली खेल की गति और दमखम बनाए रखती है।

बैडमिंटन की विश्व में सर्वोच्च संस्था बीडब्ल्यूएफ ने वर्तमान तीन गेम वाली 21 अंक की प्रणाली को तीन गेम की 15 अंक वाली प्रणाली में बदलने का प्रस्ताव किया है। इस बदलाव पर सदस्य 25 अप्रैल को डेनमार्क के होर्सेंस में बीडब्ल्यूएफ की वार्षिक आम बैठक में मतदान करेंगे। साइना ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा बैडमिंटन की परंपरा समृद्ध है तथा ऑल इंग्लैंड ओपन और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की गति और सहनशक्ति की परीक्षा होती है। उन्होंने कहा



- वर्तमान प्रारूप का किया समर्थन, बोलीं- इसमें बनी रहती है खेल की गति व दमखम

स्कोरिंग या प्रारूप में किसी भी तरह के बदलाव पर सतर्कता पूर्वक विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान की 21 अंक वाली प्रणाली अच्छा काम कर रही है और खिलाड़ी इससे अच्छी तरह तालमेल बिठा चुके हैं।

साइना ने कहा यदि कुछ बदलाव किए भी जाते हैं तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रैलियों की गुणवत्ता और खेल के प्रतिस्पर्धी संतुलन पर कोई असर न पड़े। निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और खेल भावना पर ही ध्यान केंद्रित रहना चाहिए।'''' बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के लिए प्रस्तावित नए प्रारूप के अनुसार एशिया और यूरोप में होने वाले पांच सुपर 1000 टूर्नामेंटों में एकल वर्ग में एक नया प्रारूप लागू किया जाएगा, जिसमें 48 खिलाड़ी ग्रुप चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे और उसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। युगल स्पर्धाओं में 32 जोड़ियों के नॉकआउट ड्रॉ होंगे। प्रत्येक सुपर 1000 टूर्नामेंट 11 दिन तक चलेगा। साइना का मानना है कि बीडब्ल्यूएफ को खिलाड़ियों के कल्याण को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उनका मानना है कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण आराम के लिए बहुत कम समय बचता है और इससे खिलाड़ियों के चोटिल होने और उन पर थकान हावी होने की संभावना बनी रहती है।

### बैडमिंटन शारीरिक व मानसिक दोनों दृष्टि से मुश्किल खेल

साइना नेहवाल ने कहा बैडमिंटन शारीरिक और मानसिक दोनों दृष्टि से मुश्किल खेल रहा है। इसमें लंबी रैलियां होती हैं और खिलाड़ी लगभग प्रत्येक सप्ताह टूर्नामेंट में खेलते हैं। बीडब्ल्यूएफ ने कैलेंडर को व्यवस्थित करने की कोशिश की है लेकिन एक खिलाड़ी के लिए रिकवरी का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। चोटें और थकान प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं और करियर को भी छोटा कर सकती हैं। साइना ने लक्ष्य सेन की अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए सराहना की जो पिछले सप्ताह ऑल इंग्लैंड ओपन में पुरुष एकल में उपविजेता रहे थे। यह दूसरा मौका था जबकि लक्ष्य सेन इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने कहा, ऑल इंग्लैंड ओपन जैसी बड़ी प्रतियोगिता के फाइनल में दो बार जगह बनाना बड़ी उपलब्धि है। यह शुरू से बैडमिंटन का प्रमुख टूर्नामेंट रहा है।


